चैत्र मास, शुक्ल पक्ष 6, वर्ष 11, अंक 334, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, सोमवार, 27 मार्च, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अन्दर : 'वर्ल्ड हैप्पीनेस' में शर्मनाक रैंकिंग

अन्दर : सात्विक-चिराग ने बैडमिंटन में रचा इतिहास, जीता स्विस ओपन का खिताब



नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# सत्याग्रह नहीं कर सकते भ्रष्टाचारी

## कांग्रेस के सत्याग्रह कार्यक्रम पर सीएम योगी का तंज, जो सत्य के मार्ग पर चलता हो वही इसके लायक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना पशुधन के क्षेत्र में नए युग का सूत्रपात है। उन्होंने कहा कि 520 मोबाइल वेटरनरी वैन आज से प्रदेश के सभी जनपदों में पशुपालकों के लिए उपलब्ध रहेंगी। हम लोग देखते थे कि कोई जानवर बीमार हैं तो उसे समय पर इलाज नहीं मिल पाता था। किसी गोवंश का एक्सिडेंट हो जाता था तो समय पर उसे डॉक्टर नहीं मिल पाते थे। इससे उन पशुओं का इलाज हो पाएगा। यह योजना वास्तव में उत्तर प्रदेश के पशुधन संरक्षण और संवर्धन के नए अध्याय की शुरूआत है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से पिछले छह वर्ष में हमारी सरकार ने गोवंश के संरक्षण और संवर्धन में अनेक प्रयास किए हैं। अन्नदाता किसानों के जीवन में परिवर्तन हो, उनकी आमदनी बढ़े इसके लिए तो प्रयास हुए ही साथ ही साथ किसानों की फसलों को भी सुरक्षित रखने के लिए प्रदेश के पशुधन विभाग द्वारा अनेक कार्यक्रम प्रारम्भ किए गए, जिनकी लंबी श्रृंखला है।

**निशाना**

**अब एक कॉल पर यूपी के बीमार पशुधन के लिए उपलब्ध होंगे डॉक्टर, सीएम योगी ने दिखाई हरी झंडी**

**सीएम योगी ने 520 मोबाइल वेटरनरी यूनिट की दी सौगात, जारी किया टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर**

कार्यक्रम से ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाम न लेकर इशारों-इशारों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के राजघाट पर सत्याग्रह करने की घोषणा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को कमजोर करने वाला व्यक्ति सत्याग्रह नहीं कर सकता। आकंठ भ्रष्टाचार में डूबने वाले लोग सत्याग्रह नहीं कर सकते। जातिवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद, को बढ़ावा देने वाले सत्याग्रह नहीं कर सकते। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने विपक्षियों पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो असत्य के मार्ग पर चलते हो, जिनकी कथनी करनी में फर्क हो और जो कहते कुछ हैं और करते कुछ हों उन पर भला कोई विश्वास क्यों करेगा। बापू ने सत्याग्रह के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी थी। सत्याग्रह पर केवल वही चल सकता है जो मन, वचन और कर्म से इस लायक हो और सत्य के मार्ग पर चलता हो। यहां तक कि देश की निंदा करने और सेना के बहादुर जवानों के प्रति श्रद्धा का भाव न रखने वाले लोग सत्याग्रह नहीं कर सकते। मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को भारत सरकार के सहयोग से शुरू हुई पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना के अंतर्गत 201 करोड़ रूपए की लागत से 520 मोबाइल वेटरनरी यूनिट के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के साथ मिलकर पशुओं के नस्ल सुधार के एक बड़े अभियान को हम लोग आगे बढ़ा रहे हैं। निराश्रित गोवंश के संरक्षण के 6 हजार 600 से अधिक आश्रय स्थल प्रदेश में स्थापित किए गए हैं। प्रदेश के अंदर कुल 12 लाख गोवंश हैं, उनमें से 11 लाख के संरक्षण की जिम्मेदारी प्रदेश सरकार उठा रही है, जिसमें प्रति गोवंश सरकार नौ सौ रुपए दे रही है। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार गोवंश संरक्षण के लिए तीन प्रकार की योजना चला रही है। पहली योजना के अंतर्गत निराश्रित गो आश्रय स्थलों में 10 लाख के आस-पास गोवंश को रखकर उनकी सेवा की जा रही है। दूसरा कार्यक्रम मुख्यमंत्री सहभागित योजना है। इसके तहत कोई भी किसान अपने घर में चार गोवंश रख सकता है, सरकार उसे नौ सौ रुपए प्रति गोवंश हर माह डीबीटी के माध्यम से दे रही है। तीसरी योजना के तहत कुपोषित परिवारों को हम गोवंश उपलब्ध करा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आजादी के बाद किसी ने सोचा नहीं होगा कि यहां के पशुपालकों द्वारा उत्पादित होने वाले दुग्ध को वैश्विक बाजार में स्थान क्यों नहीं मिल पा रहा है। उसका कारण था बीमार पशुओं के दुग्ध के नमूने फेल हो जाते थे।




### कैसे मिलेगा योजना का लाभ

प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि पशु उपचार, पशुपालक के द्वार योजना भारत सरकार के सहयोग से संचालित हो रही है। सरकार द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही इस योजना में पशुपालकों से केवल उनके पशुओं के पंजीकरण का शुल्क लिया जाएगा। टोल फ्री नंबर पर कॉल के एक घंटे के अंदर ही मोबाइल वेटरनरी यूनिट पशुपालक के द्वार पर होगी। योजना के लिए प्रदेश को पांच जोन (लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर आगरा और मेरठ) में बांटा गया है, जिन्हें पांच ऑपरेटर संचालित करेंगे। जनपदों में सभी मोबाइल वेटरनरी यूनिट हाइब्रिड मॉडल पर संचालित होंगी जो देश में अपने तरह का अनूठा मॉडल है। जनपद में 50 प्रतिशत वाहन निर्धारित रूट पर चलेंगे, जबकि 50 प्रतिशत वाहन इमरजेंसी सेवाओं के लिए टोल फ्री नंबर 1962 के माध्यम से संचालित होंगे। इमरजेंसी सेवाएं प्रातः 10 बजे से आठ बजे तक संचालित होंगी। वहीं निर्धारित रूट पर संचालित होने वाली वैन प्रातः आठ बजे से दोपहर दो बजे तक कार्य करेंगी। निदेशालय में स्थापित एकीकृत कंट्रोल एवं कमांड सेंटर द्वारा सभी मोबाइल वेटरनरी यूनिट की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी।

## सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी की सक्रिय राजनीति में एंट्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रह चुकीं दिवंगत सुषमा स्वराज की बेटी सक्रिय राजनीति में एंट्री कर चुकी हैं। प्रदेश भाजपा ने उन्हें लीगल सेल का को-कन्वीनर नियुक्त किया है। बांसुरी स्वराज को पार्टी में पहली बार पद मिला है। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से किया है, जो प्रदेश अध्यक्ष की तरफ से बांसुरी की पहली नियुक्ति भी है। सक्रिय राजनीति में आने के साथ ही बांसुरी ने ट्वीट कर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया। ट्वीट में लिखा कि प्रदेश भाजपा विधि प्रकोष्ठ में प्रदेश सह-संयोजक के रूप में पार्टी की सेवा करने का अवसर प्रदान करने के लिए आदरणीय पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महामंत्री बीएल संतोष और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की अत्यंत आभारी हूं।









## 15 आईपीएस का तबादला

**लखनऊ।** डीजीपी मुख्यालय ने रविवार को 15 आईपीएस का तबादला कर दिया। कई अधिकारियों को उनकी तैनाती वाले स्थान पर ही प्रोन्नत पद पर भेजा गया है। डीजीपी मुख्यालय के प्रवक्ता के मुताबिक डीजीपी के जीएसओ और एडीजी पुलिस मुख्यालय का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे एन. रविन्दर को एडीजी पुलिस मुख्यालय बना दिया गया है। जबकि डीजीपी के जीएसओ का उनको अब अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। पीएसी पश्चिमी जोन के आईजी अमित चंद्रा को मुरादाबाद में एडीजी पीटीसी के पद पर भेजा गया है। वे इस पद पर वर्तमान में तैनात एडीजी रवि जोसेफ लोक्कू के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर कार्यमुक्त होने के बाद कार्यभार ग्रहण करेंगे। कानपुर में डीआईजी पीएसी रामलाल वर्मा को ईओडब्ल्यू, लखनऊ में आईजी पश्चिमी बनाया गया है। अयोध्या में डीआईजी पीएसी अनिल कुमार को प्रयागराज में आईजी पीएसी पूर्वी जोन बनाया गया है। बस्ती रेंज के डीआईजी रामकृष्ण भारद्वाज को अब आईजी रेंज बस्ती बनाया गया है। इसी तरह गोरखपुर रेंज के डीआईजी जे. रविन्दर गौड़ को भी वहां आईजी बना दिया गया है। डीआईजी यातायात एवं सड़क सुरक्षा सुभाष चंद्र दुबे को आईजी यातायात बना दिया गया है। आजमगढ़ रेंज के डीआईजी अखिलेश कुमार को भी आजमगढ़ का आईजी रेंज बना दिया गया है। आगरा पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त केशव कुमार चौधरी को वहीं अपर पुलिस आयुक्त बना दिया गया है। पुलिस मुख्यालय में एसपी मुख्यालय अनीस अहमद अंसारी को भी डीआईजी बना दिया गया है। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त शिवा सिम्पी चनप्पा को वाराणसी कमिश्नरेट में अपर पुलिस आयुक्त बनाया गया है। गाजियाबाद कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त को वहीं पर अपर पुलिस आयुक्त बना दिया गया है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन में एसपी बबलू कुमार को वहीं डीआईजी बना दिया गया है। आरटीसी चुनार में एडिशनल एसपी ब्रजेश कुमार मिश्रा को पीटीएस सुल्तानपुर में एसपी बनाया गया है। बरेली स्थित 8वीं वाहिनी पीएसी के उप सेनानायक आशुतोष शुक्ला को मुरादाबाद में एसपी रेलवे बनाया गया है।

**इधर से उधर**

**कई अफसरों को तैनाती की जगह प्रोन्नति वाले पद पर किया गया तैनात**

## लखीमपुर खीरी में कोरोना से हड़कंप

**लखीमपुर।** कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के बीच उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी से बड़ी खबर सामने आई है। जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की 37 छात्राएं कोरोना संक्रमित मिली हैं। शनिवार रात आई रिपोर्ट में इन छात्राओं में संक्रमण की पुष्टि हुई, जिससे विद्यालय और स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। रविवार को सीएमओ के साथ विद्यालय पहुंची स्वास्थ्य टीम ने छात्राओं को विद्यालय में क्वारंटीन कर दवाएं उपलब्ध कराई हैं। इनके संपर्क में आने वाले लोगों के सैंपल लिए जाएंगे।

स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से संक्रमण से बचाव के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने की अपील की है। मतौली कस्बा स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय की एक छात्रा पांच दिन पहले कोरोना संक्रमित मिली थी। कक्षा आठ की छात्रा होली की छुट्टी पर घर गई थी। लौटने के बाद अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। इस पर उसे सीएचसी पर दिखाया गया। जब कोरोना जांच कराई गई तो आरटीपीसीआर रिपोर्ट पॉजिटिव आई।

# मनरेगा श्रमिकों को मोदी सरकार का तोहफा

## वर्ष 2022-23 तक मनरेगा के तहत 1514 करोड़ सक्रिय श्रमिक

**नई दिल्ली।** मनरेगा श्रमिकों के लिए खुशखबरी है। केंद्र मनरेगा के 100 दिनों के काम के लिए मजदूरी बढ़ाने जा रहा है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 24 मार्च को एक अधिसूचना में कहा कि अगले वित्तीय साल से 100 दिनों के काम के लिए वेतन में वृद्धि की जाएगी, लेकिन हर राज्य में ऐसा नहीं होने वाला हरियाणा में 100 दिनों के काम की मजदूरी सबसे अधिक तय की गई है। यहां 357 रुपये प्रति दिन दिहाड़ी तय की गई है। वहीं छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में सबसे कम मजदूरी दी जा रही है, यहां 221 रुपए प्रति दिन दिहाड़ी तय की गई है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 की धारा 6 (1) के तहत जारी अधिसूचना के अनुसार केंद्र इस अधिनियम के लाभार्थियों का वेतन तय कर सकता है। इस बार केंद्र ने अधिसूचना के साथ दैनिक मजदूरी में औसतन 7 रुपये से बढ़ाकर 24 रुपये कर दी है। इसे एक अप्रैल से लागू किया जाएगा।

**बढ़ाई दिहाड़ी**

**राजस्थान में सबसे ज्यादा छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में सबसे कम दिहाड़ी**

**बिहार, झारखंड में 100 दिन के काम की दिहाड़ी में पिछले साल के मुकाबले इस साल आठ फीसदी बढ़ोतरी**

100 दिनों के काम के मामले में पिछले साल की तुलना में इस साल राजस्थान में दिहाड़ी सबसे ज्यादा बढ़ी है। 2022-23 में दिहाड़ी 231 रुपये थी। वित्तीय वर्ष 2023-24 में यह बढ़कर 255 रुपए हो गई है।

बिहार, झारखंड में 100 दिन के काम की दिहाड़ी में पिछले साल के मुकाबले इस साल आठ फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल दिहाड़ी 210 रुपए थी। इस साल बढ़कर 228 रुपए हो गई है। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में देश भर में सबसे कम दिहाड़ी है। हालांकि, इन दोनों राज्यों में पिछले साल की तुलना में दिहाड़ी में 17 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में इन दोनों राज्यों में 100 दिन के काम की दैनिक मजदूरी 204 रुपये थी। कर्नाटक, गोवा, मेघालय, मणिपुर में 100 दिनों के काम की दैनिक मजदूरी बहुत कम दर से बढ़ी। इन सभी राज्यों में 2 से 10 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है। मनरेगा दुनिया के सबसे बड़े कार्य गारंटी कार्यक्रमों में से एक है। योजना का प्राथमिक उद्देश्य किसी भी ग्रामीण परिवार के सार्वजनिक कार्य से संबंधित अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक वयस्क सदस्यों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों के रोजगार की गारंटी देता है। वर्ष 2022-23 तक मनरेगा के तहत 1514 करोड़ सक्रिय श्रमिक हैं।



# इसरो की अंतरिक्ष में ऊंची छलांग

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को एक और इतिहास रचा। रविवार सुबह नौ बजे इसरो के एलवीएम3 रॉकेट ने ब्रिटिश कंपनी वनवेब के 36 उपग्रहों को लेकर उड़ान भरी। सफलतापूर्वक एक साथ 36 उपग्रह लॉन्च करने के पीछे इसरो प्रमुख ने एलवीएम3 रॉकेट को श्रेय दिया है। उन्होंने कहा है कि एलवीएम3 रॉकेट गगनयान के लिए अनुकूल है। इसने अभी तक बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। गौरतलब है कि एलवीएम3 रॉकेट (पूर्व में जियोसिंक्रोनस लॉन्च व्हीकल एमके थ्री), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का अब तक का सबसे भारी लॉन्च वाहन है।

इस सफलता को हासिल करने के बाद मिशन कंट्रोल सेंटर में वैज्ञानिकों को संबोधित करते इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि एलवीएम3 रॉकेट में गगनयान मिशन के लिए जरूरी लॉन्चरों की तरह ही एस200 मोटर्स लगाए गए थे। उन्होंने कहा कि इस रॉकेट (एलवीएम3-एम3) में एस200 मोटर्स भी हैं जिन्हें बढ़े हुए मार्जिन और विशेषताओं के साथ डिजाइन किया गया है। यह गगनयान कॉन्फिगरेशन के अनुकूल हैं। इसरो प्रमुख ने कहा हमें खुशी है कि इसने इस मिशन में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने आगे कहा कि इस रॉकेट में और भी कई सुधार किए गए हैं, जिनका उद्देश्य इसे अन्य चरणों और प्रणालियों में भी मानव-रेटेड बनाना है। मैं गगनयान मिशन की दिशा में भी हो रही प्रगति को देखकर बहुत खुश हूं।

गौरतलब है कि इसरो ने अगले साल जून में चंद्रयान -3 मिशन को चंद्रमा पर लॉन्च करने की योजना बनाई है। इसके तहत गगनयान मिशन में तीन सदस्यों के एक दल को तीन दिवसीय मिशन के लिए 400 किमी की कक्षा में भेजा जाएगा। इस मिशन को 2024 की चौथी तिमाही में लॉन्च करने का लक्ष्य रखा गया है। भविष्य के मिशनों के बारे में बोलते हुए इसरो प्रमुख सोमनाथ ने कहा कि हमारे वैज्ञानिक अप्रैल में एक ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान के व्यावसायिक प्रक्षेपण की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम जल्द ही अगले लॉन्च अभियान के लिए तैयार हो रहे हैं। इसलिए, सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा बाद के लॉन्च मिशन के लिए काफी काम करने वाला है। इस दौरान इसरो प्रमुख ने केंद्र सरकार का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर मैं हमारे प्रधान मंत्री और साथ ही सरकार को लॉन्च व्हीकल को वाणिज्यिक लॉन्च के लिए उपलब्ध कराने में हमारा समर्थन करने के लिए धन्यवाद देता हूं।



**उपलब्धि**

**लांच किया देश का सबसे बड़ा रॉकेट, वनवेब इंडिया-2 मिशन के तहत 36 उपग्रह तय कक्षा में स्थापित**

# यूपी की आईएएस अफसर के पति गिरफ्तार

**नोयडा।** यूपी की आईएएस अफसर अपर्णा यू के पति जीबीएस भास्कर को करीब 3,300 करोड़ के घोटाले मामले में आंध्र प्रदेश सीआईडी की टीम नोएडा से गिरफ्तार कर ले गई। भास्कर को आंध्र पुलिस 16 मार्च को गिरफ्तार कर तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर हैदराबाद ले गई। भास्कर पर सरकारी योजना में फजीवाड़ा कर धन जुटाने का आरोप है। घोटाले के वक्त अपर्णा यू प्रतिनियुक्ति पर आंध्र के कौशल विकास विभाग में तैनात थीं। उस समय कौशल विकास परियोजना के लिए सीमेंस इंडस्ट्री सॉफ्टवेयर प्रा. लि से 58 करोड़ में सॉफ्टवेयर खरीदा गया था। भास्कर तब कंपनी के नोएडा कार्यालय में कार्यरत थे। आरोप के अनुसार, दस्तावेज फजीवाड़ा कर सॉफ्टवेयर की मनमानी कीमत दर्ज कर दी गई। तत्कालीन आंध्र सरकार ने प्रोजेक्ट की 10 फीसदी राशि और टैक्स मिलाकर करीब 371 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया था। अपर्णा यू अभी यूपी में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक हैं।

**कार्रवाई**

**जीबीएस भास्कर को करीब 3,300 करोड़ के घोटाले मामले में आंध्र प्रदेश सीआईडी की टीम ले गई हैदराबाद**

करीब 3300 करोड़ के घोटाले के मामले में आईएएस अपर्णा यू के पति जीबीएस भास्कर की नोएडा से गिरफ्तारी के बाद आंध्र प्रदेश सीआईडी की टीम ने शनिवार को एक बार फिर दबिश दी। सीआईडी के चार सदस्यीय टीम सेक्टर-50 आलोक विहार-1 स्थित आईएएस के फ्लैट पर पहुंची। जहां ताला लगा देखकर टीम लौट गई। भास्कर को आंध्र प्रदेश पुलिस 16 मार्च को नोएडा से गिरफ्तार कर ले गई थी। आशंका जताई जा रही है कि जीबीएस भास्कर से पूछताछ के बाद साक्ष्य जुटाने या किसी अन्य की गिरफ्तारी के लिए टीम ने दबिश दी थी। वहीं इस बात की आशंका से भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि टीम आईएएस से पूछताछ के लिए पहुंची हो। हालांकि इस मामले में स्थानीय पुलिस अधिकारी का कहना है कि अपर्णा यू लखनऊ में रहती हैं और घोटाले के केस में उनका नाम शामिल नहीं है। प्रदेश में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अपर्णा यू के पति जीबीएस भास्कर को आंध्र प्रदेश सीआईडी ने 16 मार्च को नोएडा से गिरफ्तार किया था। बताया गया है कि सीआईडी टीम ने भास्कर को सूरजपुर स्थित न्यायालय में पेश कर चार दिन की ट्रांजिट रिमांड मांगी थी। न्यायालय के तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड देने के बाद पुलिस टीम उन्हें हैदराबाद ले गई थी। भास्कर से पूछताछ के बाद सीआईडी टीम एक बार फिर शनिवार को नोएडा पहुंची। सेक्टर-49 कोतवाली में आमद दर्ज कराने के बाद स्थानीय पुलिस के साथ सीआईडी की टीम सेक्टर-50 स्थित आलोक विहार-1 स्थित उनके फ्लैट पहुंची थी।

## राहुल गांधी ने बदला ट्विटर बायो लिखा-डिस्क्वालीफाइड एमपी

**नई दिल्ली।** सूरत की अदालत से दो साल की सजा और फिर लोकसभा की सदस्यता रद्द होने के बाद से कांग्रेस नेता राहुल गांधी भाजपा सरकार पर हमलावर हैं। रविवार को राहुल के समर्थन में देशभर में कांग्रेस कार्यकर्ता सत्याग्रह कर रहे हैं। इस बीच, राहुल गांधी ने भी अनोखे अंदाज में अपना विरोध दर्ज किया। राहुल ने अपना ट्विटर अकाउंट का बायो अपडेट किया है। मतलब ट्विटर पर खुद की दी गई जानकारी को राहुल ने बदला है। इसमें उन्होंने खुद को अयोग्य सांसद लिख दिया है। राहुल के ट्विटर अकाउंट पर लिखा है, 'ये राहुल गांधी का आधिकारिक अकाउंट है। सदस्य, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस।' इसके बाद सबसे अंत में उन्होंने लिखा है, 'अयोग्य सांसद'। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के बाद शनिवार को कहा कि वह लोकतंत्र की लड़ाई लड़ रहे हैं और डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा अडाणी समूह से जुड़े सवालों से ध्यान भटकाने के लिए उन पर ओबीसी समुदाय के अपमान का आरोप लगा रही है।

**लोकसभा सदस्यता रद होने के बाद पूरे देश में कांग्रेस का सत्याग्रह आंदोलन**

# माफिया की बढ़ी धड़कन, साबरमती से प्रयागराज रवाना

## अहमदाबाद से चला काफिला, डीसीपी अभिषेक भारती को अतीक को लाने की जिम्मेदारी

**अहमदाबाद।** माफिया अतीक अहमद को प्रयागराज पुलिस साबरमती जेल से प्रयागराज लाएगी। पुलिस की एक टीम शनिवार को साबरमती जेल पहुंची। अतीक को सड़क के रास्ते प्रयागराज के लिए रवाना हो गई है। अतीक को लाने के लिए 40 सदस्यीय पुलिस टीम को भेजा गया है। सूत्रों के मुताबिक उमेश पाल अपहरण कांड में 28 मार्च को सजा का ऐलान हो सकता है। इसी कारण प्रयागराज पुलिस की एक टीम शनिवार को साबरमती जेल पहुंची। जेल अधिकारियों को केस के बारे में जानकारी देकर 28 मार्च की पेशी के बारे में भी बताया गया। इसके बाद अतीक अहमद प्रयागराज लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई। अतीक अहमद को सड़क के रास्ते प्रयागराज लाया जाएगा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक यात्रा में कम से कम 24 घंटे की होगी। प्रयागराज पुलिस लाइन से दो प्रिजन वैन भेजी गई है। बताया जा रहा है कि 40 सदस्यीय पुलिस टीम भेजी गई है। माफिया को लेकर पुलिस प्रयागराज के लिए रवाना हो गई है। उसे लेकर पुलिस 1270 किलोमीटर की दूरी करीब 21 घंटे में तय करेगी। रास्ते में पड़ने वाले सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को इस बारे में एलर्ट किया गया है। सूत्रों के अनुसार अतीक अहमद यूपी आने में आनाकानी कर रहा था। अदालत का आदेश होने के कारण पुलिस उसे किसी भी तरह से लेकर यूपी आने के लिए कमर कस चुकी है। अतीक अहमद को साबरमती जेल से यूपी लाने की जिम्मेदारी आईपीएस अभिषेक भारती को मिली है। अभिषेक भारती वर्तमान में डीसीपी गंगानगर के पद पर तैनात हैं। उनके नेतृत्व में तीन एसीपी और 40 पुलिसकर्मियों का दस्ता साबरमती जेल पहुंचा है। दो प्रिजन वैन और तीन चार पहिया गाड़ियों से पुलिस की टीम साबरमती जेल पहुंची है। अतीक अहमद के छोटे भाई अशरफ को भी पुलिस बरेली जेल से प्रयागराज ला सकती है। सूत्रों के मुताबिक सजा के ऐलान के समय वह भी अतीक अहमद के साथ कटघरे में मौजूद रहेगा। उमेश पाल हत्याकांड के मामले में अतीक अहमद, उसके भाई अशरफ, पत्नी शाइस्ता परवीन, पुत्र असद, अली, उमर, शूटर, गुलाम, साबिर, मुस्लिम गुड्डू आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। डीजी (जेल) आनंद कुमार ने कहा कि अतीक को प्रयागराज जेल की हाई-सिक्योरिटी बैरक में रखा जाएगा। उसके सेल में सीसीटीवी कैमरा होगा। जेल कर्मचारियों को उनके रिकॉर्ड के आधार पर चुना और तैनात किया जाएगा। उनके पास बॉडी वियर कैमरे होंगे। जेल मुख्यालय वीडियो वॉल के माध्यम से चौबीसों घंटे उसकी निगरानी करेगा।

**सख्ती**

**अतीक को लेकर रवाना हुए यूपी पुलिस के 40 जवान**

**अशरफ को भी बरेली जेल से ला सकती है पुलिस, वह भी आरोपी**




**अखिलेश ने कसा तंज**

उधर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक सवाल के जवाब में यूपी सरकार पर तंज कसते हुए कहा, 'मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने मंत्रियों को बता दिया होगा कि गाड़ी पलट जाएगी। तभी उनके मंत्री ऐसे बयान दे रहे हैं।

# निषादराज और भगवान राम की मित्रता ने विश्व को नई सीख दी : डॉ. संजय निषाद

**जयंती**

**श्रृंगवेरपुर में त्रेता युग के राजा गुंहराज निषाद की जयंती पर हुए आयोजन**

**देश और प्रदेशभर के लाख से अधिक निषाद वंसज श्रृंगवेरपुर धाम पहुंचे**


श्रृंगवेरपुर में निषादराज की जयंती पर उपस्थित कैबिनेट मंत्री डा. संजय निषाद व उपस्थित भीड़

**लालगोपालगंज।** श्रृंगवेरपुर में त्रेता युग के राजा गुंहराज निषादराज की जयंती के अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डा. संजय निषाद एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के साथ लाखो निषाद वंसज का आगमन श्रृंग्वेरपुर धाम में हुआ। डीजे की धुन पर शोभायात्रा निकाली गई, जहां निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत अन्य जनप्रतिनिधि झूमते नजर आए। जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा के लिए पुलिस अधिकारियों ने चाकचौबंद व्यवस्था कर रखी थी।

निषादराज जयंती को निषाद पार्टी ने उत्सव की तरह मनाया। इसके पूर्व प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डा. संजय निषाद सर्वप्रथम रथ से श्रृंगवेरपुर धाम के राम केवट मंदिर पहुंचे, जहां विधि विधान से पूजन अर्चन कर निषादराज की आरती उतारी। संजय निषाद जैसे ही अपने परिवार के साथ श्रृंगवेरपुर पहुंचे कार्यकर्ताओ का हुजूम उमड़ पड़ा। काबीना मंत्री के साथ कार्यकर्ता भी डीजे की धुन पर थिरकते रहे। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने लोगो की भावनाओं का मान रखने के लिए अपनी कार से उतर गए और जमकर ठुमके लगाए। मंच पर डॉ. संजय निषाद ने सर्वप्रथम जय निषादराज के नारे लगाए। निषादराज के जयकारे सुनते ही निषाद समूह के तालियों की गड़गड़ाहट से पंडाल गूंज उठा। डॉ निषाद ने कहा कि निषादराज की जयंती उनके समुदाय के लोगों के लिए उत्सव का दिन है। इस खास मौके पर लोग जश्न मना रहे हैं। इसलिए अपने समर्थकों के जश्न में वह भी उनका साथ दे रहे हैं। बताया कि निषादराज और भगवान श्रीराम की मित्रता ने विश्व को नई सीख दी है। रामराज्य की परिकल्पना पूरी हो रही है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने निषादराज जयंती की बधाई देते हुए कहा कि श्रृंग्वेरपुर धाम वह पड़ाव है जहां से राजा राम मयार्दा पुरषोत्तम श्रीराम बने। केवट की नौका ने राम को गंगा पार कराया है। इसके साथ प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को भी गिनवाया। उन्होंने श्रृंग्वेरपुर महोत्सव और दीपोत्सव की भी प्रशंसा किया, । कहा कि प्रदेश सरकार श्रृंग्वेरपुर में दीपोत्सव को प्रोत्साहित करेगी। जय श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष संजय तिवारी और महामंत्री अरुण द्विवेदी ने कैबिनेट मंत्री संजय निषाद का फूलमालाओं के साथ स्वागत किया। समिति के तत्वावधान में निषाद वंशज डा. बीके कश्यप के सानिध्य में विशाल फलहारी भंडारे का आयोजन किया गया।

### निषादराज की राजधानी है श्रृंगवेरपुर धाम

कैबिनेट मंत्री डा. संजय निषाद ने कहा कि वैदिक ग्रंथो एवं श्रीराम चरित मानस के अनुसार प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर में ही निषादराज का जन्म हुआ था। भगवान राम ने यहीं पर उन्हें गले लगाया था। निषादराज के कहने पर ही एक केवट ने भगवान राम को अपनी नाव से गंगा नदी पार कराई थी। डा. संजय निषाद ने इस कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को भी निमंत्रण दिया था। हालांकि मोदी और योगी इसमें शिरकत नहीं कर पाए। कहा कि अब जनता के लिए रामराज्य आ रहा है। जिस तरह त्रेता युग में निषादराज का साथ मिलने के बाद भगवान राम ने लंका का युद्ध जीत लिया था और अवध में राम राज्य आ गया था, उसी प्रकार बीजेपी ने यूपी का विधानसभा चुनाव जीत लिया है, और अब जनता के लिए रामराज्य का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के साथ उनका गठबंधन प्राकृतिक है। यह 2024 के लोकसभा चुनाव में भी बरकरार रहेगा। हम निषादों को आरक्षण दिए जाने की अपनी पुरानी मांग पर आज भी कायम हैं। हमें उम्मीद ही नहीं बल्कि पूरा यकीन है की एससी कैटेगरी में जल्द ही निषादों को शामिल कर लिया जाएगा, और उन्हें आरक्षण का लाभ पहले से ज्यादा मिलने लगेगा।

### राम-केवट मंदिर और श्रीराम संध्या मठ मंदिर के लिए सौंपा ज्ञापन

श्रृंगवेरपुर महोत्सव, जय श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष संजय तिवारी और महामंत्री अरुण द्विवेदी ने वर्षो से राम केवट मंदिर और श्रीराम संध्या मठ मंदिर की उपेक्षा संबंधित पत्र कैबिनेट मंत्री संजय निषाद को सौंपा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि श्रृंगवेरपुर में करोड़ों की लागत से विकास कार्य कराये गए। लेकिन स्थानीय स्तर पर राजनीतिक भेदभाव और असामाजिक तत्वों के राजनीतिक गतिविधियों के चलते विकास कार्य को गति नहीं दी जा सकी।

### भेंट किया अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह

निषादराज जयंती के अवसर पर श्रृंगवेरपुर धाम पहुंचे प्रदेश के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। निषाद पार्टी, भाजपा पार्टी और जय श्रीराम सेवा समिति के पदाधिकारियों ने फूल मालाओ से कैबिनेट मंत्री का अभिनंदन किया। जय श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष संजय तिवारी और महामंत्री अरुण द्विवेदी ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट करके भव्य माल्यार्पण किया। वहीं रामायण मेला आयोजन समिति के महामंत्री उमेशचन्द्र द्विवेदी, भाजपा नेता उमेश तिवारी ने संयुक्त रूप से कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया।

### निषादमय हुआ श्रृंगवेरपुर धाम

गुंहराज निषादराज की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुंबई, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड आदि प्रदेशों के अलावा उत्तर प्रदेश के दर्जनों जिलों से लाखों निषाद वंशज श्रृंगवेरपुर पहुंचे थे। लखनऊ राजमार्ग स्थित भगवतीपुर से श्रृंगवेरपुर स्थित श्रीराम घाट तक श्रद्धालुओं का हुजूम इसके अलावा उत्खनन स्थल पर आयोजित महासभा के पंडाल निषाद वंशजों का जमावड़ा रहा। सुरक्षा के मद्देनजर डीसीपी गंगानगर एसीपी सौरव इंस्पेक्टर नवाबगंज अनूप सिंह चौकी प्रभारी श्रृंगवेरपुर समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहे।

## संक्षेप

### हरि का घर गन्दा, अपना घर साफ। ये मानव तेरा, ये कैसा इंसाफ।।



**नैनी।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी प्रयागराज के तत्वाधान में नवरात्रि के पवित्र महीने में दिनांक - 26.03.23 को कार्यक्रम अधिकारी ओम प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें उन्होंने कहा कि यदि हम अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए स्वच्छता पर ध्यान दें, तो मंदिरों पर कभी भी गंदगी व्याप्त नहीं होंगी। अध्यक्ष संतोष तिवारी ने नवरात्रि पर्व की शुभकामना देते हुए स्वच्छता रखने हेतु अपील की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ केसंघचालक दया शंकर जी ने कहा कि राम से अधिक रामकर दासा यानि गंगा से अधिक गंगा सेवकों का महत्वपूर्ण स्थान है,जो कि मां गंगा एवं भोलेनाथ के पवित्र स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाकर आमजन मानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते रहते हैं। कार्यक्रम में सर्वश्री कुंवर जी तिवारी, धीरज यादव, सुनील मिश्रा, सहदेव चौरसिया, सुनील कुशवाहा, निखिलेश पाण्डेय,ऋषि दीक्षित,डां प्रमोद कुमार मिश्रा, आत्म प्रकाश यादव,डां.एस.बी.यादव, संदीप सिंह, महेश प्रसाद केसरवानी, पुष्पेन्द्र कुमार दुबे,बब्रुवाहन सिंह, गोविंद सिंह, सत्य पाल, प्रवीण तिवारी, समरेंद्र मिश्रा, कुंवर अलख प्रताप सिंह, तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### सराय अतन उर्फ नौगिरा में एमएलसी ने संगठन के साथ सुनी मन की बात



**माऊ आइमा।** एमएलसी निर्मला पासवान ने ग्राम सभा सराय अतन उर्फ नौगिरा में ग्राम प्रधान के आवास पर सुनी मन की बात के दौरान संगठन के काफी लोग एकत्रित हुए। मऊआइमा के सराय अतन उर्फ नौगिरा में ग्राम प्रधान अनिल कुमार पटेल के आवास पर संगठन द्वारा निर्देशित मन की बात कार्यक्रम को सुनते हुए काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष व सदस्य विधान परिषद निर्मला पासवान मंडल मऊआइमा नगर के बूथ नंबर 94 पर, मंडल अध्यक्ष शारदा प्रसाद, श्यामसुंदर दुबे जी महामंत्री जयप्रकाश पटेल हरि गोविंद पटेल दिवाकर मिश्रा सुरेश मिश्रा अनिल पटेल संजय पटेल उमाशंकर तिवारी अभय राज सिंह अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष सहदेव प्रसाद जी धर्मेंद्र पासवान आदि मौजूद थे।

### पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एण्ड काउंसलिंग सेन्टर का हुआ भव्य उद्घाटन



**बहरिया।** स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत मंसूरपुर गांव के चौराहे पर भगत सिंह पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट एण्ड काउंसलिंग सेन्टर एवं स्ट्रांग कैरियर क्लासेज का भव्य उद्घाटन मुख्यअतिथि प्रीती हास्पिटल बहरिया के संचालक डा0 विवेक यादव ने किया । डा0 विवेक यादव ने कहा की क्षेत्र में इस तरह के इंस्टीट्यूट काउंसलिंग सेन्टर स्थापित होने से युवाओं को काफी लाभ मिलेगा । युवाओं को पैरामेडिकल से सम्बन्धित पढ़ाई करने के लिये जो दूर.दराज जाना पढ़ता था । अब युवा वर्ग यही पर अपनी पढ़ाई को पूरा कर सकते हैं । इस इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर अर्जुन ने बताया कि यह काउंसलिंग सेन्टर राजीव गांधी पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट से सम्बद्ध है । पैरामेडिकल से सम्बन्धित कोर्स को कम से कम शुल्क पर पढ़ाया जायेगा । तथा प्रैक्टिकल की भी सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी । उक्त समारोह मे अनुराग यादवए सुरेशचन्द्र यादव ;प्रबंधक शकुन्तला संस्सकार पब्लिक स्कूल बहरियाद्धए तुलसीरामए इं0 अनिकेत मौर्यए रामसूरत पटेलए रामचन्द्र यादवए राकेश यादवए रामचन्द्र यादवए शशिकान्त यादवए इं0 माताप्रसाद यादवए रेखा सिंहए अनुवेश यादवए ए राहुलए राजकुमारए अन्जू मौर्याए अनुज सिंहए आशीषए मो0 नौशादए सुरेश पासीए अजयए प्रशन्त यदुवंशी आदि लोंगो का सहयोग रहा ।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास से ही देश का विकास : न्यायाधीश



**सहसों।** बच्चों के श्रवण घड़ी विकास से ही देश का विकास होगा बच्चे शिक्षित होंगे तो हर क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और देश का नाम रोशन करेंगे ग्रामीण अंचल में प्रतिभाओं की कमी नहीं है छिपी हुई प्रतिभा को शिक्षा के माध्यम से ही उजागर होती है। शहरी शिक्षा अगर गांव में ही मिल रही है तो यह अपने आप में एक मिसाल है। उक्त बातें इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश राहुल चतुर्वेदी ने खोदायपुर मैं प्रयाग पब्लिक स्कूल के उद्घाटन समारोह में कहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व जनरल सेक्रेट्री बार काउंसलिंग एसी तिवारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह से विद्यालय खुलने से बच्चों के विकास के साथ ही क्षेत्र का विकास होगा होनहार बच्चे निकलकर देश की तरक्की में भागीदार बनेंगे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य एफ आर हनवी ने भी संबोधित किया और विद्यालय की विशेषताएं का उल्लेख किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक संतोष कुमार मिश्रा ने मुख्य अतिथि व सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर राम सुमेर पाल, विष्णु देव यादव बच्चा, कुंदन सिंह, रामसुमेर जहाजी, पिंटू दुबे, रामअचल, धीरेंद्र सिंह, धीरज पाल, रामखेलावन, विजय सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में दाम्पत्य सूत्र बंधन में बंधे 22 जोड़े


मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में बारातियों का स्वागत करते हुए

**होलागढ़।** होलागढ़ ब्लाक क्षेत्र के मिलन गार्डेन में रविवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ। आयोजन में 22 जोड़ो का विवाह संपन्न हुआ। इस मौके ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विनोद तिवारी ने नव दम्पति को सुखमय जीवन का आशीर्वाद देते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार सभी गरीब परिवार की बेटी का विवाह हेतु प्रोत्साहन राशि के साथ विवाह करा रही है। सभी जोड़ो को विवाह सामग्री के साथ प्रमाणपत्र भी वितरित किया गया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विनोद तिवारी, खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता त्रिभुवन सिंह, ए पी ओ बिनोद कुमार गुप्ता लव कुमार मिश्रा प्रधान संघ अध्यक्ष राकेश कुमार पाण्डेय अवधेश पटेल, प्रधान संदीप निर्मल, रचना श्रीवास्तव सुभाष यादव सोमेश त्रिपाठी बंशीलाल राजेश कुमार विशाल धुरिया धीरज मिश्रा नीरज द्विवेदी राम बचन एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। संचालन एडीओ सहकारिता विजेंद्र मिश्र ने किया।

## शौचालय बनाने का सरकार का दावा फेल, आज भी खुले में शौच के लिए जाते हैं लोग

**दिखावा**

**घर में शौचालय मात्र देखाने के लिए बना है फिर भी खुले में शौच करने की आदत नहीं जा रही है**

**गांव में बने सरकारी शौचालय में ग्रामीण रखते है घर का कबाड़, उपली**






अपनी हालत बयां करते सरकारी शौंचालय

**मऊआइमा।** सरकार करोड़ों खर्च करके घर घर शौचालय निर्माण करा रही है। घरों में शौचालय होने के बावजूद खुले में शौच से बाज नहीं आ रहे हैं ग्रामीण, और सरकारी दावे की खिल्ली उडा रहे हैं।

मऊआइमा विकास खंड के अनेकों गांव में घर-घर शौचालय निर्माण कराया गया है। शौचालय मात्र देखावा साबित हो रहा है। बताते हैं कि अनेकों गांव में आज भी सपरिवार खुले में शौच करते हैं। जागरुक ग्रामीणों ने बताया कि गांव में खुद ऐसें लोग हैं जो खुले में शौच करने के पीछे यह तर्क देते हैं कि उनका पेट शौचालय में साफ नहीं होता है। उनकी मजबूरी है। जब कि अनेकों ग्रामीण यह कहते हैं कि घरों में देवता विराजमान रहते हैं। जहां रसोइया और भोजन आदि करते हैं वहीं उसी घर में शौचालय में जाने से देवता रूठ जाएगें। विगत माह नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों ने खुले में शौच कर रही महिलाओं को सीटी बजा कर खुले में शौच के लिए मना किए तो महिलाओं ने यह धमकी दी कि तुम लोग रोज सुबह-सुबह सीटी बजा कर हमें परेशान करते हो। तुम लोगों को फर्जी छेड़खानी में जेल भेजवा देंगें। लोगों को आश्चर्य इस बात पर है कि अपने को असली भाजपा का पुराना नेता बताने वाले कतिपय लोगों के घरों में शौचालय होने के बावजूद भी सपरिवार खुले में शौंच आज भी जाते हैं। गांव में अधिकांश घरों में शौंचालय तो बने हैं परन्तु न तो उसमें दरवाजे लगे हैं न ही वह दरवाजा लगवा रहे हैं। अलबत्ता उसमें लकड़ी, कंडी आदि भरे हैं। हालांकि स्वच्छ भारत अभियान का सरकारी दावें का जब तक आम जनता को जागरुक नहीं किया जाएगा। वह खुले में शौच करने से कोई रोक नहीं सकता है।

## शुआट्स में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का आयोजन


शिविर में उपस्थित लोग

**नैनी।** स्वास्थ्य विज्ञान संकाय, शुआट्स, प्रयागराज में एक सप्ताह का एनएसएस विशेष शिविर आयोजित हुआ जिसमे शुआट्स के विभिन्न विभागों के सौ से अधिक एनएसएस स्वयंसेवकों ने इस विशेष शिविर के लिए नामांकन किया। विशेष शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों के बीच निःस्वार्थ सेवा और स्वैच्छिक कार्य की भावना पैदा करना था।

कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. सपना एस.लाल ने की प्रार्थना की। एनएसएस के उप समन्वयक शुआट्स, सत्यम कुमार केसरी ने उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. एस.डी. मेकार्टी, कार्यवाहक रजिस्ट्रार, शुआट्स का स्वागत किया। डॉ दीपक कुमार बोस, एनएसएस समन्वयक ने मुख्य अतिथि को गुलदस्ता और शॉल भेंट किया और विशेष शिविर के उद्देश्य के बारे में बताया।

मुख्य अतिथि ने शुआट्स में अपने समय के एनएसएस शिविर की यादों को साझा किया और छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से देश की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो. (डॉ.) वीरू प्रसाद, डीन, विज्ञान संकाय ने एनएसएस स्वयंसेवकों को अपने शब्दों से प्रोत्साहित किया और स्वयं प्रतिज्ञा सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही। इसी क्रम में 23 मार्च 2023 को काल्विन अस्पताल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 72 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। एनएसएस स्वयंसेवकों ने इंदलपुर और शिंगवीरपुर गांवों का भी दौरा किया और गांव सर्वेक्षण कार्य पूरा किया। समापन सत्र में डॉ. विष्णु अग्रवाल, प्रोफेसर, एमएलएनआईटी मुख्य अतिथि थे और डॉ. नेकराम रावल, एसोसिएट प्रोफेसर, एमएलएनआईटी, प्रयागराज सम्मानित अतिथि थे, उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया।

धन्यवाद ज्ञापन सत्यम केसरी ने किया। उन्होंने साझा किया कि एनएसएस के विशेष शिविर के अंतिम दिन राष्ट्रीय शिविर जयपुर में शानदार प्रदर्शन करने वाली एनएसएस की स्वयंसेवी शांभवी राज, खुशबू रानी, ??इशिता को पुरस्कार और पदक से सम्मानित किया गया है।

शिविर में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनूप मसीह, डॉ. हीरा बोस, डॉ. अनीशा वर्मा, डॉ. मुकेश कुमार मौर्य, डॉ. कमीन एलेक्जेंडर व डॉ. अंकुर जैन, डॉ. भावना सिंह घोष मौजूद रहे।

## अचानक हुई जोरदार बारिश से किसान परेशान

**उरुवा।** रविवार को असमय बादल छाने और शाम को जोरदार बारिश होने के बाद से किसानों की नींद गायब हो गयी है। बादल घिरने और शाम को हुई जोरदार बारिश के बाद गेंहू गिर जाने से गेंहू और कई अन्य फसलों को भारी नुकसान होने का खतरा बना हुआ है। उरुवा विकास खंड क्षेत्र स्थित रामनगर के किसान जगदीश सिंह,रतन कुमार सिंह,निबैया के मनोज कुमार शुक्ल, समोगरा के उमेश कुमार मिश्र, तरवाई के राजेश पांडेय, लालचंद सिंह, सिकटी के अभयराज सिंह, देवहटा के प्रदीप कुमार मिश्र पिंटू तथा हुल्का के राजा पांडेय सहित कई किसानों ने बताया कि हवा के साथ हुई बारिश से गेहूं की फसल सहित अरहर, सरसों, चना, अलसी तथा अरहर को भारी नुकसान हो रहा है।


कार्यक्रम में लोगों को जागरूक करते हुए

## कैश पार माइक्रो क्रेडिट से महिला जुड़ें : उमेश चंद्र पटेल

खीरी। रविवार को मेजा के उरुआ में मंडप लाज में महिला को जागरूक करने हेतु आरबीआई द्वारा पोषित संस्था कैश पार माइक्रो क्रेडिट के सेंटर जागरूकता कार्यक्रम में उमेश चंद्र पटेल उपनिरीक्षक मेजा मुख्य अतिथि में महिलाओं को जागरुक करते हुए बोले कि कैश पार माइक्रो से जुड़कर महिला अपने घर परिवार का विकास का पहिया तेज चला रही हैं। क्षेत्र की गरीब अनपढ़ महिला को आरबीआई से जुड़ी जानकारी जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, वार्षिक वित्तीय प्रोत्साहन सहायता (रिबेट)को देकर कैश पार माइक्रो क्रेडिट आगे बढ़ा रहा है। वही संस्था के सीएचआईबी वीनोद कुमार भारती ने बताया कि कैश पार माइक्रो अन्य वित्तीय संस्था जैसे जन्मलक्ष्मी, एसकेएस, बंधन , मार्गदर्शक, एचडीएफसी, फ्यूजन, उज्जीवन, सैटिन, उत्कर्ष एक्सिस, उत्कर्ष, एलएनटी, सोनाटा, आशीर्वाद, एसवीसीएल, आरबीएल के तुलना में सबसे कम से 17.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर समूह से जुड़ी महिलाओं को उपलब्ध कराती है। वहीं डीआरएम जयप्रकाश , ट्रेनर राहुल गौतम डीएम आशीष तिवारी, सीएम संजय विश्वकर्मा, संजय बिंद ,राजेश यादव, रवि कुमार सहित एएसएम सुधा सिंह सहित उपनिरीक्षक अरुण कुमार सिंह, एचसी संजय सिंह समेत सैकड़ों महिला मौजूद रही।

## शंकरगढ़ में 15 किमी लंबी नहर बनाने की मांग

**बारा।** बारा क्षेत्र के 40 फीसद असिंचित क्षेत्र को सिंचित बनाए जाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन जिले के प्रभारी मंत्री को सौंपा गया है। भाजपा नेता दिनेश तिवारी, डा. भगवत पांडेय ने बारा तहसील क्षेत्र के शंकरगढ़ के असिंचित एरिया को सिंचित बनाने की मांग करते हुए प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से की है।

पूर्व जिला मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी ने सिंचाई मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री को अवगत कराया कि साल 1972 में यमुना नदी से पानी उठाकर 60% एरिया में सिंचाई के साधन का निर्माण कराया गया था। उसके बाद से आज तक 40% इलाकों में कपारी, जोरवट, मलापुर, बैसा, अमिलिहाई, शिवराजपुर, बेनीपुर, शंकरगढ़, लखनपुर, लेदर, बहरिया, आमगोदर आदि दर्जनों गांवों में सिंचाई का साधन नहीं बन पाया है।

सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने से खेत बेजान हो गए हैं। प्रतिवर्ष सूखे की चपेट में आने के कारण मानव ही नहीं पशु पक्षी भी बेहाल हो जाते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि करिया राजबहा से एक नई नहर (लगभग 15 किलोमीटर) का निर्माण करा दिया जाए, तो असिंचित पड़े 40% क्षेत्र में भी हरियाली दिखने लगेगी और इसका हर तरह से लाभ ही लाभ होगा।

बतातें चले कि भाजपा नेता दिनेश तिवारी पिछले कई सालों से शंकरगढ़ के असिंचित इलाकों में नहर निर्माण की आवाज उठाते आ रहे हैं। कई माह पहले सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी को भी प्रार्थनापत्र दिया था, जिसपर उन्होंने सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर सर्वे और डीपीआर बनाने का निर्देश दिया था। विधायक बारा डा. वाचस्पति ने भी विगत माह मुख्यमंत्री के साथ बैठक में सिंचित क्षेत्र बनाने की मांग उठाई थी। ज्ञापन पत्र देने वालों में डाक्टर भगवत पांडेय के साथ तमाम स्थानीय किसान भी मौजूद रहे।

## प्रदर्शन कर राहुल गांधी के समर्थन में उतरे कांग्रेसी

**उरुवा।** राहुल गांधी के समर्थन में उतरे कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी की जो सदस्यता रद्द की गयी है उसको वापस ली जाय। इसी के मद्देनजर उंचडीह स्थित सोनार के तारा पर कांग्रेसी नेताओं के द्वारा प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन यमुनापार जिला उपाध्यक्ष राम छबीले मिश्र ने कहा कि सरकार की यह तानासाही रवैया सही नहीं है,जब तक हमारे आदरणीय राहुल गांधी का सदस्यता वापस नहीं किया जायेगा, तब तक धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। इस मौके पर उरुवा ब्लॉक अध्यक्ष आनन्द पांडेय उरूवा ब्लाक अध्यक्ष, सुमित तिवारी, अंकित पांडेय, के के भारतीय, श्रीकृष्ण भारतीय सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हिंदू नववर्ष पर कवि सम्मेलन का आयोजन


कवि सम्मेलन में अतिथियों का स्वागत करते हुए

**सहसों।** शनिवार को सहसों क्षेत्र के चकिया घरहरा ग्राम के महरौड़ा में प्रधान संघ के मंडल उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाज सेवी गणेश वल्लभ दूबे के सानिध्य में हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। राज नारायण पांडे ग्रुप ऑफ पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉक्टर देवेंद्र पांडे ने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संयोजक धनंजय शास्वत ने मुख अतिथि सहित कवियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मंच की अध्यक्षता हिंदी साहित्य के मूर्धन्य कवि लाल बिहारी पांडे ने की। संचालन अशोक बेशरम ने किया। इस अवसर पर दूर दूर से आए कवियों ने अपनी काव्य शैली से हजारों श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जन सत्ता दल लोकतांत्रिक राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश नाथ ओझा एवं विशिष्ट अतिथियों में क्षेत्रीय विधायक प्रवीण सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष अश्वनी द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध पटेल, ब्लॉक प्रमुख विपेन्द्र सिंह पटेल, हडिया ब्लाक प्रमुख महेंद्र सिंह मुन्ना, लक्ष्मी कांत उपाध्याय रहे। कवियों में ओजस्वी कवि अभिमन्यु शुक्ला ने राष्ट्र प्रेम की महिमा का बखान करते हुए श्रोताओं को मुग्ध कर दिया। प्रसिद्ध कवि शैलेंद्र मधुर की कविताओं ने श्रोताओं में ऊर्जा का संचार किया वही मकदूम फुलपुरी ने गजलो के माध्यम से समाज की पीड़ा को व्यक्त करके खूब वाहवाही लूटी क्रांति पांडेय अंकिता शुक्ला,हेमा पांडेय, कृष्णा कामिल,लाल जी देहाती सन्तोष समर्थ ने काव्य पाठ किया। इस अवसर पर अति विशिष्ट जनों में डॉक्टर सुभाष मिश्रा, डॉक्टर आरसी यादव, मंडल महामंत्री दुवार्सा अतुल पांडे सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम के सूत्रधार बीरेन्द्र सिंह पत्रकार व क्रांतिगुरू गणेश वल्लभ ने आये हुए मेहमानों को रमचरित मानस,व गीता की पवित्र पुस्तक भेंट करते हुए सम्मानित किया।



पत्रकारों से बातचीत करते रेल मंत्री

# प्रयागराज



## मौसम



अधिकतम : 33.00
न्यूनतम : 20.00
सूर्योदय : 06.03
सूर्यास्त : 06.15

## दुकान के सामने खड़ी बाइक चोरी, अज्ञात में मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** दवा की दुकान के सामने खडी बाइक को अज्ञात चोर उडा ले गए। ऑन लाइन एफ आई आर दर्ज करा कर थाने में एक कापी दे दी गयी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सूलतानपुर खास निवासी मोहम्मद सईद पुत्र मोहम्मद हबीब दवा की दुकान फोरलेन के निकट चलाते हैं। वह अपनी बाइक खडी करके दुकान में चले गए शाम को अज्ञात चोर बाइक उडा दिए। ऑन लाइन एफ आई आर दर्ज करा कर मोहम्मद सईद ने थाने में एक कापी दी है।

# जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर इलाहाबाद हाईकोर्ट के नये चीफ जस्टिस बने

## राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने दिलाई शपथ



नये चीफ जस्टिस को शपथ दिलातीं राज्यपाल

**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति के रूप में वरिष्ठ न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर को रविवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह चीफ जस्टिस की कोर्ट में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश सरकार की तरफ से मंत्री सुरेश खन्ना, चीफ सेक्रेटरी उत्तर प्रदेश, महाधिवक्ता अजय मिश्रा, अपर महाधिवक्ता एमसी चतुर्वेदी, नीरज त्रिपाठी, मनीष गोयल तथा न्यायिक अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में वरिष्ठ व जूनियर वकील उपस्थित रहे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह ठीक 11:00 बजे चीफ जस्टिस कोर्ट में संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह के बाद राज्यपाल ने सारे जजों से मुलाकात की। राज्यपाल के साथ फोटो सेशन का भी कार्यक्रम संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में इलाहाबाद और लखनऊ बेंच के न्यायमूर्ति गण उपस्थित रहे। मुख्य न्यायाधीश के परिवारी जन तथा रिश्तेदार एवं मध्य प्रदेश के कार्यरत जज भी इस समारोह में शामिल हुए।न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से विधि की पढ़ाई करने के बाद छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में प्रैक्टिस शुरू की थी। 2005 में वह बतौर वरिष्ठ अधिवक्ता नामित हुए थे। इसके बाद 2009 में वह छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जज बने। 2018 में उनका स्थानांतरण इलाहाबाद हाईकोर्ट कर दिया गया। इलाहाबाद हाईकोर्ट में मुख्य न्यायमूर्ति रहे राजेश बिंदल को सुप्रीम कोर्ट का जज बनाए जाने के बाद वह यहां पर कार्यवाहक मुख्य न्यायमूर्ति नियुक्त हुए। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की संस्तुति के बाद राष्ट्रपति ने उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किया।

# कांग्रेसियों ने किया संकल्प सत्याग्रह

### महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल पर जुटे कांग्रेसी, बोले- राहुल की पदयात्रा से घबराई है सरकार

**प्रयागराज।** शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से आज रविवार को राष्ट्रीय आह्वान के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल पर संकल्प सत्याग्रह किया गया। राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करने और उनके सवालों का जवाब देने के बजाय निरर्थक मुद्दों पर ध्यान भटकाने के मोदी सरकार के विरोध में कांग्रेसजनों ने संकल्प सत्याग्रह किया।शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी को एक मनगढ़ंत मानहानि मुकदमे में दो साल की सजा सुनाई गई और 24 घंटे नहीं बीते थे लोकसभा अध्यक्ष ने उनकी लोकसभा के सदस्यता को आनन-फानन में निरस्त कर दिया। इससे यह प्रतीत होता है की भारत में लोकतंत्र खतरे में है। ऐसा भी प्रतीत होता है कि भारत में अघोषित आपातकाल लगा हुआ है। राहुल गांधी लगातार महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती हुई नफरत के विरुद्ध आवाज उठा रहे थे। उन्होंने लगभग चार हजार किलोमीटर की पदयात्रा की इससे मोदी सरकार घबरा गई है।

### लोकतंत्र खतरे में होने का संकेत : अंशुमन

शहर अध्यक्ष ने कहा कि अडानी घोटाले पर लगातार राहुल गांधी का सवाल पूछा जाना और संसद में अडानी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के क्या रिश्ते हैं इस पर सवाल खड़ा कर देना भारत सरकार यानी मोदी सरकार पूरी तरह हिल गई थी।आनन-फानन में एक माह के अंदर गुजरात की एक निचली अदालत ने उन्हें अधिकतम दो साल की सजा सुनाई और 24 घंटे नहीं बीते थे कि राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता रद्द कर दी गई। इससे यह प्रतीत होता है कि मोदी सरकार के खिलाफ जो आवाज उठाएगा उसकी आवाज को बंद करने की कोशिश की जाएगी। यह लोकतंत्र खतरे में होने का संकेत है ।अंशुमन ने कहा कि मोदी सरकार चाहे जो कुछ कर ले कांग्रेसी डरने वाले नहीं हैं, राहुल गांधी डरने वाले नहीं हैं। हम मोदी सरकार की गलत नीतियों एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनी आवाज को बुलंद करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र की रक्षा के लिए इस सरकार की हर तानशाही से सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष जारी रखेगी ।इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सदस्य क्रांति शुक्ल, रघुनाथ द्विवेदी, रजनीश पांडेय, मो. इरफान, सुशील तिवारी, अनूप सिंह, आलोक पांडेय, अजय श्रीवास्तव, प्रवीण सिंह भोले, जितेंद्र राय, नीतू चौधरी, रविंदर सिंह, शीला रावत, सनी पासी, चंद्र विशाल वार्ष्णेय, कामेश्वर सोनकर, मानस शुक्ला, इरशाद उल्ला, राजकुमार सिंह, रज्जू, राजीव रंजन, अभिनव पांडेय सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक ने मनाया वर्ष प्रतिपदा उत्सव



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रविवार को प्रयाग दक्षिण का वर्ष प्रतिपदा का उत्सव कालिंदीपुरम के बरसाना पार्क में मनाया। प्रथमतः पथसंचलन हुआ, जिसमें 495 स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लिया। जीप पर भारत माता के चित्र के साथ 9 बुलेट चालकों ने संचलन का नेतृत्व किया। घोषवादन (बैंड) के साथ कदम ताल करते हुए संचलन बरसाना पार्क से कालिंदीपुरम, कौशांबी रोड, चकिया, कसारी मसारी, साठफीट रोड राजरूप पुर होते हुए बरसाना पार्क वापस आया जहां अर्धगणवेश में बड़ी संख्या में स्वयं सेवक स्वागत के लिए मौजूद रहे। कार्यक्रम में श्री रमेश जी, प्रांत प्रचारक ने कहा : पथ संचलन का उद्देश्य किसी वर्ग में भय उत्पन्न करना नहीं, अपितु समाज में उत्साह उत्पन्न करना है। संघ का उद्देश्य ही हिंदू समाज को सत्कार्यों हेतु संगठित करना है। समाज में समरसता, देश भक्ति, स्व का भाव, समाज सेवा की चेतना स्वयंसेवकों एवं सामान्य नागरिकों में जगाना है। हमारे स्वयंसेवक इस ईश्वरीय कार्य में तन मन धन से लगे हैं। समाज भी हमारा खुले मन से सहयोग कर रहा है। कार्यक्रम के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेनि) राजीव भूषण मेहरोत्रा ने नव संवत्सर की बधाई दी, एवं स्वयंसेवकों से चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा में प्रवृत्त होने का आवाहन किया तथा समाज से संगठन को यथा संभव सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में श्री नागेन्द्र जी, सह विभाग संघ चालक, डॉ राम गोपाल अग्निहोत्री, संघचालक प्रयाग दक्षिण भाग, वीर कृष्ण, संजय जी, वसु जी, आशीष मोहन जी, मनोज जी, रिषभ जी सहित सैकड़ों स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। संचालन विवेक जी ने किया।

### अन्दावा में पिता के सामने बेटी का अपहरण, पुलिस कर रही जांच

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में एक युवती के अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। बाइक सवार युवक दिनदहाड़े अन्दावा से पिता, भाई के सामने युवती को उठा ले गए। पीड़ित सरायइनायत व झूंसी थाने का चक्कर लगाता रहा पर किसी ने नही सुनी। वही झूंसी पुलिस ने मामले में अनभिज्ञता जाहिर की। थरवई थाना क्षेत्र के मेंडुआ निवासी भोलानाथ विश्वकर्मा ने झूंसी पुलिस लिखित शिकायत करते हुए बताया कि वह अपने बेटे प्रदीप व बेटी सुशील के साथ रविवार को आटो से निरंकारी समागम में जा रहा था अन्दाव में सरायइनायत के सरपतीपुर का एक युवक अपने चार पांच साथियो के साथ बाइक से आया और जबरन युवती को उठा ले गया। पीड़ित पिता पहले सरायइनायत गया सरायइनायत पुलिस तत्काल कार्यवाही के बजाय यह कह कर टरका दिया कि मामला झूंसी का है। पीड़ित ने झूंसी थाने में एक नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ लिखित तहरीर दी। मामले में झूंसी इंस्पेक्टर वैभव सिंह ने अनभिज्ञता जाहिर की।

### चोरों ने ग्राम पंचायत सचिवालय का ताला तोड़कर कम्प्यूटर सहित सारा सामान किया पार

**लालापुर।** लालापुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसहरा तरहार में बीते शुक्रवार को चोरों ने ग्राम पंचायत सचिवालय का ताला तोड़कर कम्प्यूटर सहित सारा सामान पार कर दिया ।ग्राम पंचायत सचिवालय बसहरा तरहार में रखा कम्प्यूटर, सीपीयू,मॉनिटर, फिंगर मशीन, सीसीटीवी सहित जो भी रजिस्टर और कागजात सचिवालय में मौजूद थे उसे बेखौफ चोरों ने पार कर दिया ।राहुल सिंह ग्राम पंचायत अध्यक्ष बसहरा तरहार एवं ग्राम विकास अधिकारी ने लालापुर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है। अभी बीते कुछ माह पहले बेखौफ चोरों ने ग्राम पंचायत भटपुरा-लालापुर का भी ताला तोड़कर सचिवालय में रखा कम्प्यूटर सहित सारा सामान पार कर दिया था, जिसका पता लगाने में लालापुर पुलिस पूरी तरह नाकाम रही ।इससे साफ जाहिर होता है कि लालापुर पुलिस न तो रात्रि गस्त करती है और न ही चोरी की घटनाओं का खुलासा कर पाई है ।क्षेत्र में आए दिन चोरी की घटनाएं होती रहती है, बेखौफ चोरों को पुलिस का तनिक भी भय नहीं है...।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कश्मीर घाटी में चिनाब ब्रिज का किया दौरा

### निरीक्षण

**यूएसबीआरएल परियोजना की प्रगति देखने के लिए पुल और सुरंगों का किया ट्रॉली निरीक्षण**

**यूएसबीआरएल परियोजना को जनवरी/फरवरी-2024 तक होगी पूरी**

**वर्ष 2022-23 में 6000 करोड़ रुपये आवंटित, 2014 से पहले यह आवंटन 800 करोड़ प्रति वर्ष था**

**कश्मीर घाटी जल्द ही भारतीय रेल नेटवर्क से जुड़ जाएगी**



चिनाब ब्रिज का दौरा करते रेल मंत्री

**प्रयागराज।** अश्विनी वैष्णव, माननीय रेल मंत्री, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, भारत सरकार यूएसबीआरएल परियोजना की प्रगति का जायजा लेने के लिए आज कश्मीर घाटी में चिनाब पुल पर पहुंचे। इस दौरान महाप्रबंधक उत्तर रेलवे, आशुतोष गंगाल, एमडी/केआरसीएल, संजय गुप्ता, सीएओ/सी, यूएसबीआरएल, एस.पी. माही, मंडल रेल प्रबंधक, फिरोजपुर, डॉ. सीमा शर्मा, और उत्तर रेलवे और यूएसबीआरएल परियोजना के अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों ने माननीय मंत्री जी का स्वागत किया।

यूएसबीआरएल परियोजना के अधिकारियों ने रेल मंत्री को दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल चिनाब और परियोजना की प्रगति के बारे में जानकारी दी। माननीय मंत्री ने काम की प्रगति देखने के लिए चिनाब पुल और यूएसबीआरएल परियोजना की सुरंगों का ट्रॉली निरीक्षण किया और अधिकारियों को इसे समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। विभिन्न चुनौतियों और प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद इस परियोजना में कार्यरत सभी रेल कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और कर्तव्य के प्रति उनके समर्पण की माननीय मंत्री ने सराहना की। श्री वैष्णव ने कहा कि शेष कार्य को पूरा करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

माननीय मंत्री ने पूरे भारत के प्रमुख मेट्रो साइट्स, जोनल मुख्यालयों में बैठे मीडियाकर्मियों के साथ संवाद कर इस सबसे ऊंचे रेलवे पुल पर निर्बाध नेटवर्क कनेक्टिविटी को भी दशार्या। सलाल से ओएफसी केबल के साथ ही जिओ के 300 एमबीपीएस इंटरनेट बैंडविड्थ, एयरटेल इंटरनेट नेटवर्क के 100 एमबीपीएस, बीएसएनएल इंटरनेट के 100 एमबीपीएस के माध्यम से दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल चिनाब नदी पर वीडियो और ऑडियो की व्यवस्था की गई।

देश भर में वहां एकत्रित मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए, श्री वैष्णव ने निम्नलिखित घोषणा की- यूएसबीआरएल परियोजना को जनवरी/फरवरी-2024 तक पूरा किया जाना है। वर्ष 2022-23 में 6000 करोड़ रुपये आवंटित, 2014 से पहले यह आवंटन 800 करोड़ प्रति वर्ष था। उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला से जुड़ने के बाद विशेष रूप से निर्मित वंदे भारत ट्रेन सेवा शुरू की जाएगी। जम्मू में इंजीनियरों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण अकादमी बनाई जाएगी। कश्मीर घाटी को जल्द ही भारतीय रेल नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। देश के विकास पर लेजर शार्प फोकस।

# लायंस क्लब प्रयागराज गौरव के सेवा कार्यों की समीक्षा



होली मिलन समारोह में उपस्थित लोग

**प्रयागराज।** शनिवार को लायंस क्लब प्रयागराज गौरव की ओर से सिविल लाइन स्थित एक होटल में विशाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें क्लब द्वारा किए गए वर्ष भर के सेवा कार्यों का समीक्षा किया गया। इसके साथ साथ सभी पूर्व अध्यक्षों का सम्मान एवं होली मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला गवर्नर लायंस सौरभ कांत सी.ए. उपस्थित रहे। तथा अन्य अतिथियों में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सतीश श्रीवास्तव, रीजन चेयर पर्सन संजय गुप्ता, जोन चेयर पर्सन दीपक अग्रवाल तथा पीआरओ ऋषि सेठी उपस्थित रहे। क्लब के अध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने विस्तार से क्लब की गतिविधियों को बताया तथा सभी अतिथियों का अंग वस्त्र, माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा आने वाले वर्ष के लिए नीतियां निर्धारित की गई । पूर्व अध्यक्ष में डॉ. वी.के. मिश्रा (संयुक्त निदेशक) डॉ. संजय तिवारी, डॉ. आर.के. सिंह तथा इंजी. संत कुमार वर्मा का सम्मान किया गया ' कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय तिवारी तथा डॉ. आर.के सिंह ने किया। मुख्य रूप से उपस्थित सचिव डॉ. रमेश चंद्र, कोषाध्यक्ष डॉ. आशीष त्रिपाठी, सुधा गुप्ता , डॉ संगम लाल विश्वकर्मा, सीमा सिंह, राकेश पांडे, अनिल विश्वकर्मा, रेखा तिवारी, रवि गुप्ता सहित सभी सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन शीतला प्रसाद श्रीवास्तव ने किया।

### बिजली मिस्त्री ने फांसी लगाकर दी जान

**फाफामऊ।** थाना क्षेत्र के गोहरी गांव में शनिवार की देर रात एक बिजली मिस्त्री ने घरेलू कलह से ऊबकर घर में लगे पंखे में फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह होने पर कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो खिड़की से झांक कर देखा तो फांसी से लटका देख मुंह से चीख निकल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। जानकारी के मुताबिक गोहरी गांव का रवि कुमार 28 वर्ष पुत्र कन्हैया लाल बिजली का काम करता है। घरेलू कलह से परेशान था ऊबकर शनिवार की देर रात अंदर से कमरा बंदकर छत में लगे पंखा में। फंदा बनाकर फांसी लगाकर जान दे दी। रविवार की सुबह मृतक के भाई विकास कुमार ने सुबह दरवाजा नहीं खुला दो खिड़की से झांक कर देखा तो फंदा पर लटका देख उसके मुंह से चीख निकल गई। सूचना पर एसआई वीरेंद्र प्रताप ने अपने हमराहियो के साथ मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़वाकर लाश को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

# नशा नाश का घर है : नितेश तिवारी



**मेजा।** तहसील क्षेत्र में इधर कुछ महीनों से नशिले पदार्थों का कारोबार तेजी से बढ़ने के कारण नशा की चपेट में क्षेत्र का युवा बड़ी तेजी आ रहा है जो समाज के लिए घातक साबित हो रहा है।

नशीले पदार्थों के सेवन के कारण युवाओं का भविष्य चौपट हो रहा है। नशे के कारण क्षेत्र का युवा छोटी मोटी चोरी भी करने लगा है । उक्त बातें सामाजवादी पार्टी के नेता नितेश तिवारी ने रविवार को एक वार्ता के दौरान कहा उन्होंने कहा की नशा, नाश का घर है आज छेत्र में नशीले पदार्थों का सेवन से युवाओं में तेजी से बढ़ रहा है जिससे आने वाली पीढ़ियों पर बड़ा दुष्प्रभाव होगा। सपा नेता नितेश तिवारी ने छेत्र के युवाओं से एक अपील किया है की हमे स्वयं और दूसरों को भी सुरक्षित करना है।

नितेश तिवारी ने कहा की मेजा सहित अगल बगल के ब्लाकों में निशीले पदार्थों की विक्री पर रोक लगनी चाहिए ,पुलिस प्रशासन को इस गंभीर और भयावह व्यवस्था पर संज्ञान लेकर विक्रेताओं पर कार्यवाही करनी चाहिए चूंकि यह वर्तमान और भविष्य की पीढ़ी के जीवन बचाने से जुड़ा सवाल है।

सपा नेता ने कहा की क्षेत्र के अलग अलग चौराहों से कुछ ही मीटर की दूरी पर स्मैक जैसी नशीले पदार्थों की विक्री पुलिस के लिए चेतावनी सी बन गई है। प्रमुख चौराहों पर मेडिकल स्टोर पर नशे की अंग्रेजी दवाओं के साथ साथ इंजेक्शन की विक्री पर भी प्रशासन को ध्यान रखना चाहिए।

# प्रयागराज की धरा पर गूंजा रूहानियत-इन्सानियत का दिव्य संदेश



भक्तों को संबोधित करतीं निरंकारी सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

### निरंकारी संत समागम

**परमात्मा से इकमिक होने पर ही मनुष्य में मनुष्यता संभव : निरंकारी सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज**

**प्रयागराज।** 'युगों-युगों से छाया अज्ञानता का अन्धेरा ब्रह्मज्ञान के उजाले से दूर किया जा सकता है।' उक्त उद्गार निरंकारी सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज ने प्रयागराज स्थित, परेड ग्राउण्ड में आयोजित 44वें निरंकारी संत समागम में व्यक्त किये। लाखों भक्तों को सम्बोधित करते हुये सत्गुरू ने कहा कि जिस प्रकार माचिस की एक तीली जलाने मात्र से घर में फैला वर्षों का अंधकार क्षण भर में दूर किया जा सकता है, ठीक उसी प्रकार वैर, विरोध, इर्षा, अंहकार रूपी अज्ञानता के अंधेरे में जी रहा मानव अपने मूल परमात्मा से जुड़कर मुक्ति प्राप्त कर सकता है।

सत्गुरू माता जी ने फरमाया कि जिस प्रकार मोबाइल सहित सभी संचार माध्यमों को हम नफरत, वैर-विरोध व नकारात्मक भावानाओं के प्रचार-प्रसार के लिये प्रयोग कर सकते हैं, वहीं संचार माध्यम परस्पर प्यार, सहिणशता, सहनीलता एवं सहयोग की भावनाओं को विस्तृत करने हेतु सहायक हो सकते हैं। परमात्मा के निरंतर जुड़ाव से हमारी सोच बदल जाती है। जिन्दगी में रूहानियत के आते ही हमारी इंसानी सोच हमारे जीवन को सार्थक बना देती है। हमारे मन में करूणा, दया एवं सहनीलता जैसी दैवीय भावनाओं का उदय हो जाता हैं। फिर अनुकूल या प्रतिकूल परिस्थितियां हमारी मनोस्थिति को प्रभावित नहीं करती और शिकवा-शिकायत के भाव शुकराने में परिवर्तित हो जाते हैं।

सत्गुरू माता जी ने कहा कि हम जिस प्रकार किसी प्रकार के यन्त्र से प्रकाश की आशा तभी तक कर सकते हैं जब तक उसका सम्बन्ध इलेक्ट्रिसिटी से बना हुआ है, ठीक उसी प्रकार परमात्मा से निरन्तर जुड़ाव ही मानव जीवन की खुशहाली का कारण बनता है। हम समाज में फैली बुराईयों को अच्छाइयों में बदलकर एकत्व में सद्भाव का उदाहरण स्थापित कर सकते हैं। जब हम ब्रह्मज्ञान को कर्म रूप में उतार लेते हैं तब हमारी आत्मा की मुक्ति जीते जी संभव हैं।

सत्गुरू माता जी से पूर्व निरंकारी राजपिता रमित जी ने अपने संबोधन में फरमाया कि सन्त एवं भक्तों का जीवन तो सदैव उत्सव वाला ही होता है क्योकि वह अपने सत्गुरू के प्रति भक्ति भाव से जीते हुए अपने जीवन का हर पल सुन्दर बनाते हैं। प्रभु मिलन के लिए कोई खूबी या कोई विशेषता होना अनिवार्य नहीं अपितु इसके लिए तो हृदय में श्रद्धा और विवास ही आवयक है। परमात्मा को पाने का एकमात्र साधन सत्गुरू का सानिध्य ही है और इसकी जानकारी हेतु किसी धन या दौलत की आवयकता नहीं अपितु परमात्मा को पाने की जिज्ञासा मात्र ही भक्त को इसका दीदार कराने में सहायक होती है फिर उसका जीवन सहज बन जाता है जिसमें वह हर कार्य को प्रभू इच्छा समझकर सर्वोपरि मानता है। निरंकारी राजपिता जी ने आगे समझाते हुये कहा कि वर्तमान भौतिक-वादी युग में मानव को कभी न पूरी होने वाली इच्छाओं की व्याकुलता को त्यागकर सत्गुरू की शरण में जीवन के परम लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए और वह है परमात्मा की जानकारी।

समागम में विभिन्न स्थानों से आए कविजनों ने समागम के शिर्षक - ह्यरूहानियत-इन्सानियत संग संगह्य पर आधारित गीत, विचारों, कविताओं को विविध भााओं में व्यक्त किया। जिसका संपूर्ण भारतवर्ष एवं दूरदेशों के लाखों भक्तों ने आनंद प्राप्त किया।

# बेमौसम बारिश से फसल हुई क्षतिग्रस्त किसानों ने स्थलीय निरीक्षण की मांग

### मांग

**तरहार क्षेत्र के गांवो में हल्का लेखपाल नदारद,कहा से मिलेगा किसानों को मुआवजा**

**जहां जिलाधिकारी व विधायक ने किया निरीक्षण वहीं राजस्व कर्मी सक्रिय,बाकी गांवो में नदारद**

**लालापुर।** क्षेत्र के दर्जनों गांव में बेमौसम बारिस व ओले पड़ने से किसानों की ज्यादातर गेहूं की फसल नष्ट हो गई है ।सरकार ने किसानों की फसल नुकसान मुआवजा देने का निर्देश दे रखा है। स्थलीय निरीक्षण करते हुए सूची बनाई जाए ताकि किसानों का जो भी नुकसान हुआ है उन किसानों को सरकारी मुआवजा मिल सके।

जिन गांवो में जिलाधिकारी प्रयागराज व बारा विधायक ने स्वयं जाकर फसल निरीक्षण किया है वही तक इनका स्थलीय निरीक्षण सीमित है। किसान से लेकर ग्राम प्रधान तक फसल निरीक्षण कराने के लिए हल्का लेखपाल की राह देख रहे है ।कई गांव के ग्राम प्रधान ने लेखपाल को फोन भी लगाया लेकिन लेखपाल उठाना भी वाजिब नही समझा ।गोबरा तरहार, सोनौरी, छतहरा, बसहरा, घूरी आदि गांव के किसानो की फसल लगभग पूरी नष्ट हो गई है। सोनौरी गांव के मोनू सिंह, प्रेमशंकर सिंह ,कप्तान सिंह,राजू सिंह, प्रधान प्रतिनिधि मिलन प्रजापति आदि किसानों की ज्यादातर खेत की फसल नष्ट हो चुकी है ।वही गोबरा गांव के कलावती पाण्डेय की तीन बीघा फसल एकदम से नष्ट हो गई है ।इसी तरह कई किसानों की फसल नष्ट हो गई ।ग्राम घूरी में लगभग 60 प्रतिशत फसल नष्ट हो चुकी है ।बसहरा के मजरा घुरमुटी में ओले पड़ जाने से लगभग 70 प्रतिशत फसल नष्ट हो गयी है। किसानों ने सरकार से लेकर तहसील प्रशासन से मांग किया है कि जल्द फसल का स्थलीय निरीक्षण करवाए ताकि किसानों को फसल छति का मुआवजा समय पर मिल सके।

# मौसम के बदलते मिजाज से किसान चिंतित

**कोरांव।** मौसम के तेजी से बदलते मिजाज को देखकर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें दिख रही हैं ।सूबे में जगह जगह हुई बारिशऔर ओलावृष्टि से लापर का किसान पहले से ही सहमा है वही रविवार शाम को जम कर हुई बारिशसे अन्नदाता डरा हुआ है ।बादलों की गड़गड़ाहट से किसान अपने भविष्य को लेकर चिंतित है ।सेमरिहा गांव के किसान प्रदीप सिंह ज्ञान चंद्र सिंह पटेल,प्रेम शंकर तिवारी, और शमलीपुर के रामायण द्विवेदी ने कहा कि इस समय सरसों व गेहूं की फसल तैयार है। बेमौसम बारिश से किसान अपनी मेहनत से उगाती हुई फसलों को सुरक्षित नहीं कर पा रहा है ।कोरांव के रघुवर प्रजापति और कमलेश पटेल और ने बताया कि लौकी, नेनुआ, टमाटर, करेला, गोभी सहित गर्मियों में तैयार की जाने वाली फसलों पर बुरा असर पड़ेगा ।कैथवल गांव के उन्नतशील किसान चन्द कान्त मिश्र कहना है कि इस बार आम और महुए के अच्छे उत्पादन की उम्मीद थी लेकिन ओलावृष्टि दोबारा हुई तो पेड़ो में लगे सारे फल बर्बाद हो जाएंगे।

# ऐसे आयोजनों से प्रतिभाएं निखरती हैं : सुरेन्द्र चौधरी



प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के दौरान मौजूद अतिथिगण

**मेजा।** दुर्गावती एजूकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित जिलास्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को दुर्गावती इण्टरनेशन स्कूल एण्ड कॉलेज, चम्पारण स्टेट गोशौरा कला में किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों में छिपे

आंतरिक गुण एवं प्रतिभा में निखार आता है। छोटे उम्र से ही बच्चे जब मंच पर आकर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते हैं और सबके बीच प्रदर्शन करते हैं तो उनके अन्दर से डर एवं झिझक समाप्त हो जाता है, फिर वे किसी भी मंच से अपना बेहतर प्रदर्शन करने में पीछे नहीं रहते। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख मेजा प्रतिनिधि

गंगा प्रसाद मिश्रा ने दुर्गावती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन को ऐसे आयोजन कराने हेतु प्रशंसा की और कहा कि आने वाले समय में मेजा क्षेत्र का यह विद्यालय नालंदा विश्वविद्यालय बनेगा। कार्यक्रम में प्रतिभागियों के निर्णायक मंडल में शामिल मोती लाल नेहरू इंजीनियरिंग कॉलेज की प्रोफेसर डॉ तृप्ति ने कहा कि ग्रामीणांचल में ऐसे आयोजन रोमाचिंत करते हैं और मैं यहाँ आकर अभिभूत हूँ। जब भी दुर्गावती ग्रुप हमें बुलाएगा तो हम अनुभवों से बच्चों को लाभान्वित करने की पुरजोर कोशिश करेगें। कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का स्वागत दुर्गावती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के चेयरमैन भाजपा नेता सुशील मिश्रा व विद्यालय की प्रबन्धक डॉ० स्वतंत्र अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में की शुरूआत मुख्य अतिथि के द्वारा द्वीप प्रज्जवलन के साथ किया गया तथा अतिथियों का स्वागत बुके, साल एवं श्रीमद भागवत गीता देकर किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम में अजय कुमार तिवारी, तुलसीदास नित्यानंद उपध्याय, सिद्धान्त तिवारी, आनन्द चौबे आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के श्रीराम पाण्डेय, विशाखा, श्रीमती ज्योती राय, तनिष्का पाण्डेय, अमित बाजपेयी, सृजन, अंकुर, जुबेरिया रियंका शर्मा, संजय तिवारी, राहुल मिश्र आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### छेड़खानी का विरोध करने पर मां-बेटे समेत किशोरी को पीटा

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के एक गांव में दुकान जा रही किशोरी के साथ पड़ोसी युवकों ने छेड़खानी की। शोर मचाने पर भाई के साथ मां बीच-बचाव करने पहुंची तो आरोपितों ने तीनों को पीट दिया। पीड़िता से तहरीर लेकर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। करारी थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी घर के बगल स्थित दुकान पर सामान लेने जा रही थी। पड़ोसी युवक ने साथी के साथ मिल किशोरी के साथ छेड़खानी की। किशोरी घर की ओर भागी। बेटी की आवाज सुन मां व बेटे के साथ घटना स्थल पर पहुंच विरोध किया तो आरोपित युवकों ने किशोरी के साथ उसकी मां व भाई को लोहे के रॉड से प्रहार कर लहूलुहान कर दिया। मोहल्ले के लोगों के बीच-बचाव करने पर आरोपित पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। गांव पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### युवक को पीटा, एफआईआर दर्ज

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के निजीहा निवासी मोहम्मद यासीन का पड़ोसी से पुराना विवाद चल रहा है। इसी अदावत में दोनों के बीच कहासुनी हो गई। तीखी झड़प के बाद आरोपित ने युवक को पीट दिया। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### झांसा देकर युवती से किया दुराचार

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र की एक युवती ने प्रेमी युवक पर शादी का झांसा देकर दुराचार करने का आरोप लगाया है। युवती ने जब शादी करने की जिद किया तो आरोपित ने इनकार कर दिया। कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पहुंच पीड़िता ने मामले की नामजद शिकायत पुलिस से की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के साथ मददगार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सरायअकिल के पुरखास व युसुफपुर में पुलिस का छापा

## फरार अब्दुल कवि के करीबियों के यहां बरामद हुए असलहे

**कौशाम्बी।** विधायक राजू पाल हत्याकांड व उमेश पाल हत्याकांड के आरोपियों व उनके करीबियों पर लगातार पुलिसिया एक्शन जारी है। रविवार को पुलिस टीम सरायअकिल कोतवाली अंतर्गत पुरखास व युसुफपुर गांव में में छापा मारा। हालांकि पुलिस के हत्थे नौ लोग व उनके यहां से लाइसेंसी व अवैध तमंचा बरामद हुए हैं। हालांकि ने सभी के खिलाफ लिखा पढ़ी शुरू कर दी थी।

बता दें कि राजू पाल हत्याकांड के वांछित तथा 100000 का इनामी भगोड़ा अपराधी अब्दुल कवी की तलाश में तीसरे दिन थाना सरायअकिल के ग्राम पुरखास व यूसुफपुर में उसके शरण दाताओं व सहयोगियों के घरों पर भारी पुलिस बल के साथ सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल नौ व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। सर्च अभियान के दौरान भारी मात्रा में अवैध शस्त्र ,जिंदा व खोखा कारतूस, तथा लाइसेंसी असलहे बरामद हुए हैं जो उनके मूल ओनर्स के पास नही थे। हालांकि एसपी के निर्देश पर पुलिस टीम ने सभी पकड़े गए लोगों के खिलाफ लिखा पढ़ी शुरू कर दी गई थी।



पुलिस टीम के साथ पकड़े गए लोग व बरामद असलहे

गिरफ्तार व्यक्तियों में- (1)मोहमद अनस पुत्र अहमद वाशिम निवासी पुरखास थाना सराय अकिल जिला कौशांबी। (2) अख्तर हुसैन पुत्र तौब्बार हुसैन निवासी युशूफपुर थाना सराय अकिल जिला कौशांबी। (3)नवाज अशरफ पुत्र स्वर्गीय अली अशरफ निवासी भरवारी थाना कोखराज जिला कौशांबी। (4) हमीदुल गुफरान पुत्र स्वर्गीय हमीदुल मुज्जफर निवासी पुरखास थाना सराय अकिल जिला कौशांबी। (5) दानियाल करीम पुत्र एहतेशामुल करीम निवासी पुरखास थाना सराय अकिल जनपद कौशांबी। (6) एहसानुल करीम पुत्र अहमद सगीर निवासी पुरखास थाना सराय अकिल जनपद कौशांबी। (7) अजीत प्रताप सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह निवासी फकीराबाद थाना सराय अकिल जनपद कौशांबी। (8) सतीश विश्वकर्मा पुत्र रमेश चंद्र विश्वकर्मा निवासी पुरखास थाना सराय अकिल जनपद कौशांबी। (9) नफीस अहमद पुत्र जहरूउद्दीन निवासी पुरखास थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी।

### बरामदगी का विवरण

1- डीवीवीएल 12 बोर-4
2- डीवीवीएल 12 बोर-4
3- राइफल 315 बोर-3
4- राइफल 30 बोर-1
5- तमंचा 12 बोर -4
6- तमंचा 315 बोर-3
7- तमंचा 12 बोर अद्धी -1
8- रिवाल्वर 32 बोर-1
9- 111 राउंड 12 बोर
10- 17 राउंड 315 बोर
11- 8 राउंड 30 बोर
12- 5 खोखा कारतूस 12बोर
13- 11 खोखा कारतूस 315 बोर
14- 3 चाकू
15- 1 चापड़

## पॉलीक्लीनिक से लाखों का सामान चोरी

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के ढ़ेरहा मवई में संचालित पॉलीक्लीनिक में शनिवार को चोर दीवार में सेंध काटकर अंदर जा घुसे। पॉलीक्लीनिक के अंदर रखी दवा, हजारों की नकदी जहां समेट ले गए, वहीं चार बेड समेत तमाम सामान तोड़कर नष्ट कर दिया। रविवार सुबह जानकारी होने पर पॉलीक्लीनिक संचालक ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

कौशाम्बी ब्लॉक के विजिया चैराहा गांव निवासी शिव कुमार ने महेवाघाट कोतवाली के ढ़ेरहा मवई गांव में पॉलीक्लीनिक खोल रखी है। शनिवार शाम को वह पॉलीक्लीनिक बंदकर घर चले गए। रात में चोर दीवार में सेंध काटकर अंदर जा घुसे और छह हजार की नकदी, 40-50 हजार की दवा, कई मशीनें आदि उठा ले गए। साथ ही अस्पताल के अंदर जो भी सामान नहीं ले जा सके, उसको तोड़कर नष्ट कर दिया। मामले की शिकायत शिव कुमार ने महेवाघाट थाने में की है।

## ओपेन पाइपलाइन मरम्मत का काम शुरू, लोगों को मिलेगी राहत

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के गौरा रोड मोहल्ले में सड़क किनारे दोनों ओर लगी ओपेन पाइप लाइन कई जगह से टूटी हुई थी। जिसके चलते स्थानीय लोगों को गंदे पानी की सप्लाई मिल रही थी। लोगों की शिकायत पर ईओ भरवारी ने ओपेन पाइप लाइन के मरम्मत का आदेश जलकल सुपर वाइजर को दिया। ईओ के निर्देश पर रविवार से ओपन पाइप लाइन को ठीक करने में कर्मचारी जुट गए।

भरवारी के गौरा रोड़ मोहल्ले में बीते दस वर्ष पहले सड़क के दोनों ओर लगभग 1600 मीटर ओपन पाइप लगी है। यह ओपन पाइप लाइन भरवारी पुरानी बाजार चौराहे से बड़ी कुटी मंदिर तक दोनों ओर लगाई गई थी। लगने के कुछ ही वर्षों के बाद यह पाइप लाइन जगह-जगह से ध्वस्त हो गई थी। इसके चलते स्थानीय लोगों के घरों में गंदा पानी की सप्लाई हो रही थी। इससे तमाम तरह की बीमारियों से लोग पीड़ित थे। लोगों ने ओपन पाइन लाइन जगह-जगह से खराब व लीकेज होने की शिकायत नगर पलिका भरवारी में की थी। लोगों की शिकायत को संज्ञान में लेकर ईओ भरवारी शैलेन्द्र मिश्रा ने जलकल विभाग के सुपर वाइजर को इसे सही कराने का निर्देश दिया गया। ईओ की पहल पर रविवार से ओपन पाइप लाइन के मरम्मतीकरण का काम शुरू हो गया है।

### युवती को भगा ले गया युवक

**सैय्यद सरावां,कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली के एक गांव की नाबालिग युवती को पड़ोसी गांव का एक मनचला युवक बहला फुसला कर भगा ले गया। जानकारी घर वालो को हुई तो काफी खोजबीन किया लेकिन कही सुराग नहीं लगा। युवती के भाई ने पिपरी कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती में अनहोनी की आशंका जताई है।

# डीएम साहब एक निगाह बेरौंचा गौआश्रय केंद्र की ओर

## व्यवस्था के सारे दावों पर गोवंशों की हालत लगा रही पलीता, तोड़ रहे दम

**कौशाम्बी।** वैसे तो जिले में संचालित गोआश्रय स्थलों में व्यवस्था के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं। इतना ही नहीं आए दिन जिलाधिकारी सुजीत कुमार गोआश्रय केंद्रों से सम्बंधित अफसरों व जिम्मेदारों को गोवंशों की देख रेख व उनके चारा आदि के लिए कड़े निर्देश भी दिए जाते हैं, लेकिन कुछ ऐसे में गोआश्रय स्थल हैं जो व्यवस्थाओं की पोल खोल रहे हैं।

बात करें विकास खंड कौशांबी के ग्राम पंचायत बेरौचा के मजरा कैलाशपुर गांव में संचालित गोआश्रय केंद्र की तो इलाकाई बुद्धिजीवियों का आरोप है कि बेसहारा मवेशियों के संरक्षण के लिए अस्थाई गौशाला का निर्माण कराया गया है। भूसा व इलाज की व्यवस्था अनदेखी के चलते दम तोड़ रही है। हालांकि कहा तो यहां तक जा रहा है कि रविवार को गोवंशों की मौत भी हुई है, इतना ही नहीं कुछ गोवंश बीमार भी चल रहे हैं। गांव के लोगों का आरोप है कि शासन की ओर से गोशाला में गोवंशों को संरक्षित व उनके चारे भूसे व इलाज के लिए सरकार मोटी रकम पानी की तरह बहा रही हैं। गांव-गांव में भी गौशाला बनाए जा रहे हैं। गौशाला में मवेशियों के संरक्षण की जिम्मेदारी पशुपालन विभाग व ग्राम पंचायत को दी गई है। बड़ी बात यह है कि गोआश्रय केंद्रों के जिम्मेदारों की अनदेखी कह लिया जाए या फिर लापरवाही लेकिन इसका दंश गोवंश जरूर भुगत रहे हैं। हालांकि इलाकाई बुद्धिजीवियों ने इस ओर जिलाधिकारी सुजीत कुमार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए गोआश्रय केंद्र की गोपनीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही कराए जाने की मांग किया है।



बेरौंचा गोआश्रय स्थल में संरक्षित गोवंश व मृत गोवंश को ले जाते हुए

### दस जुआरियों को पुलिस ने दबोचा

**दारानगर, कौशाम्बी।** कड़ाधाम कोतवाली पुलिस ने दस जुंआरियों को धर दबोचा है। आरोप है कि इन जुंआरियों द्वारा नगर पंचायत दारानगर म्योहरा के ठाकुरद्वारा के शंकर जी के मंदिर में हार जीत की बाजी लगाकर खेल खेला जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर कड़ा धाम थानाध्यक्ष प्रिंस दीक्षित हमराहियों के साथ उपनिरीक्षक वीरेंद्र प्रताप, अब्बू नगर घोसियाना चैकी इंचार्ज सुनील यादव ,कांस्टेबल हर्षित मिश्रा और कांस्टेबल सुनील यादव चारों तरफ से घेर कर सभी की कड़ी मशक्कत के बाद धर दबोचा है। पुलिस ने सभी के खिलाफ लिखा पढ़ी कर चालान न्यायालय भेज दिया था।

# नहीं थम रहा बालू ओवर लोडिंग का खेल

**ओवरलोडिंग**

**सीएम के कड़े निर्देश के बाद भी अफसर कर रहे अनदेखी**

**सीएम के निर्देश में सीओ और एसडीएम को ओवर लोडिंग पर शिकंजा को दी गई थी जिम्मेदारी**

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के कनैली चौकी अंतर्गत भखंदा घाट से ओवरलोड बालू लदे वाहनों के परिचालन पर जिला प्रशासन रोक लगाने में दिलचस्पी नहीं ले रहा है। शासन के दावे पूरी तरह फेल साबित हो रहे है। वहीं स्थानीय पुलिस भी अपनी जेब भरने में लगी है। सराय अकिल थाना, कनैली चौकी, व कौशांबी थाना क्षेत्र में सड़कों पर सैकड़ों ट्रैक्टर व ट्रक ओवरलोड बालू लदे दौड़ते हुए देखे जा सकते हैं। वहीं पुलिस इस खेल में अन्जान बनी है। दिन रात ओवर लोड बालू लदे वाहनों का परिचालन खुब धड़ल्ले से हो रहा है।



सड़क पर फर्राटा भरता बालू ओवरलोड वाहन

इससे जहां राजस्व को लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो रही है। इसके बाद भी तहसील प्रशासन,खनन विभाग और स्थानीय पुलिस हाथ पर हाथ धर कर बैठी हुई है। सबसे बड़ी बात यह है कि ओवर लोडिंग को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने जिले के अफसरों को कड़े निर्देश भी दे चुके हैं। मुख्यमंत्री ने साफ तौर पर अफसरों को निर्देशित किया था कि बालू ओवरलोडिंग को बालू उत्खनन स्थल पर से ही रोका जाए, यदि बालू निकासी स्थल से ही ओवर लोडिंग पर लगाम लगेगी तो ओवर लोड बालू लदे वाहन सड़कों पर फर्राटा नहीं भर पाएंगे लेकिन शायद सीएम का यह निर्देश भी अफसर भूल गए और पूरे दिन सड़कों पर बालू ओवर लोड वाहन फरार्टा भरते नजर आ रहे हैं। बहरहाल जिले की बुद्धिजीवी जनता ने इस ओर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराया है।

## दो बाइकों में भिड़ंत अधेड़ जख्मी

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में पुनवार चैराहे के समीप रविवार सुबह दो बाइको में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में अधेड़ गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों बाइकों को कस्टडी में ले लिया है। बांदा जिले के बबेरू थानांतर्गत मुरवल गांव निवासी शिव मूरत मिश्रा (55) रविवार सुबह घर से करारी के लिए बाइक से निकले थे। जैसे ही वह पश्चिमशरीरा में पुनवार चैराहे के समीप पहुंचे, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार से टकरा गए। हादसे में सड़क पर गिरकर शिव मूरत गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आसपास मौजूद रहे लोगों ने एंबुलेंस और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शिव मूरत को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। बाद में दोनों वाहनों को कस्टडी में लेकर थाने उठा ले गई। पुलिस ने शिव मूरत के परिजनों को सूचना दी। हादसे की खबर पाकर परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए हैं।

# सांसद द्वारा कौशांबी में चलाई जा रही है मोदी वैन

**शुभारंभ**

**आम जनता के फीडबैक पर सोशल मीडिया ट्विटर पर प्रधानमंत्री मोदी ने की प्रशंसा**

**कौशाम्बी।** कौशांबी विकास परिषद के तत्वाधान में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री व सांसद विनोद सोनकर की पहल से कौशांबी लोकसभा के सभी विधानसभाओं के लिए मोदी वैन का शुभारंभ किया था। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर मोदी वैन का शुभारंभ किया था तब से उक्त मोदी वैन लगातार अपने-अपने विधान सभाओं के गांव-गांव जाकर आम जनमानस के स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओं का वितरण किया जा रहा है बता दें कि उक्त मोदी वैन में मोबाइल ओपीडी के साथ ही हाई स्पीड इंटरनेट व मेडिकल उपकरणों से लैस है तथा बेसिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस है एक ब्लड सैंपल से 39 प्रकार की जांच करके मात्र 10 मिनट में मरीज को रिपोर्ट दे रही है मोबाइल फोन के द्वारा भारत के विख्यात डॉक्टरों द्वारा उपचार हेतु सलाह दी जाती है इसके साथ ही गांव-गांव में टीकाकरण का कार्य भी करती है साथ ही भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी टीकाकरण योजना आवास योजना स्वच्छ भारत मिशन हर घर नल योजना प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना प्रधानमंत्री जन धन योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनाओं का प्रचार-प्रसार करती है इसके साथ ही पर्यावरण स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करती है कुछ ही समय में कौशांबी लोकसभा में उक्त वैन चर्चा का विषय बन गई और लगातार सोशल मीडिया में इसकी खबरें चलने लगी जिस पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने अधिकृत ट्विटर अकाउंट से ट्वीट करते हुए लिखा ष्अद्भुत प्रयास जनसेवा के ऐसे अभियान विकास को नई गति देने वाले हैं। उक्त बातों पर सांसद विनोद सोनकर ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मेरे द्वारा किए गए छोटे से प्रयास को सराहा गया है इससे मुझे और अच्छा करने की ऊर्जा मिलेगी और मैं प्रयास करूंगा कि मेरी लोकसभा में इससे भी बेहतर कार्य करूं जिससे आम जनमानस को और अधिक लाभ मिल सके। उक्त आशय की जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी राजेंद्र पांडे ने दी।

## सांसद खेल स्पर्धा का कल होगा शुभारंभ

**जनपद के 8 ब्लॉकों में होगी प्रतियोगिता**

**16236 बच्चे लोकसभा कौशांबी से करेंगे प्रतिभाग**

**कौशाम्बी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर देश के सभी सांसद अपनी-अपनी लोकसभा क्षेत्र में सांसद खेल स्पर्धा के आयोजन की अपील पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री व सांसद कौशांबी विनोद सोनकर द्वारा सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है बता दें कि सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन ब्लॉक स्तर पर 27 मार्च से शुरू होकर 31 मार्च तक चलेगा जनपद स्तर पर फाइनल 7 8 9 अप्रैल को कौशांबी महोत्सव के दौरान होगा लोकसभा कौशांबी 16236 बच्चे प्रतिभाग करेंगे ब्लॉक स्तरीय खेल के मैदान में मंझनपुर ब्लॉक जिला स्टेडियम सिनेमा सिराथू ब्लॉक विट्ठलभाई इंटर कॉलेज उदहिंन , कड़ा ब्लॉक जीजीआईसी फसाहिया मैदान ,सरसावा मिनी स्टेडियम पश्चिम शरीरा, मूरतगंज भवंस मेहता डिग्री कॉलेज भरवारी ,कौशांबी आदर्श इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में एथलेटिक्स कबड्डी वालीवाल कुस्ती और खो खो आज का आयोजन होगा की। जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी राजेंद्र पाण्डेय ने दी।

# मोबाइल का चार्जर फटा, युवक जख्मी

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के उमरवल गांव में शनिवार रात मोबाइल चार्जिंग लगाते समय चार्जर फट गया। इससे मोबाइल चार्ज में लगा रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने आनन-फानन में उसे सरायअकिल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

उमरवल गांव निवासी लालचंद्र खेती करता है। उनका बेटा बृजेश कुमार घरेलू कामकाज में हाथ बंटाता है। परिजनों के मुताबिक शनिवार रात बृजेश कुमार ने अपने एंड्रायड मोबाइल फोन को चार्जिंग के लिए लगाया। इस बीच कुछ त्रुटि आई तो वह बोर्ड में लगे चार्जर को निकालकर फिर से लगाने लगा। तभी चार्जर तेज आवाज के साथ फट गया। इसमें बृजेश के हाथ की तीन उंगलियां जख्मी हो गईं। शरीर पर कई जगह चोटें आई। चार्जर ब्लास्ट होने की आवाज सुनकर परिजन पहुंचे। आनन फानन में परिजनों ने उसे सरायअकिल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है।

## मारपीट में दो महिलाओं पर केस दर्ज

**कौशाम्बी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र के अशरफपुर गांव में रविवार की शाम शांति देवी का पड़ोसी सीमा व बेला देवी से मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद आरोपित महिलाओं ने शांति को पीट दिया। गांव पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए शांति की तहरीर पर आरोपित महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### रात आध गुल हो जाती है बत्ती, लोगों में नाराजगी

**कौशाम्बी।** बालकमऊ उपकेंद्र से जुडे गांवों में बिजली की आघोषित कटौती का सिलसिला नहीं थम रहा है। रोस्टर की कटौती के साथ सामान्य आपूर्ति भी कई घंटे नहीं रहती है। आधी रात बाद तीन घंटे के लिए बत्ती गुल हो जाती है। बालकमऊ उपकेंद्र में बिजली आपूर्ति के लिए तीन फीडर बनाए गए हैं। इन फीडरों से लगभग 30 गांवों को आपूर्ति की जाती है। बिसारा फीडर से जुडे गांवों को रोस्टर के मुताबिक आपूर्ति नहीं की जा रही है। रात आघोषित कटौती से उपभोक्ता परेशान हैं। उपकेंद्र से बिजली की आघोषित कटौती नहीं थम रही है। रोस्टर के मुताबिक बिजली आपूर्ति नहीं मिलने से गांवों में अधेरा छाया रहता है। सबसे ज्यादा परेशानी उपभोक्ताओं को आधी रात होती है। रात एक बजे से तीन घंटे की रोस्टिंग किए जाने से उपभोक्ता रतजगा कर रहे हैं। जिसकी शिकायत भी कई बार उपकेन्द्र में की गई लेकिन समस्या का समाधान नहीं कराया जा रहा है। इलाके के श्यामलाल, विजय, संजय, धर्मराज, अजय कुमार आदि लोगों का कहना है कि जो भी बिजली आपूर्ति मिलती है, वह ट्रिपिंग की शिकार हो जाती है।

# सांसद व डीएम ने मोबाइल वेटरनरी यूनिट वैन को दिखाई हरी झंडी

**कौशाम्बी।** कलक्ट्रेट परिसर से रविवार को सांसद विनोद सोनकर एवं जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने मोबाइल वेटरनरी यूनिट वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान सासंद ने कहा कि शासन द्वारा जनपद कौशाम्बी को पांच मोबाइल वेटरनरी यूनिट वैन उपलब्ध करायी गयी है। वैन जनपद के पांच स्थानों- पशुचिकित्सालय सिराथू, चायल, भरवारी, मंझनपुर एवं पश्चिमशरीरा में खडी रहेगी। जनपद के पशुपालको द्वारा अपने बीमार पशुओं के उपचार के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर-1962 पर काल करने पर तत्काल मोबाइल वेटरनरी यूनिट वैन(वैन में पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहेंगे) पशुपालक के घर पहुंचकर बीमार पशु का उपचार करने का कार्य करेंगी। उन्होंने जनपद के पशुपालकों को सूचित किया है कि अपने बीमार पशु के उपचार के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर-1962 पर काल करें, वैन तत्काल आपके घर पहॅचकर पशु का उपचार करने का कार्य करेंगी। इतना ही नहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में 520 मोबाइल वेटरनरी यूनिट वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया एवं टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर-1962 का शुभारभ किया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एनआईसी कलेक्र्ट्रेट,कौशाम्बी में किया गया तथा उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के उदबोधन को सुना। इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं मुख्य पशुचिकित्साधिकारी अरविन्द कुमार सागर तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सांसद विनोद सोनकर

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई भागवत कथा

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत सिराथू के कैथनबाग में रविवार को सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। सुबह सिर पर कलश रखकर महिलाएं शिवालय से डीजे की धुन पर थिरकते हुए निकलीं। इसके बाद गांव की गलियों से होते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचीं। कथा व्यास आचार्य अखिलेश ने वेदी पूजन कराया। वैदिकमंत्रों से कथा पंडाल गुंजायमान हो उठा। कथा व्यास ने कहा कि कलश रिद्धि-सिद्धि का प्रतीक है। कलश हमारे जीवन में हर काम में आता है। जन्म के समय कलश स्थापना की जाती है और मरने के समय शरीर के साथ कलश विसर्जन किया जाता है। इस मौके पर सरजू प्रसाद पांडेय, गिरजा पांडेय, अनिरूद्ध पांडेय, विनोद पांडेय, शिव व्रत पांडेय, गुड्डू, सोनू, अभिषेक, सावनी आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### आरोपी के खिलाफ मारपीट व तोड़फोड़ का केस

**लालगंज।** लालगंज पुलिस ने मजदूर के साथ मारपीट तथा तोड़फोड़ को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। गौखाड़ी निवासी विनोद यादव पुत्र रामसुमेर ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती बाइस मार्च को सुबह नौ बजे वह घर से असैनापुर गांव मजदूरी करने जा रहा था। असैनापुर गांव के समीप ट्यूबबेल के पास मिले असैनापुर के पन्ने लाल वर्मा उर्फ शैलेश पुत्र बृजलाल ने उसे गांव में मजदूरी करने को लेकर गाली दी। मना करने पर आरोपी ने हॉकी से हमला कर पीड़ित को चोटहिल कर दिया। लोग जुटने लगे तो आरोपी जानलेवा धमकी देते चला गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शनिवार की रात आरोपी शैलेश के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# प्रतिष्ठान में आगजनी से लाखों की सम्पदा हुई खाक

**लालगंज।** नगर की बाजार में शनिवार की रात प्रतिष्ठान में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग जाने से लाखों की सम्पदा जलकर नष्ट हो गयी। नेशनल हाई-वे की बाजार में प्रतिष्ठान में आगजनी की घटना को लेकर आधी रात तक अफरा तफरी का माहौल बना दिखा। स्थानीय व्यापारियों के प्रयास के साथ पुलिस एवं फायर ब्रिगेड के द्वारा दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह नियंत्रण हो सका। हालांकि फायर ब्रिगेड सूचना के बावजूद घटना के करीब बीस मिनट बाद मौके पर पहुंच सकी। इसे लेकर व्यापारियों में गुस्सा भी देखा गया। बाजार में लालगंज प्रतापगढ़ रोड पर मस्जिद के सामने स्व. हरिहर प्रसाद मोदनवाल के पुत्र व्यापारी रज्जू मोदनवाल ने जनरल स्टोर तथा गिफ्ट सेन्टर खोल रखा है। शनिवार की रात रज्जू परिवार के साथ दुकान बंद कर दूसरी मंजिल पर खाने पीने चले गये। रात करीब सवा दस बजे दुकान के अन्दर से धुंआ उठता देख आस पास के व्यापारी चीखने चिल्लाने लगे। नीचे शोरशराबा सुन पीड़ित व्यापारी रज्जू भी बदहवास दुकान के सामने पहुंचा। इस बीच दुकान के अन्दर आग धधक कर जलने लगी। आग पर काबू पाने के लिए व्यापारियों ने समरसेबल से पानी छोड़ना शुरू किया। इस बीच फायर ब्रिगेड को सूचना दी गयी। फोन पर कई बार प्रयास के बाद जब सम्पर्क नहीं हो सका तो कुछ लोग बाइक से फायर ब्रिगेड मुख्यालय पहुंचे। तब फायर ब्रिगेड का दस्ता मौके पर पहुंचा। जानकारी मिलने पर कोतवाल कमलेश पाल भी भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। इस बीच पुलिस ने नेशनल हाईवे पर स्टेट बैंक के पास तथा चैक एरिया में भारी वाहनों को रूकवाया। कुछ वाहनों का रूट डायवर्जन भी कराया गया। बीच बीच में बिजली गुल होने से भी आग बुझाने में मशक्कत कर रहे व्यापारियों को गुस्से में देखा गया। हालांकि पुलिस ने बिजली विभाग से सम्पर्क कर आपूर्ति चालू करवाया। आगजनी में दुकान में रखे लगभग दस लाख से अधिक के कीमती सौन्दर्य प्रसाधन तथा कीमती सामान जलकर नष्ट हो गये। दुकान में आगजनी को लेकर व्यापारी व परिवार के सदस्य भी रोते बिलखते दिखें। करीब पौने बारह बजे रात आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। इस दौरान बाजार में स्थानीय लोगों तथा व्यापारियों का भारी जमघट लगा दिखा। बाजार में आधी रात तक अफरा तफरी का माहौल भी बना दिखा। लोगों में यह चर्चा रही कि राष्ट्रीय राजमार्ग में आगजनी की इस घटना ने जिस तरह से फायर ब्रिगेड के लापरवाही का नजारा पेश किया ऐसे में यदि मकान के ऊपरी हिस्से में मौजूद गैस सिलेण्डर फट जाता तो बड़ी जनहानि भी सम्भावित थी। इधर घटना में प्रशासनिक लापरवाही की भी एक और पहलू उजागर करती दिखी है। नगर की व्यस्ततम बाजार में हादसे को रोकने के लिए फायर ब्रिगेड के द्वारा पाइपलाइन में जलापूर्ति के लिए हाइडेंट का प्रस्ताव अभी तक लटका हुआ है।


बाजार में अग्निकाण्ड को लेकर जुटी भीड़

# मिलेट्स मेले में माध्यमिक शिक्षा विभाग की सराहना


कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

**प्रतापगढ़।** मिलेट्स मेले के रविवार को समापन के दिन माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्तुति सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना की गई। नगर के जीआईसी में सम्पन्न हुए कार्यक्रम को डीएम के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ ओपी राय की देखरेख में सम्पन्न हुआ। रविवार को उप निदेशक नेहरू युवा केंद्र एसबी सिंह, प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह के संयोजन में प्रतिभागियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसकी दर्शकों ने सराहना की। सांस्कृतिक सत्र का शुभारंभ डॉ विंध्याचल सिंह, डीडीआर एसबी सिंह, सहायक आयुक्त डीपी सिंह, सीएफएसओ प्रदीप कुमार राय, समाजसेवी रोशन लाल, पूर्व जिला सूचना अधिकारी आरबी सिंह, एफएसओ संजय तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर ईओ राम अचल कुरील, एफएसओ अंजनी मिश्रा, ऋचा पांडेय, विवेक तिवारी, जनार्दन सिंह, बीएस मंगलमूर्ति, कपिल देव तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# किसानों को मोटे अनाज के फायदे व उत्पादन की दी गई जानकारी

**प्रतापगढ़।** कालाकांकर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र ऐंठू अवधेशपुरम में जैविक खेती के साथ श्री अन्न यानी मोटे अनाज की खेती के प्रति किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए दो दिवसीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि डा0 संजय सिंह महानिदेशक उपकार लखनऊ ने शनिवार को फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद व कालाकांकर स्टेट की राजकुमारी रत्ना सिंह ने किया। जिसमे डा0 पी0एस0 ओझा प्रदेश सलाहकार एफ0 पी0 ओ0, डा0 वाई पी0 सिंह निदेशक एवं सलाहकार आर0 ए0 वी0 जी0 ग्लोबल सोलूसन प्रा0लि0, डा0 बी0के0 द्विवेदी निदेशक ब्रिआट्स, संजीव कुमार शुक्ला निदेशक श्री अन्न गर्भा बायो इनर्जी, डा0 ए0के0 श्रीवास्तव आर्गेनिक व नेचुरल, डा0 एस0के0 शुक्ला प्रबन्ध निदेशक डक्स मार्केटिंग लखनऊ, सहित तीन सौ से अधिक किसान उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डा0 संजय सिंह महानिदेशक उपकार ने कहा कि किसान मोटे अनाजों का अधिकाधिक पैदावार करें। कम लागत में मिलेट्स का पैदावार और इसके खानपान में वृद्धि से छोटे किसानों को सीधे फायदा होगा। डा0 एस0 के0 ओझा ने किसानों को जैविक खेती की चुनौतियों, जैविक खेती करने के तरीके और उससे कैसे फायदा उठाये के बारे में तकनीकी जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र की अध्यक्षा राजकुमारी रत्ना सिंह ने कहा कि मोटा अनाज हमारे शरीर के पोषण के लिए उत्तम है। इनमें अधिक फाइबर और उच्च पोषण होता है। मोटे अनाज के प्रचार प्रसार व उत्पादन से सभी को फायदा होगा। खासकर किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं हेड डा0 ए0के0 श्रीवास्तव ने कहा कि मोटे अनाज की खेती करने में रासानिक खादों की बहुत कम आवश्यकता होती है। पानी की भी बचत होगी। मोटे अनाजों में बाजरा, ज्वार, मक्का आदि की खेती करने के लिए पानी की बहुत कम जरूरत पड़ती है। इसलिए मोटे अनाज की खेती करने से स्वास्थ्य, पर्यावरण के साथ-साथ पानी संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। किसान मेले में किसानों को कृषि के क्षेत्र में उन्नत तकनीकों की जानकारी दी गई। मेले में मोटे अनाज से बने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की प्रदर्शनी लगायी गई। किसान मेले में समूह की महिलाओ का सराहनीय योगदान रहा। इस मौके पर वैज्ञानिक व किसान मौजूद रहे।


कालाकांकर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित किसान मेले में जुटे लोग

# राहुल के समर्थन में कांग्रेसियों ने संकल्प सत्याग्रह में गाए भजन

**प्रतापगढ़।** कांग्रेसियों ने रविवार को शहर के कंपनी गार्डन में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने राहुल गांधी के समर्थन में बैठकर संकल्प सत्याग्रह किया। जिसमें मोदी सरकार को जमकर कोसा। कांग्रेसजनों का सत्याग्रह सुबह से शाम तक चला। सत्याग्रह में कांग्रेसियों ने मोदी सरकार को सत्य, अहिंसा व न्याय पर चलने के लिए रघुपति राघव राजाराम....के भजन गाए। जिला अध्यक्ष डॉ लालजी त्रिपाठी ने कहा कि जनता की आवाज को उठाने वाले राहुल गांधी की संसद से सदस्यता रद्द की गई। जबकि उन्होंने सिर्फ संसद में अदानी की 20 हजार करोड़ की लूट के लिए जेपीसी जांच की मांग की थी। पूरी की पूरी भाजपा के मंत्री और सांसद राहुल गांधी का विरोध करने लगे। बीजेपी की पूरी टीम राहुल गांधी देशद्रोही बता रही है। क्या अडानी के खिलाफ बोलना देशद्रोह है। यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि आखिर अडानी की कंपनियों को दिए गए 20 हजार करोड़ रुपए किसके हैं। सिर्फ यही जवाब पीएम मोदी संसद में दे दे। दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अब मोदी सरकार की तानाशाही एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस जन-आंदोलन कर आर पार की लड़ाई लड़ने को तैयार है। हम बैठने वाले नहीं हैं। जरूरत पड़ने पर सड़क से लेकर संसद तक जेल भरो आंदोलन करने को बाध्य होंगे। कांग्रेस के अन्य पदाधिकारियों ने राहुल गांधी के समर्थन में मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। इस दौरान प्रशांत देव शुक्ल, इरफान अली, नरसिंह प्रकाश मिश्रा, कपिल द्विवेदी, महेंद्र शुक्ला, रोहित कुमार शुक्ला, वेदांत तिवारी, राम शिरोमणि वर्मा, आफाक अहमद, सरोज कश्यप, उत्सव भूषण पाल, अब्दुल रहमान, सुनीता पटेल, दिलीप गौतम, दानिश माबूद, जमुना प्रसाद पांडेय, रामरतन तिवारी, ज्योत कुमार तिवारी गल्ली, अभय किशोर त्रिपाठी, संजय इस्तियाक, सलीम उल्ला, श्याम शंकर तिवारी आदि उपस्थित रहे।



कंपनी गार्डन में राहुल गांधी के समर्थन में संकल्प सत्याग्रह करते कांग्रेसी

# संचारी व दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए दी गई जानकारी

**प्रतापगढ़।** संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए रानीगंज के बीआरसी केंद्र संडिला पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नोडल शिक्षकों को मौसम जनित बीमारियों के रोकथाम के बारे में विभिन्न जानकारियां दी गई। खंड शिक्षा अधिकारी शशांक मिश्र ने शिक्षकों से कहा कि वह इस अभियान को सफल बनाने के लिए विभागीय दिशानिदेशों का पालन करें और जागरूकता अभियान को सफल बनाएं। यूनिसेफ के बीएमसी नरेंद्र मिश्र ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान 1 से 30 अप्रैल के बीच चलाया जाएगा। इसके तहत मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके अलावां दस्तक अभियान भी 17 से 30 अप्रैल तक चलेगा। इस अभियान के तहत लोगों को विभिन्न प्रकार की संक्रामक बीमारियों से बचाव की जानकारियां दी जानी है। अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने और बचाव के लिए विद्यालयों में जागरूकता रैली निकालने, पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता आयोजित करने के बारे में बीएमसी नरेंद्र मिश्र द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। सभी से इस अभियान को सफल बनाने की अपेक्षा की गई। बीपीएम नितिन शर्मा ने कहा कि मच्छर जनित बीमारियों से बचाव करना जरूरी है। इसके लिए मच्छरदानी में सोने, कूड़ा करकट इकट्ठा ना होने देने, और गंदी नालियों की सफाई आदि की व्यवस्था के बारे में हर किसी को जागरूक करना है। अभियान को सफल बनाने के लिए हम सभी को प्रयत्न करना है। हर विद्यालयों में जागरूकता अभियान को सफल बनाने की अपेक्षा जताई गई । इस दौरान एआरपी कुलदीप श्रीवास्तव सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद रहे।


कार्यक्रम में लोगों को जागरूक करते हुए

### सामूहिक विवाह को सफल बनाने के लिए तय की गई रूपरेखा

**प्रतापगढ़।** जिला उमरवैश्य समाज सभा की मासिक बैठक चिलबिला उमरवैश्य धर्मशाला में समिति के अध्यक्ष गुलाबचंद उमरवैश्य की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समाज सभा द्वारा आयोजित होने वाले 15वें सामूहिक विवाह के फार्म का वितरण किया गया। विवाह के लिए 10 युवक व 6 युवतियों ने फार्म जमा किया। समाज सभा के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि 15वें सामूहिक विवाह का आयोजन 25 नवंबर को होगा। बैठक में समाज के कार्यों को गति देने के लिए 10 प्रांतों में फार्म भेजने का निर्णय लिया गया। जिससे वहां रह रहे लोगों को भी सामूहिक विवाह में सहभागिता करने का अवसर मिल सके। रोशनलाल ने बताया कि 15वाँ सामूहिक विवाह राष्ट्रीय स्तर किया जा रहा है। इसमें देश के कोने- कोने व कई प्रांतों से समाज के लोग शामिल होंगे। अध्यक्षता कर रहे गुलाब चंद ने कहा कि सभी कमेटियों का गठन अगले माह तक कर लिया जाए। इस महायज्ञ में सभी अपना योगदान देकर समाज सभा का नाम पूरे देश में रोशन करें। संचालन महामंत्री शोभनाथ व आभार ज्ञापन कोषाध्यक्ष मदन लाल उमरवैश्य ने किया।


ट्राई साइकिल के साथ दिव्यांग

### ट्राई साइकिल पाकर खिले दिव्यांगों के चेहरे

**प्रतापगढ़।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा रविवार को राजकीय अक्षम विद्यालय बढ़नी में दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। दिव्यांगजन अधिकारी ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। दिव्यांगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभाग लगातार प्रयासरत है। दिव्यांगों की हर सुविधा के लिए साकार गंभीर है। मोटराइज्ड ट्राई साइकिल पाकर दिव्यांगों के चेहरे पर खुशी देखी गई। समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि हर पात्र व्यक्ति को लाभ मिले और यह लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ उठाएं और कोई भी समस्या हो तो हम सब उसका निराकरण करने के लिए तत्पर रहेंगे। जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में 140 मोटराइज्ड ट्राई साइकिल दिव्यांगजनों को वितरित किए। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सच्चिदानंद तिवारी एवं जिला दिव्यांग बंधु के सदस्य समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने किया। इस अवसर पर जिले के सांसद, विधायक सदर व विश्वनाथगंज, भाजपा मीडिया प्रभारी राघवेंद्र शुक्ला, विवेक उपाध्याय, अनिरुद्ध तिवारी, हर्ष सिंह, राकेश, सुशील मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### अर्चना को मिली पीएचडी उपाधि, खुशी

**लालगंज।** मेधावी को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में प्रभावी शोध प्रस्तुत करने के लिए पीएचडी की उपाधि मिलने से नगर के लोगों में रविवार को खुशी देखी गयी। नगर के नेताजी पुरम निवासी पूर्व आरक्षी एवं हरिहर मंदिरम प्रबन्ध समिति के संरक्षक रामचन्द्र शुक्ल की पुत्र वधू अर्चना शुक्ला को भारतीय महिलाओं में सामाजिक राजनैतिक चेतना शोध विषय पर विद्या वारिधि सम्मान मिला है। अर्चना ने अपने शोध में प्रतापगढ़ जिले के लालगंज तहसील की महिलाओं के सशक्तिकरण पर आधारित अध्ययन को लेकर शोध पत्र प्रस्तुत किया है। शोध पत्र को लेकर डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति ने अर्चना को पीएचडी उपाधि का प्रमाण पत्र निर्गत किया है। डॉ0 अर्चना की सफलता पर क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना, वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, आचार्य देवानन्द मिश्र, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, प्रीतेन्द्र ओझा, संजीव द्विवेदी आदि ने खुशी जतायी है।


अर्चना शुक्ला

### भक्ति संगीत संध्या में आस्था गोस्वामी के भजनों ने बांधा समा


भक्ति संगीत संध्या में जुटी भीड़

**प्रतापगढ़।** लोक एवं जनजाति कला संस्कृति संस्थान लखनऊ द्वारा आयोजित शनिवार की शाम बेल्हा देवी धाम के सई तट पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें मथुरा की सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ आस्था गोस्वामी के भजनों के कार्यक्रम का शुभारंभ आदिगंगा आरती से हुआ। भजन गायिका ने गणेश वंदना... आनंद कर नाचत हैं गणपति... उसके बाद नटवर नागर नंदा भजो रे मन गोविंदा, भगवान राम पर रचित तुलसीकृत रचना ठुमक चलत रामचंद्र बाजत पैजनिया... कई भजनों के बाद एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों की प्रशंसा बटोरी। विनोद मिश्र के तबला वादन से श्रोतागण अभिभूत होते रहे। विश्व के अनेक देशों में भारतीय संगीत की पताका फहराने वाली विदुषी आस्था गोस्वामी ने कई शास्त्रीय रागों पर आधारित उच्च स्तरीय भजन गायकी से श्रोताओं को झूमने पर विवश कर दिया। अंत में बृज की होली गायकी में गुलाब, बेला, गेंदा, की पंखुड़ियों ने अभूतपूर्व होली का दिग्दर्शन कराया। बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा, बच्चे, गायन के साथ नृत्य करते फूलों की पंखुड़ियों से अपने को सराबोर करते रहे। इस अवसर पर होली से पूरा परिसर मंत्रमुग्ध कर देने वाली संगीत संध्या में रंगा रहा। तबले पर शानदार संगति इलाहाबाद विश्वविद्यालय में कार्यरत पंडित विनोद मिश्र और हारमोनियम पर प्रयाग के ही अनुराग मिश्र द्वारा की गई। इस दौरान प्रमोद सिंह मुन्ना भैया, विधायक सदर राजेंद्र मौर्य, व्यापार मंडल के एके सिंह, सत्येंद्र नाथ मिश्रा, गोविंद खंडेलवाल, राकेश शुक्ला, डॉ0 बृजभान सिंह, डॉ0 पीयूष कांत शर्मा, अश्वनी केसरवानी, शरद केसरवानी, पंकज मिश्र, उदय भान सिंह, चिंतामणि, डॉ सौरभ पांडे, मुरलीधर केसरवानी, नितेश खंडेलवाल, गिरजा शंकर मिश्रा, सुनील प्रभाकर, प्रभाशंकर, शीतांशु ओझा, जय प्रकाश खंडेलवाल, मनीष केसरवानी, शिवानी मातनहेलिया, पुष्पांजलि शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# रामपुर खास में विकास का माडल है प्रेरणास्त्रोत : गिंडलानी

**लालगंज।** नगर स्थित क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर रविवार को छत्तीसगढ़ सरकार के छत्तीसगढ़ सिंधी अकादमी के चेयरमैन रामगिंडलानी के पहुंचने पर कार्यकताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। गिंडलानी ने पर्यटन स्थली बाबा घुइसरनाथधाम में मत्था टेकने के बाद विधायक के कैम्प कार्यालय पहुंचे। यहां कार्यकताओं ने प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्रा के नेतृत्व में उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। यहां कार्यकताओं की बैठक को संबोधित करते हुए गिंडलानी ने कहा कि कांग्रेस की छत्तीसगढ़ सरकार वहां किसानों को फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देने के साथ पशु पालन को बढ़ावा देने के लिए गोबर तथा गौमूत्र की सरकारी खरीद की देश को नजीर दिये हुए है। उन्होंने रामपुर खास में क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के द्वारा कराये गये विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यहां का विकास कई प्रदेशों के विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणा की स्त्रोत बन गयी है। राहुल गांधी के संसद की सदस्यता के समाप्त होने को लेकर रामगिंडलानी ने कहा कि मोदी सरकार संसद में विपक्ष की आवाज को पूरी तरह खत्म करने पर आमादा है। उन्होंने कार्यकताओं से राहुल गांधी के समर्थन में देश में प्रजातंत्र को बचाने के लिए संघर्ष की धार तेज करने को कहा। उनके साथ आये रवि ग्वालानी ने भी कार्यकताओं का हौसला बढ़ाया। बैठक की अध्यक्षता चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर छोटे लाल सरोज, बृजेश द्विवेदी, विनय पाण्डेय, शास्त्री सौरभ, त्रिभू तिवारी, सोनू मिश्रा, रिंकू धुरिया, रामप्रकाश प्रजापति, रामबोध शुक्ल, फक्कड़ पाण्डेय आदि रहे।


लालगंज में अकादमी चेयरमैन का स्वागत करते कांग्रेसी

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों ने बांधा शमा

**प्रतापगढ़।** रानीगंज कैथौला स्थित कैम्ब्रिज इण्टरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव में रविवार को नन्हें मुन्हों का धमाल देखकर बड़ी संख्या में मौजूद अभिभावक मंत्रमुग्ध हो उठे। कार्यक्रम का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि एसजेएस ग्रुप ऑफ स्कूल के प्रबन्ध निदेशक रमेश बहादुर सिंह व विद्यालय के संस्थापक समाजसेवी अनिल कुमार सिंह छोटे सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन कर किया। वार्षिकोत्सव में शिक्षा तथा सांस्कृतिक एवं कला के क्षेत्र में अव्वल मेधावियों को अतिथियों ने मेडल प्रदान कर सम्मानित भी किया। सम्मान पाकर स्कूल के नौनिहालों के चेहरे पर भी सुनहली मुस्कान खिल उठी देखी गयी। प्रबन्धक नीतेश सिंह ने शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए अभिभावकों से मेधावियों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में बच्चों के पठन पाठन व रहन सहन के वातावरण को मजबूत बनाये जाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि रमेश बहादुर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा की उपादेयता तभी सार्थक हुआ करती है जब यह नौनिहालों के व्यक्तित्व निर्माण की पूर्णताः लिए हुए हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह छोटे सिंह ने किया। प्रधानाचार्या सुश्री कोयना तिवारी ने स्वागत भाषण में विद्यालय के बेहतरीन शैक्षिक वातावरण की उपलब्धियां गिनायी। वहीं आराध्या, आर्या, अपूर्वा, वंशिका, राघव, कृतिका, अर्चित, व शिवांश द्वारा डांडिया नृत्य, शिवतांडव, भावनृत्य, तथा एकांकी व हास्य प्रहसन की एक से बढ़कर एक मनोहारी प्रस्तुतियां देकर अभिभावकों व अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ओज के मशहूर कवि एवं साहित्यकार हरिबहादुर सिंह हर्ष के भी मुक्तक नन्हें मुन्हों के लिए प्रेरणास्पद दिखे। उपप्रधानाचार्य विजय टेज्सलर ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर संकठा प्रसाद सिंह, जय सिंह, रामचन्द्र तिवारी, अखिल सिंह, सुन्दर लाल पटेल, भइयाराम तिवारी, सत्येन्द्र सिंह, रोहिणी रमण पाण्डेय, सतीश गौड़, पवन पटेल, सुनील, बड़ेलाल सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन संरक्षक आशीष कुमार सिंह ने किया।


वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

जनसंपादकीय

# किसानों की चिंताएं दूर होनी चाहिए

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**



पिछले दिनों से उत्तर भारत के कई राज्यों में हुई बेमौसमी बरसात से किसानों की माथे पर चिंता की गहरी लकीरें खींच दी है। किसान अनाज खलिहानों से निकालकर मंडी ले जाने की तैयारी में है। दूसरी ओर जो फसल मंडियों तक पहुंची थी, वह बारिश से भीग गयी। प्रकृति की मार ने किसानों की आशाओं और उम्मीदों पर पानी फेरने का काम किया है। वास्तव में, पिछले कुछ वर्षों में ग्लोबल वार्मिंग से जो तापमान वृद्धि हुई है, उससे मौसम के मिजाज में तीव्र परिवर्तन आया है। कुल मिलाकर हमारी खाद्य श्रृंखला पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। बारिश की आवृत्ति, उसके समय और गुणवत्ता में बदलाव आया है। बारिश तेज होती है और कम समय के लिये होती है। पिछले दिनों अचानक तापमान में समय से पहले हुई वृद्धि को गेहूं की फसल के लिये नुकसानदायक माना जा रहा था।

पिछले साल भी ऐसा ही हुआ था कि समय से पहले तापमान वृद्धि से भरी-पूरी फसल के बावजूद गेहूं का दाना छोटा रह गया था। जिससे उत्पादकता में कमी आई और किसान को नुकसान उठाना पड़ा। ऐसे में जब बारिश हुई तो कयास लगाये जा रहे थे कि तापमान में कमी आना गेहूं की फसल के लिये लाभदायक रहेगा। लेकिन तेज बारिश ने किसानों के अरमान पर पानी फेर दिया है। किसान व हरियाणा में नेता विपक्ष मांग कर रहे हैं कि फसलों को हुए नुकसान का आकलन करके तुरंत किसानों को राहत राशि दी जाये। निस्संदेह, यह वक्त की जरूरत भी है।

पिछले दिनों देश के विभिन्न भागों में किसान आलू-प्याज की भरपूर फसल होने के बावजूद कीमतों में आयी गिरावट का त्रास झेल रहे थे। कहीं सड़कों पर आलू बिखेरने व आलू की फसल पर ट्रेक्टर चलाने की खबरें आ रही थीं तो नासिक में प्याज उत्पादकों के आंदोलन की सुगबुगहाट थी। वहीं किसान संगठन भी अपनी पिछली मांगों पर केंद्र का सकारात्मक प्रतिसाद न मिलने के बाद दिल्ली में फिर एकजुट हुए हैं। बहरहाल, बारिश के चलते फसलों को होने वाले नुकसान ने किसानों की मुसीबतें और बढ़ा दी हैं।

ऐसा नहीं है कि किसान केवल बेमौसम बारिश से ही परेशान है। उसकी तमाम दूसरे मुद्दे और समस्याएं भी हैं जिनका निराकरण होना जरूरी है। तीन कृषि कानूनों की वापसी के बाद से खेती-किसानी के मुद्दों पर लगातार बहस हो रही है। पिछले दिनों किसानों की महापंचायत भी हुई और केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर के साथ बातचीत भी हुई, लेकिन नतीजा 'शून्य' रहा। किसानों की उम्मीद भी 'शून्य' बताई जा रही है। बीती जुलाई में जो कमेटी गठित की गई थी, उसकी बैठक भी संयोगवश बुलाई गई थी। फिलहाल कमेटी ने 18 राज्यों से पूछा है कि किसानों की स्थिति क्या है? 19 विश्वविद्यालयों से सुझाव मांगे हैं कि किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कैसे तय किया जा सकता है, जो उसे लाभकारी साबित हो? एमएसपी को कानूनी दर्जा देने पर अभी तक न तो विमर्श किया गया है और न ही यह कमेटी के एजेंडे में शामिल है। अलबत्ता निष्क्रिय कमेटी ने आश्वस्त किया है कि जून, 2023 में एक रपट भारत सरकार को सौंप दी जाएगी।

राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में 32 संगठनों के हजारों किसान जुटे, महापंचायत का नाम दिया गया। कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर, जो खुद छोटे किसान भी हैं, से 15 किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात और बातचीत की। यह संवाद 22 जनवरी, 2021 के बाद संभव हुआ है। भारत सरकार और किसानों के बीच लंबे दो साल तक संवाद क्यों नहीं हो सका, यह सवाल चिंतित भी करता है। चूंकि एमएसपी का सबसे महत्त्वपूर्ण मुद्दा आज भी अनसुलझा है, सरकार और कमेटी दोनों ही खामोश हैं। हाल ही में महाराष्ट्र में प्याज किसानों ने मीलों लंबा मार्च निकाला। एक किसान के 512 किलोग्राम प्याज के दाम मात्र 2 रुपए मिले। एक किसान 1457 किग्रा बैंगन मंडी में बेचने आया, तो उसी से 125 रुपए वापस मांगे गए।

यानी फसल की कोई कीमत नहीं, बल्कि पैसे किसान के खाते में निकाल दिए। आलू 1-2 रुपए प्रति किलो के भाव से रुल रहा है। चीनी मिलों की चीनी किस भाव बाजार में बिकेगी, सरकार यह घोषणा तो तुरंत कर देती है, लेकिन गन्ने का सहयोग मूल्य तय करने में टालमटोल करती रहती है। आखिर देश में किसानों के लिए यह कौन-सी अर्थव्यवस्था है? क्या सरकारें किसानों को खेती से विमुख कर शहरों में मजदूर बनाने पर आमादा हैं? विश्व बैंक की यही योजना है। आखिर एमएसपी ऐसा क्या मुद्दा है, जो करीब 50 सालों से अनसुलझा रहा है?

बार-बार दोहराया जाता रहा है कि सरकार के ही आंकड़े हैं कि किसान की औसत आय 27 रुपए रोजाना है। नीति आयोग ने भी लगभग यही माना है। किसी भी देश के लिए यह शर्मनाक और विडंबनापूर्ण स्थिति है। किसान की माहवार औसत आमदनी आज भी 10,000 रुपए से कम है। इस आमदनी में मजदूरी का मेहनताना भी शामिल है। क्या सरकार को एहसास नहीं होता कि उसी के 'अन्नदाता' के आर्थिक हालात बदतर हैं? किसानों को दी जाने वाली 6000 रुपए सालाना की सम्मान-राशि उनकी औपचारिक आय का पर्याय या विकल्प नहीं हो सकती। फसल बीमा योजना भी कंपनियों के मुनाफे का बंदोबस्त साबित हुआ है। कमोबेश ऐसा कुछ किया जाना चाहिए, ताकि 'अच्छे दिनों' के उजाले स्पष्ट दिखने लगें। एमएसपी को वैधानिक दर्जा देने और उसके दायरे में अधिकतम फसलों को लाने का फैसला ऐतिहासिक साबित हो सकता है।

मौसम चक्र में परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, पानी की कमी और तमाम अन्य कारण हैं जो किसानों का खेती से बेरूख कर रहे हैं। बहुत संभव है कि एक सौ चालीस करोड़ की आबादी वाले देश में आने वाले दशकों में खाद्यान्न संकट पैदा हो जाये। जिसके लिये अभी से दूरगामी नीतियां बनाने की जरूरत है। चिंता की बात यह भी है कि हालिया बे-मौसमी बारिश व ओलावृष्टि से हरियाणा, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में गेहूं,मटर व सरसों आदि फसलों को ठीक कटाई से पहले हुए नुकसान के चलते खाद्य मुद्रास्फीति न बढ़ जाये। इससे केंद्र सरकार और आरबीआई द्वारा मुद्रास्फीति को कम करने के प्रयासों को झटका लग सकता है। साथ ही सरकार द्वारा देश के अस्सी करोड़ लोगों को दिये जा रहे खाद्यान्न सहायता कार्यक्रम पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है। वहीं सरसों की फसल प्रभावित होने से खाद्यान्न तेलों के आयात का दबाव भी बढ़ सकता है। निस्संदेह, आम आदमी के लिये महंगाई की चुनौती भी बढ़ सकती है। मौसम विज्ञानी पश्चिमी विक्षोभ के चलते कुछ और दिन बारिश की भविष्यवाणी कर रहे हैं। ऐसे में जहां किसानों को फौरी राहत दिये जाने की जरूरत है, वहीं केंद्र व राज्य सरकारों को फसलों हेतु नये शोध-अनुसंधान को बढ़ावा देने की जरूरत है, जो ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से होने वाले नुकसान को रोकने में किसानों की मदद करें। निस्संदेह, लगातार मौसम की बेरुखी से किसान के माथे पर चिंता की लकीरें गहरी होती जा रही हैं। दूसरे, मंडियों में कृषि उत्पादों के वाजिब दाम न मिल पाने से किसान अपनी लागत भी हासिल नहीं कर पा रहा है। यह संकट किसानों की आने वाली पीढ़ी को खेती से विमुख करने वाला है। कृषि विशेषज्ञों को चाहिए कि वो ऐसी तकनीक विकसित करें जिससे देश के हर राज्य में मौसम की बेरुखी से होने वाले फसलों के नुकसान से किसानों को बचाया जा सके, अर्थात जिस तरह मौसम का चक्र परिवर्तन हुआ है, उसी हिसाब से फसलों को पैदा किया जाए, उनकी खेती की जाए।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, संपर्क-99 3624 7777)**

# 'वर्ल्ड हैप्पीनेस' में शर्मनाक रैंकिंग

प्रसंगवश

**एच एल दुसाध**



2023 में 'अन्तर्रष्ट्रीय खुशी दिवस' के अवसर जो वर्ल्ड हैप्पीनेस की रिपोर्ट प्रकाशित हुई है, उसे देखकर अतीत की भांति ही भारत के लोग एक बार फिर सदमे में आ गये हैं क?योंकि 137 देशो में हमारे देश को 126 वीं रैंक हासिल हुई है, जबकि पड़ोसी देशों पाकिस्तान (108), म्यांमार (72), नेपाल (78), बांग्लादेश (102) और चीन (64) को लिस्ट में भारत से ऊपर जगह मिली है.यानी, कि हमसे ज?यादा खुशहाल तो भारत के चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के लोग माने गए हैं. वैसे भारत को जो रैंकिंग मिली है उससे बहुत विस्मित नहीं होना चाहिए.खुशी मापने के लिए विभिन्?न देशों के लोगों की लाइफस्टाइल, वहां की जीडीपी, सोशल सपोर्ट, बेहद कम भ्रष्टाचार और एक-दूसरे के प्रति दिखाए गए प्रेम को जो आधार बनाया गया है, उस आधार पर भारत के इससे बेहतर रैंकिंग पाने की उम्मीद ही नहीं की जा सकती! विगत वर्षों में मानव विकास सूचकांक, क्वालिटी ऑफ लाइफ, जच्चा-बच्चा मृत्यु दर , प्रति व्यक्ति डॉक्टरों की उपलब्धता, क्वालिटी एजुकेशन इत्यादि से जुड़ी जितने भी इंडेक्स/रिपोर्ट्स जारी हुए हैं, उनमें हमारी स्थिति स्थिति बद से बदतर ही नजर आई है.उन सभी में ही भारत अपने पिछड़े पडोसी मुल्को से सामान्यतया पीछे ही रहा है. किसी भी रिपोर्ट में सुधार का लक्षण दिखना मुश्किल है. आज लैंगिक समानता के मोर्चे पर भारत दक्षिण एशिया में नेपाल , बांग्लादेश, भूटान,म्यांमार से भी पीछे चला गया है और भारत की आधी आबादी को आर्थिक रूप से पुरुषों के बराबर आने में 257 साल लगने हैं, इसकी खुली घोषणा ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2021 में हो चुकी है.2022 के अगस्त में भारत नाईजेरिया को पीछे धकेल कर 'विश्व गरीबी की राजधानी' का खिताब अपने नाम कर चुका है; घटिया शिक्षा के मामले में मलावी नामक अनाम देश को छोड़ कर भारत टॉप पर पहुँच चुका है. इस वर्ष जनवरी में प्रकाशित ऑक्सफैम इंटरनेश्नल की रिपोर्ट में यह तथ्य उभर कर आया कि 1 प्रतिशत अमीरों के पास 40% तो टॉप की 10 % आबादी के पास 72% धन-दौलत है, जबकि नीचे की 50% आबादी महज 3% वेल्थ पर गुजर-बसर करने के लिए विवश है.ऐसे में 2023 में वैश्विक खुशहाली की रिपोर्ट में भारत की जो अत्यंत निराशजनक रैंकिंग मिली है, उससे हमें जरा भी विस्मित नहीं होना चाहिए!

मोदी राज में जिस तरह वर्ग संघर्ष का इकतरफा खेल खेलते हुए मुट्ठी भर जन्मजात सुविधाभोगी लोगो के हाथ में सारा कुछ देने के इरादे से देश बेचने से लेकर बहुसंख्य लोगों को गुलामों की स्थिति में पहुचाने प्रयास हुआ है; जिस तरह नीचे की 50 % आबादी को 3% संपदा पर जीवन निर्वाह के लिए मजबूर होना पड़ा है; जिस तरह गाय के समक्ष इंसानों के जीवन को कमतर आँका गया है; जिस तरह दलित तथा धार्मिक अल्पसंख्यकों को लिंचिंग का शिकार बनाया गया है; जिस तरह अदानी को लेकर भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा बना है और सर्वोपरि जिस तरह आधी आबादी को आर्थिक रूप से पुरुषों की बराबरी में आने के लिए 257 साल लगने के आंकड़े सामने आये हैं,उससे देश की 90 प्रतिशत से ज्यादे आबादी में भारी क्षोभ व्याप्त है,उस कारण खुशहाली के मोर्चे पर भारत की स्थिति शोचनीय होनी ही थी! बहरहाल वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2023 में आये चित्र को अगर बदलना है तो भारत को आर्थिक और सामाजिक विषमता के खात्मे की दिशा में अभूतपूर्व कदम उठाने होंगे. स्मरण रहे आर्थिक और सामाजिक विषमता मानव जाति की सबसे बड़ी समस्या है.इसी समस्या के जठर से भूख-कुपोषण, गरीबी-अशिक्षा, आतंकवाद- विच्छिन्नता, भ्रष्टाचार और परस्पर शत्रुता इत्यादि का जन्म होता और विगत वर्षों में शासकों को स्व-वर्णवादी नीतियों के कारण भारत में यह समस्या एक्सट्रीम पर पहुँच गयी है.

भारत में व्याप्त भीषणतम विषमता से पार पाने के लिए जरुरी है कि सरकारों का कार्यक्रम गरीबों : दलित, आदिवासी,पिछड़े और इनसे धर्मान्तरित तबको के साथ महिलाओं को लक्षित हो! इसके लिए जरुरी है कि हम नॉर्डिक मॉडल का मोह विसर्जित कर अमेरिका और खासतौर से दक्षिण अफ्रीका के डाइवर्सिटी मॉडल से प्रेरित 'बहुजन डाइवर्सिटी मिशन'(बीडीएम) के विविधता फामूर्ले को अंगीकार करें! बीडीएम वंचित वर्गों के लेखकों का संगठन है और इससे जुड़े लेखकों का यह दृढ मत रहा है कि आर्थिक और सामाजिक गैर-बराबरी ही मानव-जाति की सबसे बड़ी समस्या है तथा शक्ति के स्त्रोतों(आर्थिक-राजनीतिक-धार्मिक-शैक्षिक)में सामाजिक और लैंगिक विविधता के असमान प्रतिबिम्बन से ही सारी दुनिया सहित भारत में भी इसकी उत्पत्ति होती रही है, इसलिए ही बीडीएम ने शक्ति के समस्त स्त्रोतों में सामाजिक और लैंगिक विविधता का वाजिब प्रतिबिम्बन कराने की कार्य योजना बनाया. इसके लिए इसकी ओर से निम्न दस सूत्रीय एजेंडा जारी किया गया है. 1-सेना व न्यायालयों सहित सरकारी और निजीक्षेत्र की सभी स्तर की,सभी प्रकार की नौकरियों व धार्मिक प्रतिष्ठानों अर्थात पौरोहित्य; 2-सरकारी और निजी क्षेत्रों द्वारा दी जानेवाली सभी वस्तुओं की डीलरशिप; 3-सरकारी और निजी क्षेत्रों द्वारा की जानेवाली सभी वस्तुओं की खरीदारी;4-सड़क-भवन निर्माण इत्यादि के ठेकों,पार्किंग,परिवहन; 5-सरकारी और निजी क्षेत्रों द्वारा चलाये जानेवाले छोटे-बड़े स्कूलों, विश्वविद्यालयों,तकनीकि-व्यावसायिक शिक्षण संस्थाओं के संचालन,प्रवेश व अध्यापन; 6-सरकारी और निजी क्षेत्रों द्वारा अपनी नीतियों,उत्पादित वस्तुओं इत्यादि के विज्ञापन के मद में खर्च की जानेवाली धनराशि;7-देश झविदेश की संस्थाओं द्वारा गैर-सरकारी संस्थाओं (एनजीओ) को दी जानेवाली धनराशि; 8-प्रिंट व इलेक्ट्रोनिक मीडिया एवं फिल्म-टीवी के सभी प्रभागों; 9-रेल-राष्ट्रीय मार्गों की खाली पड़ी भूमि सहित तमाम सरकारी और मठों की खाली पड़ी जमीन व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए अस्पृश्य-आदिवासियों में वितरित हो एवं 10- ग्राम-पंचायत,शहरी निकाय, संसद-विधानसभा की सीटों; राज्य एवं केन्द्र की कैबिनेट;विभिन्न मंत्रालयों के कार्यालयों; विधान परिषद राज्यसभा;राष्ट्रपति,राज्यपाल एवं प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के कार्यालयों इत्यादि में लागू हो सामाजिक और लैंगिक विविधता!

भारत में विषमताजन्य समस्या इसलिए विकराल रूप धारण की क्योंकि आजाद भारत के शासक वर्ग ने, जो जन्मजात सुविधाभोगी से रहे,अपनी वर्णवादी सोच के कारण विविध सामाजिक समूहों के स्त्री और पुरुषों के मध्य शक्ति के स्त्रोतों के वाजिब बंटवारे से परहेज किया , जिसकी मोदी राज में इन्तेहां हो गयी है.इस कारण ही टॉप की 10 % आबादी ,जो जन्मजात सुविधाभोगी से है, का धन-दौलत पर 72 % कब्जे के साथ अर्थ- राज- ज्ञान और धर्म सत्ता के साथ फिल्म-मीडिया इत्यादि पर औसतन कब्जा हो गया है.बीडीएम का दस सूत्रीय एजेंडा इस ऐतिहासिक भूल का गारंटी के साथ सुधार करता है. अगर वर्ल्ड हैप्पीनेस की ताजी रिपोर्ट भारत का बुद्धिजीवी वर्ग चिंतित है तो उन्हें अवसरों और संसाधनों के बंटवारे में अनिवार्य रूप से दो उपायों पर अमल करना होगा. सबसे पहले यह करना होगा कि अवसरों और संसाधनों के बंटवारे में सवर्ण पुरुषों को , जिनकी आबादी बमुश्किल 7-8 प्रतिशत होगी, उनको उनकी संख्यानुपात पर लाना होगा ताकि उनके हिस्से का औसतन 70 प्रतिशत अतिरक्त(सरप्लस) अवसर खुशहाली से महरूम वंचित वर्गो, विशेषकर आधी आबादी में बंटने का मार्ग प्रशस्त हो.अवसरों के बंटवारे में सवर्ण पुरुषों को उनके संख्यानुपात में सिमटाने के बाद दूसरा उपाय यह करना होगा कि अवसर और संसाधन प्राथमिकता के साथ पहले प्रत्येक समुदाय की आधी आबादी के हिस्से में जाय.इसके लिए प्राथमिकता के साथ क्रमशः सर्वाधिक वंचित तबकों की महिलाओं को अवसर सुलभ कराने का प्रावधान करना होगा.

उल्लिखित- सेना व न्यायालयों सहित सरकारी और निजीक्षेत्र की सभी स्तर की,सभी प्रकार की नौकरियों, पौरोहित्य,डीलरशिप; सप्लाई,सड़क-भवन निर्माण इत्यादि के ठेकों,पार्किंग,परिवहन; शिक्षण संस्थानों, विज्ञापन व एनजीओ को बंटने वाली राशि,ग्राम-पंचायत,शहरी निकाय, संसद-विधानसभा की सीटों; राज्य एवं केन्द्र की कैबिनेट;विभिन्न मंत्रालयों के कार्यालयों; विधान परिषद-राज्यसभा;राष्ट्रपति,राज्यपाल एवं प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के कार्यालयों इत्यादि के कार्यबल में

क्रमशः दलित, आदिवासी, पिछड़े, अल्पसंख्यक और सवर्ण समुदायों की महिलाओं को इन समूहों के हिस्से का 50 प्रतिशत भाग प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित कराने में सफल हो जाते हैं तो भारत नाखुशी की जड़ आर्थिक और सामाजिक विषमता से शर्तिया तौर पर पार पा लेगा और वर्ल्ड हैप्पीनेस रैंकिंग की शर्मनाक स्थिति से उबर कर दुनिया के टॉप देशों में जगह बना लेगा!

**(लेखक बहुजन डाइवर्सिटी मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं. संपर्क : 9654816191)**

**मोदी राज में जिस तरह वर्ग संघर्ष का इकतरफा खेल खेलते हुए मुट्ठी भर जन्मजात सुविधाभोगी लोगो के हाथ में सारा कुछ देने के इरादे से देश बेचने से लेकर बहुसंख्य लोगों को गुलामों की स्थिति में पहुचाने प्रयास हुआ है; जिस तरह नीचे की 50 % आबादी को 3% संपदा पर जीवन निर्वाह के लिए मजबूर होना पड़ा है; जिस तरह गाय के समक्ष इंसानों के जीवन को कमतर आँका गया है; जिस तरह दलित तथा धार्मिक अल्पसंख्यकों को लिंचिंग का शिकार बनाया गया है; जिस तरह अदानी को लेकर भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा बना है और सर्वोपरि जिस तरह आधी आबादी को आर्थिक रूप से पुरुषों की बराबरी में आने के लिए 257 साल लगने के आंकड़े सामने आये हैं,उससे देश की 90 प्रतिशत से ज्यादे आबादी में भारी क्षोभ व्याप्त है,उस कारण खुशहाली के मोर्चे पर भारत की स्थिति शोचनीय होनी ही थी!**

# सूचकांकों से ही नहीं आंकी जा सकती खुशी

सामयिकी

**मनीष कुमार चौधरी**



खुशी से संबंधित जितने भी हैप्पीनेस इंडेक्स या खुशहाली के सूचकांक तैयार किए जाते हैं, तो अक्सर देखने में आता है कि नार्डिक देशों (स्वीडन, नॉर्वे, फिनलैंड, आइसलैंड व डेनमार्क) में से कोई न कोई देश प्रायः इन सभी सूचकांकों में शीर्ष पर पाया जाता है। लेकिन इन देशों में वैश्विक आबादी का मात्र एक फीसदी हिस्सा ही रहता है। वर्ष 2023 वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट यह दशार्ती है कि फिनलैंड लगातार छठे साल दुनिया का सबसे खुशहाल देश बना हुआ है। डेनमार्क, आइसलैंड, इजराइल और नीदरलैंड अगले सबसे खुशहाल देश हैं। अन्य यूरोपीय देशों जैसे स्वीडन, नॉर्वे, स्विटजरलैंड और लक्जमबर्ग भी शीर्ष 10 में शामिल हैं। रिपोर्ट में भारत की स्थिति 136 से सुधर कर 126 हो गई है, हालांकि यह अभी भी नेपाल, चीन और बांग्लादेश जैसे अपने पड़ोसी देशों से पीछे है। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष के बावजूद, दोनों देश हैप्पी इंडेक्स में भारत से ऊपर हैं। रूस 70वें स्थान और यूक्रेन 92वें स्थान पर है।

सर्वे में शामिल 137 देशों में अफगानिस्तान को सबसे दुखी राष्ट्र के रूप में स्थान दिया गया। लेबनान, जिम्बाब्वे और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य जैसे अन्य देशों को भी सबसे ज्यादा दुखी देशों में शामिल किया गया है, जो मुख्य रूप से भ्रष्टाचार के उच्च स्तर और कम जीवन प्रत्याशा जैसे कारकों के कारण हैं। वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट घरेलू और वैश्विक दोनों कारकों सहित विभिन्न मानदंडों के आधार पर दुनिया भर में खुशी के स्तर का आकलन करती है। यह रिपोर्ट लोगों के वर्तमान जीवन संतुष्टि स्तरों के बारे में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधि नमूने के फीडबैक के आधार पर खुशी को आंकती है। खुशी को अब सार्वजनिक नीति के लक्ष्य के रूप में स्वीकार कर लिया गया है। इसने खुशी और शासन को जटिल रूप से परस्पर जोड़ा है। कई देशों के अनुभव इस बात की पुष्टि करते हैं कि उच्च सकल घरेलू उत्पाद और प्रति व्यक्ति उच्च आय वाले देश सबसे खुशहाल देश नहीं हैं और खुशी की स्थिति और कानून के शासन के बीच एक लिंक मौजूद है। खुशी पर तथ्यात्मक शोध और अनुसंधानों में इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सका है कि किसी देश के लोग ज्यादा खुश रहते हैं, किसी देश के कम क्यों! यह एक रोचक तथ्य है कि जिन नार्डिक देशों को सबसे खुशहाल बताया जाता है, वहां तलाक की दर 35 से 60 प्रतिशत तक है। कहें कि हर दूसरे या तीसरे विवाह का अंत यहां तलाक होता है। इस संबंध में कुछ समाजशास्त्रियों का मानना है कि तलाक जैसे मुद्दों का जीवन की खुशी या प्रसन्नता पर कोई खास प्रतिकूल असर नहीं पड़ता। उनका नजरिया है कि यह तो दो लोगों की आजादी का मुद्दा है कि वे किसी रिश्ते में तब तक ही रहें, जब तक कि उसमें खुशी हैं। इसलिए आंकड़ों से परे हट कर खुशी को व्यक्ति की मानसिकता और सामाजिकता के पहलू में तौलें तो हमें बेहतर परिणाम मिलेंगे। दरअसल खुशी किसी चीज की देन नहीं होती। यह तो एक मानसिक अवस्था है, जो सांसारिक सुख-साधनों की गैर मौजूदगी में भी प्राप्त की जा सकती है। आपकी उम्मीदें भी खुशी से जुड़ी हैं। हम अक्सर सोचते हैं कि जब चीजें बदलेंगी, हम खुश हो जाएंगे। पर सच ये है कि जब हम खुश होते हैं और उस हिसाब से काम करते हैं तो चीजें भी बेहतर हो जाती हैं।

मनोवैज्ञानिकों व दार्शनिकों का निष्कर्ष है कि खुशी 'कृत्रिम' है या हमारे मस्तिष्क द्वारा गढ़ी हुई होती है। कवि जॉन मिल्टन के अनुसार, 'दिमाग अपनी जगह है और वह स्वयं ही नर्क को स्वर्ग और स्वर्ग को नर्क बना सकता है।' कुछ लोग भाग्यशाली होते हैं और स्वभाव से ही खुश रहते हैं। उनके पास एक गुण होता है, जिसे मनोवैज्ञानिक 'हाई सेट पॉइंट' कहते हैं। बाकी लोगों को खुशियां ढूंढनी पड़ती हैं। जीवन की शुरूआत में ही हम खुशी का अपना सिद्धांत विकसित कर लेते हैं। किसी व्यक्ति को कौनसी चीज खुशी प्रदान करेगी, यह उस व्यक्ति की प्रकृति, मनोवृत्ति, इच्छा और परिस्थितियों पर निर्भर करता है। खुशी न तो प्रायोजित होती है और न ही खरीदी जा सकती है। हम अक्सर सोचते हैं कि जब चीजें बदलेंगी, हम खुश हो जाएंगे। पर सच ये है कि जब हम खुश होते हैं और उस हिसाब से काम करते हैं तो चीजें भी बेहतर हो जाती हैं। खुशी की कोई टाइम लिमिट नहीं होती। खुशी पर किये गए कुछ अध्ययन बताते हैं कि खुशी का 50 प्रतिशत हिस्सा आपके जीन पर निर्भर करता है। जीवन से जुड़े कुछ मुद्दे, जैसे आपका लुक, सेहत और आय जैसी चीजें इसमें सिर्फ 10 प्रतिशत भूमिका निभाती हैं। बाकी 40 प्रतिशत आपके हाथ में होता है। इस 40 प्रतिशत हिस्से को आप खुद कंट्रोल कर सकते हैं। उम्र को हम खुशी के स्तर और मात्रा से जोड़ें तो वैज्ञानिक अनुसंधानों में यह देखने में आया है कि तीस साल तक इंसान के भीतर खुशी की बढ़ोतरी होती है, उसके बाद खुशी की मात्रा में कमी होने लगती है। लगभग पचास के बाद खुशी का स्तर फिर से बढने लगता है। वैज्ञानिक भाषा में इस अवस्था को खुशी का 'यू-बैंड' कहा जाता है।

प्रसिद्ध दार्शनिक अरस्तू के अनुसार खुशी मानव जीवन का मुख्य उद्देश्य है। किसी को क्या अच्छा लगता है, वैसा करना खुशी का रहस्य नहीं है। खुशी का रहस्य तो वह कार्य करना है, जो कि किया जाना चाहिए। खुशी कोई ऐसी चीज भी नहीं है कि जिसे तश्तरी में रख कर प्रस्तुत कर दिया जाए। खुशी उतनी ही दुर्लभ है, जितनी तितली। जितना इसके पीछे भागेंगे, वह उतना ही आप से दूर होती जाएगी। अगर आप शांत, स्थिर बैठे रहेंगे तो हो सकता है वह पास आए और चुपके से आपकी हथेलियों पर बैठ जाए। अब्राहम लिंकन का कहना है, 'अधिकांश लोग उतने ही प्रसन्न होते हैं, जितना प्रसन्न होने का विचार उनके मन में व्याप्त होता है।' आपके पास क्या है या आप कौन हैं, यह सोच कर खुशी हासिल नहीं की जा सकती। यह आपके विचारों की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। खुशी का रिश्ता मनुष्य के स्वभाव और संवेगों से भी होता है और स्वभाव एक ऐसी चीज है, जिसके साथ आप पैदा होते हैं। संतोषी और अपेक्षा न रखने वाले स्वभाव को इतना दुख महसूस नहीं होता, जितना अति महत्वाकांक्षी और अधीर रहने वाले को मिलता है। स्वयं पर नियंत्रण हमें ज्यादा खुश और सुखी बना सकता है, यानी अपनी खुशियों की चाबी किसी और की जेब में न रखें। जाहिर है, यह अंदर का मामला है। महात्मा बुद्ध ने कहा था, 'खुशी पाने का कोई रास्ता नहीं है, बल्कि खुश रहने से सारे रास्ते मिल सकते हैं।'

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, संपर्क 9829453147)**

**कवि जॉन मिल्टन के अनुसार, 'दिमाग अपनी जगह है और वह स्वयं ही नर्क को स्वर्ग और स्वर्ग को नर्क बना सकता है।' कुछ लोग भाग्यशाली होते हैं और स्वभाव से ही खुश रहते हैं। उनके पास एक गुण होता है, जिसे मनोवैज्ञानिक 'हाई सेट पॉइंट' कहते हैं। बाकी लोगों को खुशियां ढूंढनी पड़ती हैं। जीवन की शुरूआत में ही हम खुशी का अपना सिद्धांत विकसित कर लेते हैं। किसी व्यक्ति को कौनसी चीज खुशी प्रदान करेगी, यह उस व्यक्ति की प्रकृति, मनोवृत्ति, इच्छा और परिस्थितियों पर निर्भर करता है। खुशी न तो प्रायोजित होती है और न ही खरीदी जा सकती है।**

व्यंग्य



# लोकतंत्र की चिंता

**हरिशंकर राढ़ी**

कितनी अच्छी बात हुई कि आजादी के अमृत महोत्सव के साल तमाम लोगों को लोकतंत्र की चिंता सताने लगी है। अच्छा हुआ जो अमृत महोत्सव वर्ष आजादी के मात्र पचहत्तर साल बाद आ गया। देर करता तो लोकतंत्र बचाने की चिंता भी देर से उठती। समय रहते ईलाज हो जाए तो बड़ी से बड़ी बीमारी भी ठीक हो जाती है। सबसे बड़ी बात यह है कि लोकतंत्र की चिंता सभी राजनीतिक दल करने लगे हैं। ऐसी राजनीतिक समरसता एवं समझदारी पहले कभी नहीं दिखी थी। यह बात अलग है कि लोकतंत्र की चिंता की अवधारणाएँ और रंग अलग-अलग हैं।

यह तो कहिए कि एक महान नेता ने इस मुद्दे को विदेश में उठा दिया और देश में लोकतंत्र बचाने के लिए वैश्विक गाँव के पश्चिमी मोहल्ले से मदद माँग ली। पंच परमेश्वर की शरण में कमजोर इंसान ही जाता है। उनको लगता है कि देश में लोकतंत्र है ही नहीं। सही बात। उस लोकतंत्र का क्या मतलब जिसमें अपनी सत्ता न हो? उससे भी बुरा कि लोकतंत्र के नाम पर ही सत्ता से बाहर हुए। आज जो सत्तासीन हैं, पहले उनके लिए लोकतंत्र नहीं था। जब लोक ने सत्ता उन्हें सौंप दी तो देश में लोकतंत्र स्थापित हो गया। यानी परिभाषा यह हुई कि स्वयं की सत्ता में होने की स्थिति को लोकतंत्र कहते हैं। स्वयं की सत्ता में कोई भी निर्णय लिया जाए, वह लोकतांत्रिक होता है। ऐसा जनता एवं विपक्ष को मानकर चलना चाहिए।

लोकतंत्र है, लोकतंत्र नहीं है। एक का बयान है कि लोकतंत्र खतरे में है, तो दूसरे का बयान कि लोकतंत्र जबरे में है। गोया स्कूल स्तर की वाद-विवाद प्रतियोगिता है। पहले ये छात्र थे तो कहते थे कि देश में लोकतंत्र नहीं है। दूजे वाले साहब लोग तब हेडमास्टर थे, वे कहते थे कि लोकतंत्र है। छात्र महोदय हेडमास्टर हो गए, वे कहते हैं कि अब जाकर लोकतंत्र आया है। उधर हेडमास्टर साहब रिटायर हो गए। पेंशन पर जी रहे हैं। वे कहते हैं कि लोकतंत्र नहीं है। नए वाल हेडमास्टर साहब याद दिलाते हैं कि आपातकाल का उपहार देने वाले लोकतंत्र की बात करते हैं। रिटायर वाले बोल रहे हैं कि आपने हमारी पेंशन भी बंद कर दी और अब जेल में भी डाल रहे हैं, कहाँ का लोकतंत्र?

गोया लोकतंत्र-लोकतंत्र का खेल हो रहा है। लेकिन इतना खेल हो रहा है तो क्या पता लोकतंत्र ठीक भी हो जाए। हो सकता है कि सभी राजनीतिक दल अपना लोकतंत्र बहाल कर लें। हो सकता है कि निकट भविष्य में दल के अध्यक्ष पद के चुनाव में वास्तविक प्रत्याशी खड़े हों, वास्तविक मतदान हो और वास्तविक अध्यक्ष चुन लिया जाए। हो सकता है कि सुप्रीमो के तमाम पद खत्म कर दिए जाएँ तथा नियमावली के अनुसार हर बार नया अध्यक्ष चुनकर आए। यह भी हो सकता है कि पार्टियाँ अपने सदस्यों को असहमत होने का भी अधिकार दे दें। चमत्कार यह भी हो सकता है कि कोई अदना-सा सदस्य अपने दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष के खिलाफ खुलकर बोले और उसे देश-निकाला देने के बजाए सर्वोत्तम सदस्य होने का सम्मान मिल जाए।

यह भी हो सकता है स्वयं राष्ट्रीय दल के रूप में पेश करने वाले पैत्रिक मोहल्ला राजनीतिक दल भी लोकतंत्र समझने लग जाएँ और पिता की विरासत को जनता में बाँटने लग जाएँ। आजादी के अमृत महोत्सव पर तो कुछ भी हो सकता है। जहाँ अमृत जैसा शब्द आ गया, वहाँ क्या नहीं हो सकता? हो सकता है कि जाँच एजेंसियाँ भी लोकतांत्रिक हो जाएँ और अभियुक्त को बोलने का मौका देने लगें। यह भी हो सकता है कि एजेंसियाँ राजनीतिक अभियुक्त से दस घंटे पूछताछ करने के बजाए दो घंटे में ही छोड़ दें। यह भी हो सकता है कि वे अभियुक्त के किसी बयान पर विश्वास कर लें। आखिर लोकतंत्र की चिंता करनी है तो यह सब तो करना ही पड़ेगा।

वैसे चुनाव के माध्यम से सत्ता हथियाने की घटनाएँ देखकर तो यही लगता है कि लोकतंत्र जिंदा है। जो लोकतंत्र पर खतरा देख रहे हैं, चुनाव में वे भी कूद रहे हैं। कुछ तो दो-दो जगह से कूद रहे हैं। कुछ पिछले दरवाजे से आ रहे हैं। आगे यह भी सुधार हो सकता है कि चुनावों में दंगा-फसाद, हत्या-अपहरण न हो। यह भी हो सकता है कि चुनावों के पहले सांप्रदायिक दंगे न हों और जातिवाद का बिगुल न बजे। लोकतंत्र में धुले नेता चुनाव रैलियों में सीना ठोंककर बोलें- ह्लइस बार आपको वोट लोकतंत्र को देना है, बिना भय के देना है। और हाँ, जिस प्रत्याशी पर जरा-सा भी दाग है, उसे वोट नहीं देना है।ह्व लोकतंत्र की चिंता है तो इतना तो बोलना ही पड़ेगा, भले ही सारे पुराने प्रत्याशी अयोग्य घोषित हो जाएँ।

लेकिन फिलहाल पता नहीं लोकतंत्र खतरे में है या जबरे में!

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क : 09654030701)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# पांच लाख भक्तों ने किया मां विंध्यवासिनी का दर्शन

## पंचमी पर विंध्यधाम की गलियों में लगा श्रद्धालुओं तांता



दर्शन को उमड़ा भक्तों का जत्था

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** चैत्र नवरात्रि की पंचमी तिथि पर रविवार को विंध्याचल धाम में भोर से लेकर देर रात तक करीब 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने अपनी हाजिरी लगाई। मां विंध्यवासिनी का गुड़हल कमल एवं गुलाब के पुष्प चढ़ाकर श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। वहीं घंटा घड़ियाल शंख नगाड़ा एवं मां विंध्यवासिनी के जयकारे से पूरा माहौल भक्ति में डूबा रहा। पांचवें दिन स्कंदमाता के रूप में श्रद्धालु दर्शन पूजन किए। विंध्याचल में चल रहे चैत्र नवरात्र मेले के पांचवें दिन भी देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां विंध्यवासिनी के दरबार में पहुंचे थे। रविवार दिन छुट्टी होने के नाते एवं नवरात्र मेला के कारण पूरा विंध्याचल धाम श्रद्धालुओं से पटा नजर आया।

सुबह लगभग 11 बजे तक डेढ़ लाख से अधिक भक्तों ने मां के चरणों में शीश नवाया। इसके अलावा गंगा घाट हो या गली पहाड़ हो या सड़क हर जगह भक्तजन दिखाई दे रहे थे। भोर में मंगला आरती के पूर्व से ही मंदिर परिसर एवं गंगा घाटों पर नर नारियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। मंगला आरती के भव्य स्वरूप का दर्शन करने के लिए श्रद्धालु लालायित नजर आए। गंगा स्नान करने के बाद मंदिर पहुंचे भक्तों ने मां के भव्य स्वरूप का दर्शन पूजन किया और मंगल कामना की मंदिर के बाहर न्यू वीआईपी रोड एवं पुरानी वीआईपी रोड बच्चा पाठक की गली जयपुरिया गली सदर बाजार गली में भक्तों की लंबी कतारें भोर से ही लगनी शुरू हो गई थी।

**नवरात्र**

### घंटों इंतजार करने के बाद भक्तों ने किया मां का दीदार

### वीआईपी दर्शन के लिए मची रही होड़

कतार में खड़े श्रद्धालु मां का जयकारा लगाते हुए मंदिर की तरफ बढ़े चले जा रहे थे। देवी धाम पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां विंध्यवासिनी के भव्य स्वरूप का दर्शन करके भाव विभोर हो उठे।

देवी मां का दर्शन पूजन करने के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में विराजमान समस्त देवी देवताओं के मंदिरों में भी जाकर मत्था टेका और घर परिवार में खुशहाली की कामना की। मंदिर के छत पर दूर-दराज से आए संत महात्मा वैदिक मंत्रोच्चार बीच अनुष्ठान पूजन करने में तल्लीन दिखाई दिए।

वहीं मंदिर का गुंबद एवं हवन कुंड का परिक्रमा करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। विंध्याचल के गंगा घाटों पर स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु भोर से ही जुट गए थे। गंगा स्नान करने के बाद भक्तों ने प्रसाद की दुकानों से नारियल चुनरी माला फूल रोरी रक्षा लाची दाना एवं प्रसाद लेकर मां को चढ़ाया। वहीं महिलाओं ने कढ़ाई चढ़ाकर मां के लिए हलवा पूरी बनाया और मां को भोग लगाकर विधिवत पूजन किया। नवरात्र मेले के दौरान विंध्याचल में उमड़ी भारी भीड़ के चलते पुलिस प्रशासन की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वहीं श्री विंध्य पंडा समाज के अध्यक्ष पंकज द्विवेदी एवं मंत्री भानु पाठक सहित समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की सेवा में तल्लीन दिखाई दिए। श्री विन्ध्य पंडा समाज अध्यक्ष पंकज द्विवेदी के मुताबिक करीब पांच लाख भक्तों ने दर्शन पूजन किए।

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हो रहे थे भक्त

चैत्र नवरात्र मेले के दौरान उमड़ी आस्थावानों की भीड़ को देखते हुए श्रद्धालु सीसीटीवी कैमरे की नजरों से कैद हो रहे थे। मंदिर परिसर में भीड़ को नियंत्रित के लिए ध्वनि विस्तारक के माध्यम से अवगत कराए जा रहा था जबकि दोपहर 12 मां का कपाट बंद हुआ तो कतार में खड़े श्रद्धालु जिस स्थान पर खड़े थे। उसी स्थान पर बैठे रहे जब मां का जब कपाट खुला तो मां का जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ते चले जा रहे थे। मंदिर परिसर में आयोजित नव दिवसीय अखंड पाठ ब्राह्मणों मंत्रोच्चारण के साथ पाठ किए जा रहे थे।

### रविवार को छुट्टी पर बढ़ी भक्तों की भीड़

चैत्र नवरात्र मेले के दौरान पांचवे दिन रविवार के दिन छुट्टी होने के नाते अपार भीड़ उमड़ पड़ी। किसी ने झांकी तो किसी ने गर्भ गृह में दर्शन पूजन करने के लालाहित रहे। वीआईपी दर्शन के लिए होड़ मची रही। श्रद्धालु अपने अपने जुगाड़ में जुटे रहे कि कैसे जल्द दर्शन हो जाय लेकिन पुलिस प्रशासन की ओर से व्यवस्था तगड़ी कर दी गई थी। किसी प्रकार से वीआईपी दर्शन के लिए जारी प्रोटोकॉल के अनुसार ही सुविधा दी जा रही थी। जुगाड़ तंत्र लोगों को वीआईपी मार्ग से प्रतिबंधित कर दिए गए थे। नई वीआईपी मार्ग की तरफ से आम श्रद्धालु एवं तीर्थ पुरोहितों की कतार बनाए गए हैं पंक्ति बद्ध होकर श्रद्धालु दर्शन पूजन करने के लिए मंदिर परिसर में प्रवेश कर रहे हैं।

### घर के खातिर पर्वत पर घरौंदा बना रहे भक्त

चैत्र नवरात्र मेला में विंध्य त्रिकोण पथ पर पत्थरों से रोजाना हजारों घरौंदे बनाए जाते हैं। लोक मानता है कि काली खोह पहाड़ी एवं अष्टभुजा पहाड़ पर त्रिकोण परिक्रमा के दौरान घरौंदा बनाने से अपना घर बनाने की लालसा देवी मां से करते हैं। कामना एवं लालसा देवी पूरी करती हैं। उसके घर पर हमेशा मां का आशीर्वाद बना रहता है। इसी के चलते काली खोह पहाड़ी से अष्टभुजा मंदिर तक त्रिकोण परिक्रमा के अंतर्गत सड़क के दोनों तरफ पत्थरों से घर घरौंदे बनाए जाते हैं। नवरात्र मेले के दौरान मां विंध्यवासिनी माता का दर्शन पूजन करने के बाद श्रद्धालु आस्थावान रोजाना त्रिकोण परिक्रमा करते हैं। यात्रा के दौरान वे पत्थरों के टुकड़ों को सजा कर सपनों के घर का प्रतिरूप बनाते हैं। मां विंध्यवासिनी महाकाली मां अष्टभुजा देवी के दर्शन पूजन करने के बाद भक्त अष्टभुजा पहाड़ पर पहुंचकर वहां पहले से पड़े पत्थरों से घरौंदा बनाकर मां से अपना मकान बनाने की मनौती मांग रहे हैं। बड़े बुजुर्ग महिलाएं को देखा देखी बच्चे भी घरौंदा बनाते हुए देखे जा रहे थे। पुराणों में इस परंपरा का कहीं जिक्र नहीं है लेकिन इस लोक मान्यता पर दूरदराज से आने वाले आस्थावान भी घरौंदा बनाना नहीं भूलते।

### भक्तों की सेवा में चल रहा है भण्डारा : अमरदीप सिंह



भक्तों को प्रसाद वितरित करते अमरदीप सिंह

**मीरजापुर।** चैत्र नवरात्रि के पांचवे दिन डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल में डैफोडिल्स,अमेरा व द रिट्रीट के सौजन्य से लगातार निःशुल्क प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। भक्ति भाव से परिपूर्ण डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अमरदीप सिंह व अपराजिता सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष किया जाता है। साथ ही नवरात्रि के अवसर पर दूर दूर से माँ का दर्शन करने आये श्रद्धालुओं को यह सेवा प्रदान किया जाता है।अपराजिता सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं की सेवा करके मन को शांति मिलती है। प्रसाद वितरण के दौरान कई श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहणकर माँ का जयकारा लगते हुए अपने आने घरों के लिए निकल पड़े।

## दरोगा की हेकड़ी पड़ गई भारी, एसपी ने किया निलम्बित

**रोपवे कर्मी से जमा रहे थे भौकाल वीडियो हुआ वायरल**

**मीरजापुर।** जिले के कालीकोह रोपवे पर तैनात इंस्पेक्टर साहब को जब कर्मचारी ने थोड़ा साइड में हटने को लेकर बात कही तो इंस्पेक्टर साहब नाराज हो गए। आग बबूला हुए इंस्पेक्टर साहब ने कर्मचारी की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई किए जाने के बाद नाराज रोपवे के कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया। जिसके बाद एसपी ने दोषी पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया है। रविवार को कालीखोह रोपवे के पास इंस्पेक्टर साहब खड़े हुए थे। इस दौरान उन्हें चोट न लगे इसलिए कर्मचारी ने थोड़ा साइड में हटने को लेकर बात कही। कर्मचारी के द्वारा दरोगा जी को हटने को लेकर बात कही गई तो दरोगा जी को यह नागवार गुजर गया, जिसके बाद उन्होंने कर्मचारी के साथ जमकर गाली गलौज की। गाली गलौज के बाद जब दरोगा जी का मन नहीं भरा तो फुटबॉल के खिलाड़ी बनते हुए कर्मचारी के ऊपर लात बरसाने लगे। पुलिसकर्मी के दुर्व्यवहार से नाराज कालीखोह के कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद एसपी ने आनन-फानन में पुलिसकर्मी को निलंबित करते हुए इस पूरे मामले की जांच एसपी सिटी को सौंप दी गई है। पुलिसकर्मी के निलंबन हो जाने के बाद रोपवे के कर्मचारियों ने काम शुरू किया।

### मुंडन में व्यस्त दिखे भक्त

चैत्र नवरात्र मेले के दौरान रविवार के दिन छुट्टी होने के कारण देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने अपने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार परकोटा के अंतर्गत बनाए गए नाई समाज द्वारा बनाए गए निर्धारित कैंप में ही मुंडन संस्कार होते रहे। वही बड़ी संख्या में गंगा घाटों पर भी श्रद्धालुओं ने अपने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार कराया।

### खोया पाया केंद्र ने हजारों भक्तों को मिलाया

चैत्र नवरात्र मेले के दौरान जिला प्रशासन की ओर से कोतवाली परिसर में मां विंध्यवासिनी मंदिर के छत पर कैम्प बनाए गए है। खोया पाया केंद्र में धाम क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए छोटे बच्चे और बुजुर्ग महिलाएं को परिवार के साथ बिछड़ जाने पर पुलिस प्रशासन एवं स्काउट गाइड की टीम की मदद से बिछड़े हुए परिवार को मिलाने का कार्य किए जा रहे हैं। जबकि नवरात्र में लेकर प्रथम दिन से लेकर पंचमी तिथि तक हजारों श्रद्धालुओं को उनके परिवार से मिलाए गए।

# ना किसी की नजर लागे मेरे राम की नगरिया को...

**आयोजन**

### विंध्य महोत्सव में लोक कलाकारों ने बिखेरा जलवा



मंच पर कलाकारों को सम्मानित करतीं डीएम व एमएलसी

**मीरजापुर।** चैत्र नवरात्रि विंध्याचल में डीएम दिव्या मित्तल के विशेष प्रयास से विंध्याचल रोडवेज परिसर में आयोजित विंध्य महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम विंध्याचल नवरात्र मेले में आने वाले देश के कोने कोने के तीर्थयात्रियों को लुभा रहा है। भजन संध्या, देवी गीत कार्यक्रम का शुभारंभ सदस्य विधान परिषद श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह ने देवी मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। विंध्य महोत्सव के चतुर्थ दिवस के अवसर पर लखनऊ से पधारे विभु वाजपेई के गीतों पर लोग झूमने को विवश हुए, वाराणसी से आए कथक नृत्य के फनकार विशाल कृष्णा ने अपने कथक नृत्य के जरिए लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन संध्या देवी गीतों के क्रम में जौनपुर से आए भजन कीर्तन रामायण के क्षेत्र में ख्यातिलब्ध लोक कलाकार आशीष पाठक ने अपनी टीम के साथ जय हो गणपत राजा, मेरी विनती सुन कर आजा.... प्रस्तुत कर लोगों की खूब वाहवाही लूटी। प्रभु श्री राम की नगरी का वर्णन करते हुए उन्होंने सुनाया ना किसी की नजर लागे, मेरे राम की नगरियां को... लोक कलाकार आशीष पाठक के भजनों पर झूमने के लिए विवश हुए देवी भक्तों की आस्था उत्साह और मांग पर उन्होंने पुनः शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के विशाल वैभव का वर्णन करते हुए अपने गीतों के माध्यम से शेर पर सवारी, हथवा में कटारी...... प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम के पश्चात डीएम दिव्या मित्तल, अपर डीएम वि./रा. शिव प्रकाश शुक्ल द्वारा सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह एवं माता की चुनरी प्रदान कर उनका मंच पर सम्मान किया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी नगर परमानंद कुशवाहा सहित अन्य अधिकारी गण, गणमान्य जन मौजूद रहे।

### मौसम ने फिर बदला मिजाज चमक गरज के साथ हुई बूंदाबांदी

**रबी सीजन की फसलों पर गहरा रहे संकट के बादल**

**राजगढ़।** स्थानीय क्षेत्र में एक बार पुनः मौसम का रुख बदल रहा है। दिन के लगभग चार बजे आसमान में घने बादलों की वजह से तेज चमक गरज के साथ बूंदाबांदी होने लगी। जिससे किसानों में रबी सीजन की फसलों पर संकट आने का खतरा मंडराने लगा।

मौसम के मिजाज को देखकर ऐसा लग रहा था कि बारिश की धार अत्यधिक तेज हो सकती है लेकिन कुछ ही देर बाद मौसम सुहाना हो गया और आसमान के बादल छंट गए। तब किसानों ने राहत की सांस ली। बीते दिनों क्षेत्र में हुई बरसात से गेहूं तथा दलहन एवं तिलहन की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा था जिसमें सबसे अधिक कोन गढ़वा, धनसीरियां, सेमरा खोराडीह, तालर आदि क्षेत्रों में बरसात का असर दिखाई दिया। वहीं भीटी, राजगढ़, दरवान, भवानीपुर चौखड़ा आदि क्षेत्रों में बेमौसम हुई बरसात का मिला जुला असर दिखाई दिया।

## दहेज हत्या मामले में पति सास व ससुर गिरफ्तार



पकड़े गये आरोपी

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** थाना अदलहाट पर 20 मार्च को वादी गुलाबशंकर यादव पुत्र स्व0 फागु यादव निवासी फत्तेहपुर खुर्द शहाबगंज चन्दौली द्वारा नामजद के विरूद्ध बावत की पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करने व मार देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी।

एसपी के निर्देश के क्रम में रविवार को क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में उ.नि. सुरेश भारती व म.आ. पारुल श्रीवास्तव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर थाना अदलहाट क्षेत्र से नामजद पुरुष व महिला आरोपी दीपक यादव(पति) पुत्र रामबृक्ष, जीरादेवी(सास) पत्नी रामबृक्ष, रामबृक्ष यादव(ससुर) पुत्र स्व. ज्ञानदास यादव निवासीगण खिरौड़ी थाना अदलहाट मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया।

## आरएसएस ने निकाला वृहद पथ संचलन



पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवक

**अहरौरा।** भारतीय नव वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में बृहद पथ संचलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्र ग्राम विकास प्रमुख चंद्रमोहन पाथेय स्वयंसेवकों को प्राप्त हुआ। स्वयंसेवकों के बीच उद्बोधन में मुख्य वक्ता ने डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार के जीवन संघर्षों की चर्चा करते हुए राष्ट्र कल्पना की सचेत भावना के साथ भारत राष्ट्र को विश्व गुरु बनाना तथा समाज के नैतिक मूल्य का निर्वहन करते हुए अपने राष्ट्र समाज के लिए गरीब निस्सहाय की मदद कर अपने देश को विश्व गुरु के पायदान पर पहुंचाएं। समाज में स्वयंसेवकों की भूमिका का सार्थक सहयोग कर धर्म राष्ट्र को उच्च श्रेणी में पहुंचाना यह हमारा नैतिक कर्तव्य है। पथ संचलन पट्टीकला अनमोल एकेडेमी (नारायण टेंट हाउस) से प्रारंभ होकर त्रिमुहानी से होते हुए आर्य शिशु मंदिर, पुलिस चौकी से गोला कन्हैया लाल, सम्मेत्तर, गोला सहुवाईन, खरंजा से होते हुए तकिया, चौक बाजार से कुशवाहा नगर, अस्पताल नई बाजार चुंगी से बूढ़ादेई रवानी टोला, मेंहदीपुर चौराहा, महुली चौराहा से होते हुए सहुवाईन का पोखरा, सत्यानगंज इलाहाबाद बैंक से टिकरा खरंजा अहरी से पुनः अनमोल एकेडमी नारायण टेंट हाउस में समापन किया गया। उक्त कार्यक्रम में पूर्ण गणवेश धारी स्वयं सेवकों ने अधिक संख्या में स्वयं सेवकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंद्रमोहन कलाधर, जितेंद्र कुमार, सत्यनारायण प्रसाद, अखिलेश कुमार, विवेक कुमार, डॉ मुकेश श्रीवास्तव, विकास चंद्र अग्रहरि, इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लहंगपुर राजवाहा को बाणसागर नहर खंड 7 में जोड़ने को दिया पत्रक

**लालगंज।** विकासखंड के पटेल नगर में रविवार को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल का अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। वहीं पर क्षेत्रीय किसानों ने केंद्रीय राज्य मंत्री को पत्रक देते हुए बताया कि सिरसी बांध प्रखंड लहंगपुर राजवाहा को बाणसागर नहर खंड 7 में जोड़ने का आग्रह किया। इस दौरान किसानों ने अपनी समस्या को बताते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री से कहा कि अगर सिरसी बांध से निकली लहंगपुर राजबाहा को बाणसागर नहर खंड 7 से जोड़ दिया जाए तो हम लोगों के खेत की सिंचाई समय से हो जाए। पत्रक में क्षेत्र के कई प्रधानों ने अपने लेटर पैड पर लिखकर भी दिया है कि हम लोगों के परिवार का भरण पोषण का माध्यम सिर्फ खेती है। सिंचाई के लिए पानी न मिलने से खेत में बोई गई फसल हर वर्ष सूख जा रही है। पत्रक देने वालों में मनीष कुमार पटेल, धन्नु पटेल, घनश्याम बौद्ध, लक्ष्मण मौर्य, रामनरेश मौर्य, उमेश कुमार शांति देवी के साथ भारी संख्या में किसान एवं अपना दल एस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आज के परिवेश में भी युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं स्वामी विवेकानन्द



कार्यक्रम में शामिल छात्र व शिक्षक

**मीरजापुर।** राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, बरकछा के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों ने रंगोली के माध्यम से बरकछा खुर्द एवं अटारी गांव का सामाजिक व संसाधन मानचित्रण किया। जिसका डॉ त्रिभुवन नाथ द्वारा विश्लेषण भी प्रस्तुत किया गया। मानचित्र में सड़क, गांव के अंदर का नाला, आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल भवन, चापाकल, सामुदायिक नल-जल प्रणाली व सार्वजनिक शौचालय को दशार्या गया। मानचित्र बनाते समय ग्रामीणों से गांव व टोले में प्राकृतिक संसाधन की उपलब्धता, जमीन का प्रकार, प्राकृतिक संसाधनों का वर्तमान में उपयोग, वर्षा जल का संचयन पर विचार कर उसे कॉपी में दर्ज किया गया। स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम का मौसमी विश्लेषण भी प्रदर्शित किया गया। तत्पश्चात द्वितीय सत्र में डी० ए० वी० पी० जी० कॉलेज के सहायक प्रोफेसर डॉ० शांतनु सौरभ ने युवा सशक्तिकरण पर स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि, स्वामी विवेकानन्द भारत के युवा को अपने गौरवशाली अतीत और वैभवशाली भविष्य की एक मजबूत कड़ी के रूप में देखते थे। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की बहुत खुशी है कि भारत का आज का नौजवान इस बात को भलीभांती समझ रहा है, खुद पर विश्वास करते हुए आगे बढ़ रहा है। आज नवाचार, ऊष्मायन और स्टार्ट-अप की नई धारा का नेतृत्व हमारे देश के युवा कर रहे हैं। आज अगर भारत दुनिया के स्टार्ट अप इको सिस्टम में प्रमुख देशों में आ गया है तो इसके पीछे देश के युवाओं का परिश्रम है। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पदाधिकारी डॉ विनीता सिंह ने कहा कि, मेरा विश्वास है कि देश की प्रगति, विकास तथा उसका उज्ज्वल भविष्य केवल तभी संभव है जब हमारे देश के मेहनती और प्रगतिशील युवा को मजबूत नैतिक मूल्य और उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान की जाए। कार्यक्रम का संचालन डॉ त्रिभुवन नाथ ने किया।

## संक्षेप

### मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट को एमएलसी ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**मीरजापुर।** ई.एस.वी.एच.डी. योजनान्तर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में मोबाईल वेटेरिनरी यूनिट (वैन) का सदस्यविधान परिषद श्यामनारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया व सांसद अरुण सिंह के प्रतिनिधि धनन्जय पण्डेय तथा मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस एवं मुख्य पशुचिकित्साधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व एन.आई.सी. में सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री का सम्बोधन श्रवण किया गया एवं तदोपरान्त सभी जनप्रतिनिधियों का बुके देकर स्वागत किया गया। मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस द्वारा सबसे पहले यामनारायण सिंह विधान परिषद सदस्य, उत्तर प्रदेश का बुके देकर स्वागत किया गया एवं इस योजना की समस्त जानकारियों जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित जनता को दी गयी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सांसद अरूण सिंह के प्रतिनिधि धनन्जय पण्डेय का बुके देकर स्वागत किया गया। जनपद में प्राप्त 02 मोबाईल वैन का उद्घाटन करते हुए मूक पशुओं की सेवा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जनपद के सभी पशुचिकित्साधिकारियों, उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी एवं क्षेत्रीय जनता की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संचालित हुआ। फ्लैग आफ कार्यक्रम का समापन मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा0 राजेश कुमार सिंह के आभार प्रकटीकरण के साथ सम्पन्न हुआ। जनपद में 06 वैन और अतिशीघ्र आज ही प्राप्त हो जायेगी। इस प्रकार कुल 08 वैन द्वारा इस योजना के अन्तर्गत पशुपालकों के द्वार पर पशुचिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध करायी जायेंगी। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख मझवां, जिला पंचायत राज अधिकारी अरविन्द कुमार उपस्थित रहें।

### दिलीप के क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपाइयों में हर्ष



**अदलहाट।** भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र के वर्तमान उपाध्यक्ष को क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में प्रसन्नता व्याप्त हो गयी। नरायनपुर में दिलीप पटेल का स्वागत किया गया। भाजपा नेता मिथिलेश पाठक ने दिलीप पटेल को क्षेत्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी एक नए आयाम को छुयेगी और 2024 के लोकसभा के चुनाव में काशी क्षेत्र की सभी सीटें जीतकर पार्टी को मजबूत बनायेगी। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष सुमित जायसवाल, मीडिया प्रभारी आशुतोष दुबे, अजित कश्यप, संतोष कुमार चौरसिया, शिव कुमार जायसवाल, गंगेश्वर पटेल, भरत विश्वकर्मा, आशीष सिंह पटेल, आशीष जायसवाल, बेलाल सिद्दीकी, तौकिर अहमद आदि ने बधाई दी।

### महिला ने पोस्ट आफिस कर्मी पर जमा पैसा हड़पने का लगाया आरोप

**कलवारी।** राजगढ़ थाना क्षेत्र दूबेपुर गांव की एक वृद्ध महिला ने पोस्ट आफिस रामपुर 38 गांव में कार्यरत कर्मचारी पर धोखाधड़ी कर रुपया हड़पने का आरोप लगाते हुए राजगढ़ थाना पर तहरीर देकर कार्यवाही का मांग किया है। थाना क्षेत्र के रामपुर 38 गांव में ग्रामीण पोस्ट ऑफिस में गांव का ही एक व्यक्ति पोस्टमैन के पद पर कार्यरत है। इसी ग्राम पंचायत के दूबेपुर बस्ती निवासी दुधनी पत्नी स्व भोला ने आरोप लगाया कि रामपुर 38 के डाकघर पर पासबुक लेकर खाता चेक कराने पहुंची, तो स्थानीय पोस्ट आफिस में कार्यरत पोस्ट मैन अरूण कुमार पाण्डेय का पुत्र अमित पांडेय महिला के अंगूठा का निशान लगावाकर 1200 रुपए निकाल लिए और वृद्ध महिला को पैसा नही दिया। महिला के पूछने पर अमित ने बताया कि अभी आप के खाते में पैसा नहीं है। दूसरे दिन महिला ने बैंक जाकर अपना खाता चेक कराया तो बैंककर्मियों ने बताया कि अभी दो दिन पहले ही तुम्हारे खाते से 1200 रुपया निकला गया है। जिसके बाद महिला दूसरे दिन पोस्ट मैन के घर पूछने के लिए पहुंची तो उसे डांट फटकार कर भगा दिया गया। इस घटना से आहत महिला ने राजगढ़ थाना प्रभारी राणा प्रताप यादव को लिखित तहरीर देकर पोस्ट मैन तथा उनके पुत्र के विरुद्ध कार्यवाही करने का मांग किया है।

### नई शिक्षा नीति से छात्र-छात्राओं को पढ़ने को मिलेगा मनपसंद विषय

**लालगंज।** लालगंज पंचायत भवन परिसर में रविवार को नई शिक्षा नीति शिक्षा की आधुनिक मॉडल विषयक विचार गोष्ठी में पुरस्कार वितरण किया गया। नई शिक्षा नीति पर बोलते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारत की भविष्य नई शिक्षा नीति करेगी क्योंकि इसके लागू होने से छात्र छात्राओं को मनपसंद भाषा और विषय पढ़ने को मिलेगा। कहा कि शिक्षा समाज को सर्वांगीण विकसित करने के साधन है और नई शिक्षा नीति पूरी तरह से समर्थ है। सामाजिक कार्यकर्ता संतोष केसरी ने कहा कि आधुनिक वैश्विक युग में व्यवसायिक शिक्षा का महत्व है और नई शिक्षा नीति में व्यवसायिक शिक्षा के विभिन्न सोपान तय करेंगे। पूर्व प्रधानाध्यापक कमला शंकर दुबे ने कहा कि संपूर्ण परिवर्तन का आधार शिक्षा तय करती है। खैरही पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद उपाध्याय ने कहा कि कक्षा एक से लेकर आठ तक की शिक्षा नींव का काम करती है। जिसमें विभिन्न प्रकार की बेसिक मूलभूत शिक्षा की गुणवत्ता नींव में समायोजित है। बसही गांव के प्रधान रहीस अहमद ने कहा कि विषय वस्तु की संरचना पर भविष्य की बुलंद इमारत की रूपरेखा निर्धारित होती है। कहा कि बच्चों में नैतिक शिक्षा के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित नई शिक्षा नीति करेगी। पूर्व ग्राम प्रधान मनोज केसरी ने कहा कि शिक्षा समाज में एक नए संबंध और परिवर्तन लाने का काम करती है। इसके बल पर आर्थिक सामाजिक राजनैतिक समृद्धि का वातावरण तैयार होता है। इस अवसर पर शशांक यादव, श्रेयांश केसरी, नंदिनी सोनी, अर्पण दुबे, अर्पिता दुबे, रूद्र गोड़ आदि बच्चों को पुरस्कार दिया गया।

### भाजपाइयों ने सुनी मन की बात

**जिगना।** प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात का 99 संस्करण शक्ति केंद्र बजटा पर लोगों द्वारा सुना गया। इस दौरान भाजपा नेता सुधाकर उपाध्याय, कृष्ण शंकर उपाध्याय, हृदय शंकर उपाध्याय, शशांक शेखर उपाध्याय, राधेश्याम गुप्ता, लाल बहादुर हरिजन, उमाशंकर उपाध्याय, संतोष कुमार सहित भारी संख्या में लोगों ने मन की बात सुनी। आज के संस्करण में महिला सशक्तिकरण के बारे में प्रधानमंत्री ने विस्तृत जानकारी दी और महिलाओं द्वारा देश का नाम खेल क्षेत्र से लेकर हर क्षेत्र में अपना योगदान देकर भारत का मान भारत सहित पूरे विश्व में नाम ऊंचा कर रही है।

### विधायक ने विद्यार्थियों को को दिया स्मार्ट फोन

**अहरौरा।** नगर के वनस्थली स्नाकोत्तर महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना फ्री टेबलेट विक्रम के अंतर्गत गांव के बीच आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने महाविद्यालय में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय की छात्रा आकांक्षा मिश्रा, विभा कुमारी, अनिल कुमार, दिवाकर केशरी समेत सभी विद्यार्थियों को टैबलेट दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक संजय पटेल, अध्यक्ष ओम प्रकाश तुल्यस्यान, संस्थापक मोहनलाल गुप्त, सुरेश सिंह, महेंद्र अग्रहरी, समेत प्रबंध समिति के पदाधिकारी व छात्र छात्राएं समेत राघवेन्द्र परताप सिंह, प्राचार्य देवी प्रसाद, रमेश सिंह, विनोद, समेत सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।

### महिलाओं को बनायें सशक्त : थानाध्यक्ष

**अदलहाट।** स्थानीय बाजार स्थित एक लान में रविवार को महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को अधिक से अधिक रोजगार मुहैया कराने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन करते हुए थाना प्रभारी अदलहाट विजय कुमार चौरसिया ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ऐसे कार्य शाला निरंतर आयोजित होने चाहिए। जिससे अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जा सके। कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। इसलिए अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगार से जोड़कर उनके विकास में भागीदार बनना होगा। इसके पूर्व अतिथि का माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह देकर संस्था की ओर से स्वागत किया गया।

### छेड़खानी करने का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना ड्रमण्डगंज पर 20 मार्च को थाना ड्रमण्डगंज क्षेत्रांतर्गत निवासी एक व्यक्ति द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़खानी करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जहां एसपी के निर्देश के क्रम में रविवार को थानाध्यक्ष ड्रमण्डगंज विरेन्द्र सिंह मय पुलिस बल द्वारा थाना ड्रमण्डगंज पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित आरोपी बसंतलाल पुत्र रामकिशन निवासी मलिपुर नौगवां थाना ड्रमण्डगंज मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया।

### अतुल पांडेय को मीरजापुर का बनाया जिला उपाध्यक्ष

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ की बैठक रविवार को संघ भवन रामबाग में सुनील कुमार यादव की अध्यक्षता सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के कर्मचारी नेता, राज्य कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न मांगों पर कर्मचारी नेताओं ने विचार विमर्श किया गया। संगठन को गतिशील बनाने और अधिक मजबूती देने के लिए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन को गतिशील और विस्तार देने के क्रम में सुनील कुमार कन्नौजिया को जिला संयुक्त मंत्री, कन्हैया प्रसाद संगठन मंत्री, सुरेन्द्र कुमार संगठन मंत्री तथा अतुल कुमार पाण्डेय को जिला उपाध्यक्ष नामित किया गया। इस मौके पर बैठक में मोहन लाल यादव, बबलू खान, सुनील कुमार कन्नौजिया, कन्हैया प्रसाद, लवकुश, राज कुमार यादव इत्यादि उपस्थित रहे।

### ऋषभ पंत से मिलने पहुंचे साथी

भारत के स्टार क्रिकेटर ऋषभ पंत इन दिनों रिहैब में हैं। वह कार हादसे के बाद हुई सर्जरी से रिकवर करने की कोशिश कर रहे हैं। बीच-बीच में वह सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर करते रहते हैं और अपना हेल्थ अपडेट देते रहते हैं। शनिवार को पंत से मिलने के लिए उनके घर कुछ मेहमान पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। यह मेहमान और कोई नहीं बल्कि भारत के पूर्व क्रिकेटर्स रहे। दरअसल, शनिवार को पंत से मिलने के लिए सुरेश रैना, हरभजन सिंह और श्रीसंत उनके घर पहुंचे। रैना ने पंत के साथ तस्वीर भी शेयर की है और साथ ही एक प्यारा मैसेज भी लिखा है। तस्वीर के कैप्शन में रैना ने लिखा- भाईचारा ही सब कुछ है। परिवार वह है जहां हमारा दिल है। हम हमारे भाई ऋषभ पंत की बहुत तेजी से स्वस्थ होने की कामना करते हैं। परिवार, जीवन, भाईचारा और समय पर विश्वास बनाए रखें भाई। हम हमेशा आपके साथ हैं।



# भारत की झोली में चार स्वर्ण, नीतू और स्वीटी के बाद निकहत-लवलीना ने किया कमाल

## बॉक्सर स्वीटी बूरा के घर हिसार में जश्न: गोल्ड जीत फोन कर बोली- पापा मैंने वादा पूरा किया, फाइनल के वक्त मां करती रही पूजा



**नई दिल्ली।** महिला विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत को चार स्वर्ण पदक मिले हैं। लवलीना बोरगोहेन ने 70-75 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत की झोली में चौथा स्वर्ण डाला। उससे पहले निकहत जरीन ने 48-50 किग्रा भारवर्ग, नीतू घणघस ने 45-48 किग्रा भारवर्ग और स्वीटी बूरा ने 75-81 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। लवलीना बोरगोहेन ने 70-75 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। उन्होंने फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई मुक्केबाज ऑस्ट्रेलिया की कैटलिन एन पार्कर को मात दी। इस मैच में दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर थी। पहला राउंड लवलीना ने 3-2 के अंतर से अपने नाम किया। वहीं, दूसरा राउंड ऑस्ट्रेलिया खिलाड़ी ने जीता। तीसरे और आखिरी राउंड में दोनों के बीच कांटे की टक्कर रही और अंत में मैच का नतीजा रिव्यू के लिए गया। सभी जज ने मिलकर लवलीना को विजेता घोषित किया। इसके साथ ही देश को इस प्रतियोगिता में चौथा स्वर्ण पदक मिल गया। इस प्रतियोगिता में भारत की झोली में कुल चार स्वर्ण पदक आए हैं। निकहत जरीन ने महिला विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत को तीसरा स्वर्ण पदक दिलाया है। उन्होंने वियतनाम की न्यूगेन थी ताम को फाइनल में मात दी। निकहत से पहले ही स्वर्ण पदक की उम्मीद की जा रही थी और उन्होंने आशा अनुसार प्रदर्शन कर देश को पदक दिलाया है। फाइनल मैच में निकहत ने शुरुआत से ही शानदार प्रदर्शन किया। पहले राउंड में उन्होंने 5-0 की बढ़त बना ली थी। इसके बाद दूसरे राउंड में भी उन्होंने अपनी बढ़त जारी रखी। तीसरे राउंड में उन्होंने वियतनाम की मुक्केबाज को शानदार पंच जड़ा। इसके बाद रेफरी ने मैच रोककर वियतनाम की मुक्केबाज का हाल-चाल जाना। यहीं से निकहत की जीत तय हो गई थी। अंत में उन्होंने यह मुकाबला 5-0 के अंतर से अपने नाम किया और लगातार दूसरी बार बॉक्सिंग चैंपियनशिप जीत ली। शनिवार के दिन नीतू ने 45 से 48 किलोग्राम भारवर्ग में मंगोलियाई पहलवान को हराकर स्वर्ण पदक जीता। नीतू ने मंगोलिया की लुत्साइखान को मात दी। स्वीटी बूरा ने महिला विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 75-81 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। स्वीटी ने चीन की लिना वोंग को हराया।

## सात्विक-चिराग ने बैडमिंटन में रचा इतिहास, जीता स्विस ओपन का खिताब



**बेसल।** भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने स्विस ओपन के पुरुष युगल फाइनल में रविवार को चीन के रेन जियांग यू और तान कियांग को हराकर 2023 का पहला वीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीत लिया। राष्ट्रमंडल खेल 2022 के चैंपियन सात्विक-चिराग ने 54 मिनट चले रोमांचक खिताबी मुकाबले में चीनी युगल को 21-19, 24-22 से मात दी। इससे पहले सात्विक-चिराग ने सेमीफाइनल में मलेशिया के ओंग यू सिन और टियो ई यी को परास्त किया था। पहले गेम में भारतीय जोड़ी ने धैर्यवान शुरूआत करने के बाद आक्रामक रुख अपनाया और 18-13 की बढ़त बना ली। सात्विक-चिराग जब गेम जीतने से सिर्फ तीन पॉइंट दूर थे तब चीनी युगल ने शानदार डिफेंस का प्रदर्शन कर स्कोर 18-17 कर दिया। रेन-तान ने गेम समाप्त होने से पहले तीन अंक और स्कोर किये लेकिन चिराग के शानदार शॉट चयन ने भारत को 21-19 की जीत दिला दी। पहले गेम के अंतिम हिस्से में लय हासिल करने वाली चीनी जोड़ी ने दूसरे गेम में लगातार पॉइंट स्कोर किये, हालांकि सात्विक-चिराग ब्रेक तक 11-9 से आगे रहे। भारत जब 20-19 पर चैंपियनशिप जीतने से सिर्फ एक पॉइंट दूर था तब शटल नेट से लगकर भारतीय खेमे में गिर गयी और स्कोर 20-20 से बराबर हो गया। रेन-तान ने एक समय पर 22-21 की बढ़त भी बना ली लेकिन वह उसे जीत में तब्दील नहीं कर सके। दूसरी ओर, सात्विक-चिराग ने लगातार तीन पॉइंट स्कोर करके खिताब अपने नाम कर लिया।

## दिल्ली कैपिटल्स को खलेगी ऋषभ पंत की कमी सौरव गांगुली ने दिया हेल्थ अपडेट



**नई दिल्ली।** पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली का कहना है कि भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की कवायद शुरू करने से पहले अपनी चोटों से पूरी तरह ठीक होने के लिए पूरा समय लेना चाहिए। पिछले साल दिसंबर में पंत एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गये थे। इस समय वह अपनी चोटों के उपचार के बाद उबरने की प्रक्रिया में हैं। पूर्व भारतीय कप्तान गांगुली ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी निश्चित रूप से आगामी इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में अपने विकेटकीपर बल्लेबाज की कमी महसूस करेगी। पिछले कुछ सत्र से पंत दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान रहे हैं। गांगुली इस टीम से क्रिकेट निदेशक के तौर पर जुड़े हैं। गांगुली ने आईपीएल फ्रेंचाइजी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि राष्ट्रीय टीम को भी उनकी कमी खल रही है। वह युवा है और उसके करियर में काफी समय बचा है। वह विशेष खिलाड़ी है और उसे पूरी तरह ठीक होने के लिए अपना पूरा समय लेना चाहिए। हम उन्हें शुभकामनायें देते हैं और मैं उससे मिलूंगा भी। गांगुली आईपीएल 2023 चरण से पहले अरूण जेटली स्टेडियम में टीम के सत्र पूर्व शिविर के दौरान सभी खिलाड़ियों की फिटनेस पर नजर लगाये हैं। डेविड वॉर्नर (इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान) के बारे में पूछने पर गांगुली ने कहा, डेविड वॉर्नर टीम की अगुवाई के लिए उत्सुक हैं, वह शानदार खिलाड़ी हैं। उन्होंने काफी रन बनाये हैं और वह काफी अनुभवी भी हैं।

# दिनेश कार्तिक ने बताया कौन है टीम इंडिया का सबसे अहम खिलाड़ी

## कोहली-रोहित का नहीं लिया नाम



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में 2-1 की हार के बाद भारतीट टीम के खिलाड़ी आईपीएल 2023 की तैयारी में जुट गए हैं। लगभग दो महीने तक चलने वाले इस टूनार्मेंट के बाद टीम इंडिया को दो आईसीसी ट्रॉफी के लिए लड़ाई करनी है। जून में टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलेगी। इसके बाद भारत को अपने घर में वनडे विश्व कप भी खेलना है। आईसीसी के दो बड़े टूनार्मेंट से पहले दिनेश कार्तिक ने भारत के सबसे अहम खिलाड़ी का चयन किया है। हैरान करने वाली बात यह है कि कार्तिक ने विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह या शुभमन गिल जैसे खिलाड़ी को सबसे अहम नहीं बताया है, जो तीनों फॉर्मेट में खेलते हैं। उन्होंने हार्दिक पांड्या को भारत का सबसे अहम खिलाड़ी बताया है, जो फिलहाल टी20 और वनडे में ही खेल रहे हैं। हार्दिक पांड्या ने पिछले साल आईपीएल से वापसी की थी और इसके बाद से वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हार्दिक पांड्या गेंद और बल्ले दोनों से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले साल आईपीएल में उन्होंने अपनी कप्तानी में गुजरात टाइटंस को खिताब भी जिताया था और अब भारत के नए कप्तान की रेस में सबसे आगे हैं। भारत और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के स्टार विकेटकीपर दिनेश कार्तिक का मानना है कि एक तेज गेंदबाज ऑलराउंडर होने के नाते, पांड्या भारतीय लाइनअप में बेशक सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी बन जाते हैं। दिनेश कार्तिक ने एक स्पोर्ट्स वेबसाइट से बातचीत में कहा ₹वह बेशक भारतीय लाइनअप में सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। पहला- क्योंकि वह गेंद और बल्ले दोनों के साथ उपयोगी हैं और दोनों के साथ मुश्किल काम करने में सक्षम हैं। मध्यम तेज गेंदबाज और बल्लेबाजी ऑलराउंडर कुछ ऐसा है जो बहुत, बहुत कठिन है। हां, 2-3 खिलाड़ी हैं जो शायद स्पिन ऑलराउंडर हैं, लेकिन तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर मिलना बहुत मुश्किल है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई वनडे सीरीज में, पांड्या ने महत्वपूर्ण विकेट दिलाए थे और बल्ले से भी अच्छा प्रदर्शन किया था। कार्तिक ने कहा ₹वह बीच में वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी करते हैं और जाहिर तौर पर जब गेंदबाजी की बात आती है, तो वह विकेट हासिल करने का एक तरीका ढूंढता है। जो चीज उन्हें खेलने के लिए वास्तव में कठिन बनाती है, वह उनकी स्वाभाविक कड़ी है।

## आईपीएल में प्रबल दावेदार के तौर पर प्रवेश करेगी हार्दिक पांड्या की गत चैम्पियन गुजरात टाइटंस



**मुंबई।** हार्दिक पांड्या की अगुवाई में पिछले साल अपने पदार्पण में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब जीतने की उपलब्धि हासिल कर चुकी गुजरात टाइटन्स आगामी चरण में सभी सही कदम उठाने के प्रदर्शन को दोहराने के लक्ष्य से खेलने उतरेगी। गुजरात टाइटन्स की टीम सिर्फ आईपीएल 2022 की ट्राफी उठाने वाली सर्वश्रेष्ठ टीम नहीं बनी बल्कि उसने सभी प्रतिस्पर्धी टीमों में अपनी योजना का बेहतरीन ढंग से कार्यान्वयन किया। टीम ने 14 में से 10 लीग मैच जीते, अंक तालिका में 20 अंक लेकर शीर्ष पर रही। आईपीएल की खिताबी जीत के बाद पांड्या के कद में इजाफा हुआ जिन्हें भारतीय टीम का टी20 अंतरराष्ट्रीय में स्थायी कप्तान बना दिया और वनडे में जिम्मेदारी दी गयी जबकि उनके युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने भी अपने प्रदर्शन से खुद को इतना स्थापित कर दिया कि तीन में से दो अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों में उनका चयन निश्चित हो गया। पांड्या और गिल दोनों ने गुजरात टाइटन्स के लिये बल्ले से दमदार प्रदर्शन दिखाया जिसमें दोनों ने क्रमशः 487 और 483 रन बनाये और अपनी टीम के सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ी रहे। वहीं मोहम्मद शमी (20 विकेट) और राशिद खान (19 विकेट) गेंद से उनके मुख्य मारक गेंदबाज रहे। गुजरात टाइटन्स को अपने तेज गेंदबाज लोकी फर्ग्यूसन को जाने देना पड़ा लेकिन उनकी अनुपस्थिति से उनकी गेंदबाजी कमजोर नहीं होगी जिसमें आयरलैंड के तेज गेंदबाज जोश लिटिल, वेस्टइंडीज के अल्जारी जोसफ, शिवम मावी, यश दयाल और कुछ और गेंदबाज शामिल हैं।

***मजबूत पक्ष :***

खिलाड़ियों के बीच अच्छा तालमेल बनाने के लिए पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज आशीष नेहरा की अगुआई वाले कोचिंग स्टाफ को श्रेय दिया जाना चाहिए, विशेषकर खिलाड़ियों की भूमिका को लेकर स्पष्टता के लिए जो सबसे अहम था। आगामी सत्र की तैयारी के दौरान टीम के अनियमित सदस्य मावी और आर साई किशोर ने बताया कि पिछले साल टीम के सफल अभियान में सबसे बड़ा कारण यही था कि खिलाड़ी अपनी भूमिकायें जानते थे जिससे उन्होंने रणनीति के अनुसार खेल दिखाया। शीर्ष पर गिल की विस्फोटक बल्लेबाजी के अलावा गुजरात के पास पांड्या, बी साई सुदर्शन, मैथ्यू वेड, ऋद्धिमान साहा, डेविड मिलर और राहुल तेवतिया के रूप में काफी अच्छे बल्लेबाज मौजूद हैं जो तेज तर्रार खेल दिखा सकते हैं। केन विलियमसन का टीम में शामिल होना भी टीम के लिये फायदेमंद होगा। साथ ही टीम ने आयरलैंड के टी20 विश्व कप के हैट्रिक गेंदबाज जोश लिटिल और वेस्टइंडीज के ओडियन स्मिथ को भी जोड़ा है। विलियमसन के नाम आईपीएल में 2100 रन हैं और साथ ही उन्हें कप्तानी का भी अनुभव है जो कठिन विकेट पर तीसरे नंबर के बल्लेबाज की भूमिका निभा सकते हैं। अपनी बल्लेबाजी के लिये मशहूर तेवतिया ने सैयद मुश्ताक अली ट्राफी 2022-23 में गेंद के कौशल का भी प्रदर्शन किया और आठ मैचों में 14 विकेट चटकाये।

***कमजोर पक्ष :***

कागज पर देखें तो टीम ने पिछले सत्र के कमजोर पक्ष की भरपायी कर ली है। टीम की बेंच स्ट्रेंथ इतनी मजबूत नहीं थी, मावी ने दावा किया था कि गुजरात टाइटन्स ने इसक समाधान ढूंढ लिया है। उदाहरण के तौर पर अगर पंड्या चौथे नंबर पर पारी को संभालने वाले खिलाड़ी थे तो अब उनके पास विलियमसन के रूप में एक और अच्छा विकल्प मौजूद है।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो : महानता की हदों को भी पार करने वाला बेहतरीन खिलाड़ी

## वह दुनिया के सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच खेलने वाले पुरुष खिलाड़ी बन गए



**नई दिल्ली।** कुछ लोगों को सफलता किस्मत से मिलती है, तो कुछ को मेहनत से, लेकिन दुनिया में ऐसे लोग भी हैं, जो कदम दर कदम सफलता की तरफ बढ़ते हुए एक दिन उस मुकाम पर पहुंच जाते हैं कि उनकी तरफ देखने से आंखें चौंधियाने लगती हैं और महानता का शब्द उनके कद के सामने छोटा पड़ जाता है। खेलों की दुनिया में थोड़ा सा भी दखल रखने वाले लोग पुर्तगाल के फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम से वाकिफ होंगे। उनके रिकार्ड और उपलब्धियां उन्हें एक ऐसे शख्स के तौर पर साबित करती हैं, जिसने खुद को हर गुजरते दिन के साथ बेहतर किया और रिकॉर्ड की किताब के सारे पन्ने अपने नाम कर लिए।

हाल ही में उन्होंने यूरो 2024 क्वालिफायर में लिचटेंस्टीन के खिलाफ मैदान में कदम रखते ही एक और रिकार्ड अपने नाम कर लिया। रोनाल्डो का यह 197वां मैच था और इस मैच के साथ ही वह दुनिया के सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच खेलने वाले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। रोनाल्डो ने 197 मैच खेलकर कुवैत के खिलाड़ी बदर अल-मुतावा को पीछे छोड़ दिया है। इस कतार में शामिल अन्य खिलाड़ियों की बात करें, तो मलेशिया के सोह चीन एन ने 195 मैच खेले हैं, वहीं मिस्र के अहमद हसन 184 मैच के साथ चौथे और ओमान के अहमद मुबारक 183 मैच के साथ उनसे एक पायदान नीचे पांचवें नंबर पर हैं। साल 2003 में अपना पहला अन्तरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले रोनाल्डो पांच विश्व कप में गोल करने वाले दुनिया के एकमात्र खिलाड़ी हैं।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पारिवारिक पृष्ठभूमि की बात करें, तो उनका जन्म पांच फरवरी 1985 को पुर्तगाल में एक निर्धन परिवार में हुआ। उनके पिता जोस डिनिस अवीयरो नगरपालिका में बतौर माली काम करते थे, जबकि मां मारिया डालोरेस डॉस सैंटोस अवीयरो घरों में जाकर खाना बनाने का काम करती थीं। रोनाल्डो के परिवार में इनका एक भाई और दो बहनें हैं और वह अपने भाई बहनों में से सबसे छोटे हैं। रोनाल्डो को बचपन से ही फुटबॉल खेलने का शौक था और यह शौक उनकी स्कूली शिक्षा पर भारी पड़ा। उनके बारे में उपलब्ध जानकारी के अनुसार, स्कूल में पढ़ाई के दौरान उन्होंने अपने एक शिक्षक पर कुर्सी फेंक दी थी, जिसकी वजह से उन्हें स्कूल से निकाल दिया गया और वह पूरी तरह से फुटबॉल के हो गए।

सोलह साल की उम्र तक आते आते, रोनाल्डो पुर्तगाल के ह्यस्पोर्टिंग सीपीह्व क्लब की तरफ से खेलने लगे और अपने शानदार खेल की वजह से एक साल में ही क्लब की अंडर -16 टीम, अंडर -17 टीम, अंडर -18 और फास्ट टीम के लिए खेले। ऐसा पहली बार हुआ था कि किसी खिलाड़ी ने सिर्फ एक साल में इतनी तरक्की की हो। इस क्लब की ओर से उन्होंने अपना पहला आधिकारिक मैच साल 2002 में मोरेन्स फुटबॉल क्लब के विरूद्ध खेला और दो गोल भी किए। इसी दौरान स्पोर्टिंग क्लब और मैनचेस्टर युनाइटेड क्लब की टीम के बीच एक मैच में स्पोर्टिंग क्लब ने 3-1 से जीत दर्ज की। इस मैच में क्रिस्टियानो ने दो गोल किए। इस मैच में स्पोर्टिंग क्लब की जीत में निर्णायक भूमिका निभाने के कारण सबकी जुबां पर रोनाल्डो का नाम था। इसी मैच के बाद मैनचेस्टर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब ने क्रिस्टियानो को अनुबंधित करने का फैसला कर लिया। रोनाल्डो के करियर और उपलब्धियों पर नजर डालें, तो रोनाल्डो प्रीमियर लीग क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड की तरफ से फॉरवर्ड के रूप में खेलते हैं। सर्वकालिक महान खिलाड़ी माने जाने वाले रोनाल्डो ने पांच बैलोन डी'ओर पुरस्कार और चार यूरोपीय गोल्डन शूज जीते हैं। अड़तीस वर्षीय रोनाल्डो 100 मुकाबलों में गोल करने वाले पहले फुटबॉलर हैं। इसके अलावा वह सबसे ज्यादा इंटरनेशनल गोल करने वाले फुटबॉलर भी हैं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो पहले ऐसे फुटबॉलर थे, जिन्होंने अपने करियर में 800 गोल दागे हैं और वह पांच अलग-अलग वर्ल्ड कप में गोल करने वाले एकमात्र फुटबॉलर भी हैं।

# जिस तरह से शुभमन गिल खेल रहा है, उसे खुद पर तरजीह दूंगा : शिखर धवन



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ने कहा कि पिछले कुछ समय में शुभमन गिल की बल्ले से फॉर्म को देखते हुए वह राष्ट्रीय टीम में शामिल करने के लिये इस युवा क्रिकेटर को खुद पर तरजीह देंगे। गिल इस सत्र में तीनों प्रारूपों में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और उन्होंने इस साल के अंत में भारत में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए अपना स्थान लगभग पक्का कर लिया है जबकि धवन फॉर्म में गिरावट के कारण इस दौड़ में पिछड़ गये हैं। गिल ने इस साल सभी तीनों प्रारूपों में शतक जड़ चुके हैं जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में एक दोहरा शतक और अहमदाबाद में ड्रा रहे चौथे टेस्ट में आस्ट्रेलिया के खिलाफ एक शतक शामिल है। वहीं 167 वनडे के अनुभवी धवन घरेलू सरजमीं पर होने वाले वनडे विश्व कप के लिये भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर वह चयनकर्ता होते तो वह मौजूदा फॉर्म को देखते हुए 23 साल के खिलाड़ी गिल को ही चुनेंगे। धवन ने कहा, मुझे लगता है कि जिस तरह से शुभमन खेल रहा है। वह दो प्रारूपों में खेल रहा था और टेस्ट और टी20 में अच्छा प्रदर्शन कर रहा था। वह अंतरराष्ट्रीय सर्किट में ज्यादा मैच खेल रहा था जबकि मैं नहीं। अगर मैं चयनकर्ता होता तो मैं निश्चित रूप से शुभमन को मौका देता। शिखर के बजाय शुभमन को चुनता। धवन ने साथ ही कहा कि कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ ने पहले उनका समर्थन किया था और उन्हें वनडे विश्व कप पर ध्यान लगाने के लिए कहा था लेकिन उनकी फॉर्म में गिरावट के साथ गिल के शानदार प्रदर्शन करने से उन्होंने टीम में अपना स्थान गंवा दिया। धवन ने कहा, जब रोहित ने कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली थी, उन्होंने और राहुल ने मुझे कहा कि मैं अपना ध्यान सिर्फ क्रिकेट पर लगाये रखूं और अगले विश्व कप तक मेरा लक्ष्य यही होना चाहिए। उन्होंने कहा, 2022 मेरे लिये बहुत अच्छा रहा, मैं वनडे में निरंतर था। लेकिन यह युवा खिलाड़ी (गिल) दो प्रारूपों में अच्छा कर रहा था और जब एक या दो श्रृंखलाओं में मेरी फॉर्म में गिरावट आयी तो उन्होंने शुभमन को मौका दिया और वह उम्मीदों पर खरा उतरा। धवन ने कहा, हम इस तरह के हालात के आदी हैं। जब ईशान किशन ने बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक जड़ा तो एक पल के लिए मुझे लगा कि मैं टीम से बाहर हो सकता हूं। यह क्रिकेट में नया नहीं है। या यह सिर्फ मेरे साथ हुआ हो, कई और भी इस तरह की स्थिति का सामना कर चुके हैं। उन्होंने कहा, जब एक कप्तान, कोच और चयनकर्ता फैसला करते हैं तो वे इस पर काफी सोच विचार करते हैं।

## मुझे विराट का जुनून पसंद है, उनके साथ बल्लेबाजी करना शानदार था, क्रिस गेल ने की 'किंग कोहली' की तारीफ



**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल ने भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली के जुनून और उनके काम करने के तरीके की प्रशंसा करने साथ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) में खेलने के दौरान दोनों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा को याद किया। गेल और कोहली ने आईपीएल में कई सत्र एक साथ बिताये जिसमें वे प्रतिद्वंद्वी टीम के बल्लेबाजों पर हावी रहते और चिन्नास्वामी स्टेडियम में दर्शकों का मनोरंजन करते जिसमें वे कम से कम 10 शतकीय भागीदारियां निभा चुके हैं। गेल ने कहा, विराट के साथ बल्लेबाजी करना शानदार था। मुझे उनका खेल के प्रति जुनून बहुत पसंद है। मुझे उनका जुनून, उनका काम करने का तरीका पसंद है, यह शानदार है। आपको इसके लिये उन्हें श्रेय देना होगा और वह अपने प्रदर्शन से इसे दशार्ना चाहता है। जियो सिनेमा पर उपलब्ध माई टाइम विद विराट एपिसोड में गेल ने कोहली के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने के अनुभवों के बारे में बात की। गेल ने कहा, विराट और अन्य खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना हमेशा ही खुशनुमा रहा है। मैंने हमेशा आनंद उठाया है, डांस किया है और इसी तरह की चीजें हुई हैं। आरसीबी अपने पूर्व खिलाड़ियों गेल और एबी डिविलियर्स को फ्रेंचाइजी में उनके योगदान के लिए सम्मानित कर रही है।

# राहुल के समर्थन में कांग्रेस का पूरे देश में संकल्प सत्याग्रह : प्रियंका ने बीजेपी सरकार पर बोला हमला

## प्रियंका बोलीं- मेरे शहीद पिता के अपमान पर तो आपको कोई संसद से नहीं निकालता... आखिर क्यों?

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के बाद उनके समर्थन में रविवार को दिल्ली के राजघाट पर एकदिवसीय संकल्प सत्याग्रह शुरू किया। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, वरिष्ठ नेता के सी वेणुगोपाल, पी चिदंबरम और सलमान खुर्शीद समेत कई नेता राजघाट पर सत्याग्रह में शामिल हुए।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि सत्य की ताकत है, सत्याग्रह का संकल्प है। भाजपा की लूट को बेनकाब करने के लिए, लोकतंत्र की रक्षा के दृढ़ निश्चय के साथ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता राहुल गांधी जी के साथ है। मेरे शहीद पिता का अपमान संसद में किया जाता है। शहीद के बेटे का अपमान किया जाता है उन्हें मीर जाफर कहा जाता है। मेरी मां का अपमान किया जाता है।




प्रियंका गांधी ने कहा कि, आपके मंत्री कहते हैं कि इनके पिता कौन हैं? आपके प्रधानमंत्री गांधी परिवार के लिए कहते हैं कि ये नेहरू उपनाम का इस्तेमाल क्यों नहीं करते? आप पर तो कोई केस नहीं होता, आपकी सदस्यता रद्द नहीं होती। आप परिवारवादी कहते हैं तो भगवान राम कौन थे? क्या वो परिवारवादी थे? क्या पांडव परिवारवादी थे? और हमें क्या शर्म आनी चाहिए कि हमारे परिवार के सदस्य इस देश के लिए शहीद हुए?

धरना स्थल पर जयराम रमेश, मुकुल वासनिक, पवन कुमार बंसल, शक्तिसिंह गोहिल, ज्योतिमणि, प्रतिभा सिंह और मनीष चतरथ भी मौजूद रहे। पुलिस ने राजघाट पर सत्याग्रह की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। इसके बावजूद पार्टी के कई नेताओं ने प्रदर्शन में भाग लिया और परिसर के बाहर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एकत्र हुए। दिल्ली पुलिस ने एक पत्र में कहा कि कानून-व्यवस्था एवं यातायात संबंधी कारणों से सत्याग्रह करने के अनुरोध को खारिज किया गया और राजघाट में एवं इसके आसपास दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सत्याग्रह की अनुमति नहीं दी गई है और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। दिल्ली पुलिस के इस कदम का जवाब देते हुए वेणुगोपाल ने ट्वीट किया, संसद में हमें चुप कराने के बाद सरकार ने हमें बापू की समाधि पर शांतिपूर्ण सत्याग्रह करने की अनुमति देने से भी इनकार कर दिया है। इससे पहले, कांग्रेस ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के विरोध में रविवार को सभी राज्यों और जिला मुख्यालयों में महात्मा गांधी की प्रतिमाओं के सामने एकदिवसीय सत्याग्रह करने की घोषणा की थी। केरल की वायनाड सीट से लोकसभा सदस्य राहुल गांधी को सूरत की एक अदालत द्वारा 2019 के मानहानि के एक मामले में दो साल जेल की सजा सुनाये जाने के मद्देनजर शुक्रवार को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहरा दिया गया। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि अयोग्यता संबंधी आदेश 23 मार्च से प्रभावी होगा। उल्लेखनीय है कि सूरत की एक अदालत ने यह फैसला मोदी उपनाम संबंधी टिप्पणी को लेकर दिया था।

***मल्लिकार्जुन खड़गे ने क्या कहा?***

संकल्प सत्याग्रह' में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, राहुल गांधी जी इस देश की जनता के लिए, आपके लिए, महिलाओं के लिए, युवाओं के लिए लड़ रहे हैं। बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ लड़ रहे हैं। इखढ सरकार और मोदी जी हमें कमजोर समझ रहे हैं। अगर कोई व्यक्ति अहंकार से हमें कुचलने का प्रयास करेगा तो हम उसे मुंहतोड़ जवाब देंगे। लोकतंत्र की हिफाजत, संविधान की रक्षा और जनता के हकों के लिये कांग्रेस पार्टी लड़ती रहेगी।

## फिल्म गैसलाइट में काम करना चुनौतीपूर्ण रहा: सारा अली खान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान का कहना है कि फिल्म 'गैसलाइट' में काम करना उनके लिये चुनौतीपूर्ण रहा है। गैसलाइट में सारा अली खान ,विक्रांत मैसी और चित्रांगदा सिंह की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म यानी डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर आ रही है। सारा इसमें मिसा के रोल में हैं, जबकि विक्रांत और चित्रांगदा ने कपिल और रुक्मिणी का किरदार निभाया है। सारा अली खान ने बताया, बतौर कलाकार मैं लगातार अलग अलग तरह की फिल्में करना चाहती हूं। गैसलाइट में मेरा किरदार पूरी फिल्म में व्हील चेयर पर है। वह मेरे चैलेंजिंग था, क्योंकि मैं हाई एनर्जी वाली लड़की हूं। हमेशा उछलती- कूदती रहती हूं। यहां तो पॉसिबल तो था ही नहीं। उन्होंने आगे कहा कि जब मैं अपने मिसा के किरदार को थर्ड पर्सन के नजरिए से देखती हूं तो पाती हूं कि बेहद कठिन परिस्थितियों के बावजूद वो अपने मकसद से हटती नहीं है। उसे देखकर मुझे बहुत प्रेरणा मिलती है कि यदि वो स्ट्रॉन्ग रह सकती है, जो व्हील चेयर पर रहती है तो मैं बतौर सारा जिसके पास लविंग मदर और प्यारा माहौल है, उसके पास कोई बहाना नहीं है कि मैं हार मान लूं।

## खास खबर

### गायत्री प्रजापति पर दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला की जमानत खारिज

सपा सरकार में मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कराने वाली महिला की जमानत अर्जी हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने यह आदेश आरोपी महिला की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए दिया। चित्रकूट निवासी महिला पर जालसाजी व फर्जीवाड़ा से जुड़ा मुकदमा गोमती नगर विस्तार थाने में वर्ष 2020 में दर्ज किया गया था। कोर्ट ने यह कहते हुए कि आरोपी महिला उम्रकैद तक की सजा पाने वाले अपराधों के घेरे में है। साथ ही उसका तीन केसों का अपराधिक इतिहास भी है, जमानत अर्जी को खारिज कर दिया।

### फरार यजदान बिल्डर की इमारत पर नोटिस

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में फरार याजदान बिल्डर पर लखनऊ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार अलाया अपार्टमेंट मामले में फरार याजदान बिल्डर की डालीबाग स्थित अलाया होम बिल्डिंग पर नोटिस चस्पा किया गया है। हजरतगंज पुलिस ने डुगडुगी बजवाकर मुनादी कराई है। जिसके मुताबिक फरार यजदान बिल्डर को न्यायालय अथवा पुलिस के सामने हाजिर होने की मुनादी करवाई गई है। गौरतलब है कि राजधानी में अलाया अपार्टमेंट हादसे में कुछ लोगों की मौत हुई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में भी लिया था।

### जम्मू और श्रीनगर के बीच चलेगी वंदे भारत

जम्मू। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक के पूरी तरह से परिचालन में आने के बाद जम्मू-कश्मीर के जम्मू से श्रीनगर के बीच वंदे भारत मेट्रो ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। वैष्णव ने कहा कि यूएसबीआरएल परियोजना इस साल दिसंबर या जनवरी 2024 में पूरी हो जाएगी। उन्होंने रेलवे अधिकारियों के साथ पटरी पर चलने वाली ट्रॉली में बैठकर चिनाब नदी पर बने 359 मीटर ऊंचे पुल का निरीक्षण किया।

## योगी सरकार के विकास के दावों पर अखिलेश बोले- सिर्फ सपने न दिखाएं



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यूपी में भाजपा सरकार के छह साल पूरे होने पर कहा कि सरकार अपनी छठी मना रही है और रोबोटिक प्लांट बनाने के सपने दिखा रही है। वो जनता को गुमराह कर रहे हैं। सरकार को अपने काम का हिसाब देना चाहिए सपने नहीं दिखाने चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि जिन मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के या अन्य आरोप लगे हैं उनका क्या हुआ ये भी बताना चाहिए। अखिलेश यादव ने एक के बाद एक सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि विधानसभा रात भर चलाई तो क्या हुआ? चिकित्सा शिक्षा विभाग का क्या हाल है? आठ हजार स्कूलों में सिर्फ एक अध्यापक है। एक वीसी को बचाने के लिए क्या नहीं किया जा रहा है? उन्होंने सरकार के हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज बनवाने के दावे पर कहा कि गोरखपुर में सपा सरकार ने 14 फ्लोर का अस्पताल प्रस्तावित किया था जिसे आठ मंजिल का कर दिया गया। प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेजों में स्टाफ का क्या हाल है? क्या वहां पर अध्यापक हैं? अखिलेश यादव ने कहा कि इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को रेफर कर रहे है। सरकार बताए कि पीजीआई और केजीएमयू में कितनी मशीनें खरीदी गई हैं। किसानों का बकाया क्यों नहीं दिया गया है? अखिलेश यादव रविवार को प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे जिसमें उन्होंने एक दिन पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में बीते छह वर्षों में किए गए विकास के दावों पर सवाल उठा रहे थे।

## जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर इलाहाबाद हाईकोर्ट के नये चीफ जस्टिस बने

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति के रूप में वरिष्ठ न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर को रविवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह चीफ जस्टिस की कोर्ट में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश सरकार की तरफ से मंत्री सुरेश खन्ना, चीफ सेक्रेटरी उत्तर प्रदेश, महाधिवक्ता अजय मिश्रा, अपर महाधिवक्ता एमसी चतुर्वेदी, नीरज त्रिपाठी, मनीष गोयल तथा न्यायिक अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में वरिष्ठ व जूनियर वकील उपस्थित रहे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह ठीक 11:00 बजे चीफ जस्टिस कोर्ट में संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह के बाद राज्यपाल ने सारे जजों से मुलाकात की। राज्यपाल के साथ फोटो सेशन का भी कार्यक्रम संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में इलाहाबाद और लखनऊ बेंच के न्यायमूर्ति गण उपस्थित रहे। मुख्य न्यायाधीश के परिवारी जन तथा रिश्तेदार एवं मध्य प्रदेश के कार्यरत जज भी इस समारोह में शामिल हुए। न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से विधि की पढ़ाई करने के बाद छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में प्रैक्टिस शुरू की थी।

## 'तिरंगा लहराने पर निजाम की सेना ने उतारा मौत के घाट' : कर्नाटक में विपक्ष पर बरसे शाह

### गृहमंत्री बोले–कनार्टक में अब तक धर्म के आधार पर आरक्षण दिया जाता था

**गरोटा।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज एक दिन के कर्नाटक दौरे पर हैं। उन्होंने यहां के बीदर में 103 फीट ऊंचा तिरंगा फहराया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस गरोटा गांव में एक निजाम ने सैंकड़ों लोगों को इसलिए मार डाला था, क्योंकि उन्होंने 2.5 फीट ऊंचा तिरंगा फहरा दिया था। आज मैं बहुत गर्व से कह सकता हूं कि इसी जमीन पर हमने 103 फीट ऊंचा तिरंगा फहराया है जो किसी से छिपेगा नहीं।



शाह ने गरोटा शहीद मेमोरियल का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि इसी जमीन पर उन अमर शहीदों के नाम स्मारक भी बनाया गया है। यहां बना सरदार पटेल का 20 फीट ऊंचा स्टैच्यू इस बात का प्रतीक रहेगा कि हैदराबाद के निजाम को हटाने में हमारे पहले गृह मंत्री ने कितनी अहम भूमिका निभाई थी। तब जाकर यह इलाका, यह बीदर भारत का हिस्सा बन पाया।

103 फीट ऊंचे तिरंगे को फहराने के बाद गृह मंत्री ने लोगों को संबोधित किया। शाह का दो दिन में ये दूसरा कर्नाटक दौरा है। गृह मंत्री ने कहा कि कर्नाटक में अल्पसंख्यकों को अब तक दिया जा रहा आरक्षण संविधान के मुताबिक नहीं था। संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का प्रावधान है ही नहीं। कांग्रेस की सरकार ने अपनी ध्रुवीकरण की राजनीति के चलते अल्पसंख्यकों को आरक्षण दिया था। भाजपा ने इसे खत्म करके वोक्कालिगा और लिंगायत समुदायों को दिया है। उन्होंने कहा कि वोट बैंक के लालच में कांग्रेस ने देश की आजादी की लड़ाई और हैदराबाद मुक्ति के युद्ध के शहीदों को कभी सम्मान नहीं दिया। अगर सरदार पटेल यहां न आते और हैदराबाद और बीदर को कभी आजादी नहीं मिलती।

गृहमंत्री का दो दिन में ये दूसरा कर्नाटक दौरा है। इससे पहले उन्होंने बेंगलुरु में ड्रग ट्रैफिकिंग एंड नेशनल सिक्योरिटी की रीजनल कॉन्फ्रेंस को भी संबोधित किया था। बीदर में शाह ने गरोटा शहीद मेमोरियल का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी हैदराबाद मुक्ति के शहीदों को सम्मान नहीं दिया।

***पूर्वोत्तर के चुनाव में कांग्रेस को 5 से ज्यादा सीटें नहीं मिलीं***

रायचूर में रैली में अमित शाह ने कहा कि हाल ही में पूर्वोत्तर में चुनाव हुए। यहां किसी राज्य में कांग्रेस को 5 से ज्यादा सीटें नहीं मिलीं। जबकि, ठऊअ ने तीनों राज्यों में सफलता पाई। मैं रायचूर के लोगों से अपील करना चाहता हूं कि शहर में विकास के लिए भाजपा को वोट दें। भाजपा सांसद अमित शाह ने पिछले शुक्रवार (3 मार्च) को कर्नाटक के बीदर में विजय संकल्प यात्रा की शुरूआत की थी। शाह ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित किया था। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार से राज्य का तेजी से विकास होगा। शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कर्नाटक के विकास के लिए पांच हजार करोड रूपए का बजट आवंटित किया है।

## मिशन एमपी पर नड्डा

### भोपाल पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बोले-'अबकी बार 200 पार'



**इंदौर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रविवार को को भोपाल पहुंचे। नड्डा ने स्वागत समारोह में कहा कि जिस तरह से यहां मेरा स्वागत हुआ, उत्साह देखा, यह उत्साह आने वाले समय का संदेश दे रहा है। इस उत्साह को लक्ष्य में बदलकर इस बार 200 पार करना है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रदेश सरकार की लाडली बहना योजना को क्रांतिकारी कदम बताया। उन्होंने कहा कि बहनों के स्वाभिमान की दिशा में यह मील का पत्थर साबित होगी। ये बताता है की समाज के सशक्तिकरण के लिए हमारे कार्यक्रम किस तरह लक्षित होते हैं। हम सभी वर्ग, सभी समाज को समानता के साथ आगे लेकर बढ़ रहे हैं। गांव, गरीब, वंचितों के साथ प्रदेश की बहनों के सशक्तिकरण के लिए शिवराज जी लाड़ली बहना योजना लेकर आये हैं। मैं उन्हें और प्रदेश वासियों को बधाई देता हूं। उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की जमकर तारीफ की।

जेपी नड्डा भोपाल में चार कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। नड्डा ने भोपाल पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम सुना। नड्डा दोपहर में प्रदेश भाजपा कार्यालय का भूमिपूजन करेंगे। इसके बाद संभागीय बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को लाल परेड ग्राउंड में संबोधित करेंगे। शाम को कुशाभाऊ ठाकर कन्वेंशन सेंटर में प्रबुद्धजनों से चर्चा करेंगे। शाम को बीजेपी कोर कमेटी की बैठक में को भाजपा कार्यालय में संबोधित करेंगे।

## अंगदान करने वाले ईश्वर के समान

### 'मन की बात' कार्यक्रम का 99वां एपिसोड : पीएम मोदी ने ऑर्गन डोनेशन पर की चर्चा, कहा- कोरोना भी बढ़ रहा है, इसलिये आप सभी को एहतियात बरतनी है

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 99वें एपिसोड को संबोधित किया। इस कार्यक्रम के जरिए हर महीने प्रधानमंत्री देश वासियों से संवाद करते हैं। 3 अक्टूबर 2014 को विजयादशमी के अवसर प्रधानमंत्री मोदी ने ये कार्यक्रम शुरू किया था। आखिरी मन की बात कार्यक्रम 26 फरवरी को प्रसारित हुआ था। पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में ऑर्गन डोनेशन पर चर्चा की। पीएम ने ऑर्गन डोनेट करने वाले लोगों के परिवार से बात की। मोदी ने कहा कि अंगदान करने वाले इश्वर के समान हैं। पीएम मोदी ने कहा, मेरे प्यारे देशवासियो, मन की बात में आप सभी का एक बार फिर बहुत-बहुत स्वागत है। आज इस चर्चा को शुरू करते हुए मन-मस्तिष्क में कितने ही भाव उमड़ रहे हैं। हमारा और आपका मन की बात का ये साथ, अपने निन्यानवें (99वें) पायदान पर आ पहुंचा है। जहां भारत के जन-



जन के मन की बात हो, वहाँ की प्रेरणा ही कुछ और होती है। मन की बात के 100वें एपिसोड के लिए प्रधानमंत्री को आपके सुझावों का बेसब्री से इंतजार है। मेरे प्यारे देशवासियो, मन की बात में हमने ऐसे हजारों लोगों की चर्चा की है, जो दूसरों की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर देते हैं। कई लोग ऐसे होते हैं जो बेटियों की शिक्षा के लिए अपनी पूरी पेंशन लगा देते हैं, कोई अपने पूरे जीवन की कमाई पर्यावरण और जीव-सेवा के लिए समर्पित कर देता है। हमारे देश में परमार्थ को इतना ऊपर रखा गया है कि दूसरों के सुख के लिए, लोग, अपना सर्वस्व दान देने में भी संकोच नहीं करते, इसलिए तो हमें बचपन से शिवि और दधीचि जैसे देह-दानियों की गाथाएं सुनाई जाती हैं। नागालैंड में 75 वर्षों में पहली बार दो महिला विधायक जीतकर विधानसभा पहुंची है। इनमें से एक को नागालैंड सरकार में मंत्री भी बनाया गया है, यानि, राज्य के लोगों को पहली बार एक महिला मंत्री भी मिली हैं। कुछ दिनों पहले मेरी मुलाकात, उन जांबाज बेटियों से भी हुई, जो, तुर्किए में विनाशकारी भूकंप के बाद वहां के लोगों की मदद के लिए गयी थीं। ये सभी एनडीआरएफ के दस्ते में शामिल थी । पीएम मोदी ने कहा, रमजान का पवित्र महीना भी शुरू हो चुका है। अगले कुछ दिनों में श्री राम नवमी का महापर्व भी आने वाला है। इसके बाद महावीर जयंती, गुड फ्राइडे और इस्टर भी आएंगे हमें, अपने कर्तव्यों को, सबसे आगे रखना है। इस समय कुछ जगहों पर कोरोना भी बढ़ रहा है, इसलिये आप सभी को एहतियात बरतनी है, स्वच्छता का भी ध्यान रखना है।

## भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे ने लगाई फांसी

**वाराणसी।** भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे ने रविवार को वाराणसी के सारनाथ के एक होटल में सुसाइड कर लिया। उनका शव होटल के कमरा नंबर 105 में पंखे से लटका मिला। पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया है। आकांक्षा के सुसाइड की वजह का अब तक पता नहीं चल पाया है। आकांक्षा भदोही जिले के चौरी थाना क्षेत्र के परसीपुर गांव की रहने वाली थीं। वह शुक्रवार रात शूटिंग के बाद होटल में गई थीं और सुबह उनका शव फंदे से लटकता मिला।

रविवार सुबह मेकअप मैन ने आकांक्षा दुबे को फोन किया। फोन न उठाने पर मेकअप मैन होटल पहुंचा। वहां आकांक्षा के कमरे का दरवाजा बंद था। होटल के कर्मियों ने मेकअप मैन को बताया कि आकांक्षा ने सुबह से नाश्ते के लिए ऑर्डर नहीं दिया है। इसके बाद होटल के कर्मचारियों ने कमरे का दरवाजा खटखटाया। जब अंदर से कोई रिस्पॉन्स नहीं आया, तो उन्होंने पुलिस को बुलाया।



आकांक्षा ने सारनाथ थाना क्षेत्र के सोमेंद्र होटल में फांसी लगाकर जान दे दी। वह 27 साल की थी। मैनेजर ने पुलिस की मौजूदगी में मास्टर चाबी से दरवाजा खोला, तो आकांक्षा का शव पंखे से लटका मिला। अउढ सारनाथ ने उनके मोबाइल समेत अन्य सामान को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। उनके मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल भी निकाली जा रही है। सुसाइड के कुछ घंटे बाद ही आकांक्षा का आखिरी भोजपुरी गाना रिलीज हुआ। गाने का टाइटल है 'ये आरा कभी हारा नहीं।' गाने के वीडियो को भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह और आकांक्षा पर फिल्माया गया है। गाने के बोल जावेद अख्तर और इमामुद्दीन के हैं और म्यूजिक प्रियांशु सिंह ने दिया है।

## बदले मौसम से बर्बाद हुई आम की फसल उत्पादक किसानों ने मांगा सरकार से मुआवजा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले 10 दिनों के दौरान आयी आंधी-पानी और ओलावृष्टि आम उत्पादक किसानों के अरमानों पर मुसीबत बनकर टूटी है। इस प्राकृतिक आपदा के कारण आम की फसल को हुए जबरदस्त नुकसान से परेशान उत्पादकों ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है। प्रदेश के आम उत्पादक इस बार अच्छा बौर आने की वजह से बंपर फसल की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन आंधी, बारिश और ओलावृष्टि तथा उसके परिणामस्वरूप मौसम ठंडा होने के कारण फसल को अब तक करीब 40 फीसदी का नुकसान हो चुका है। मैंगो ग्रोवर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष इंसराम अली ने रविवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 10 दिन पहले तो हाल बहुत अच्छा था,



लेकिन बारिश और ओले के साथ ठंड लौटने की वजह से आम की फसल को बहुत नुकसान हो गया है। तकरीबन 40 प्रतिशत फसल बर्बाद हो चुकी है। उन्होंने बताया कि इस साल पूरे उत्तर प्रदेश में आम पर बहुत अच्छा बौर (फूल) आया था और किसी तरह की कोई बीमारी भी नहीं लगी थी, लिहाजा आम उत्पादकों को इस बार बंपर फसल होने की उम्मीद थी, लेकिन पिछले करीब 10 दिनों के दौरान प्रदेश में हुई बारिश, आंधी-तूफान और ओलावृष्टि के साथ तापमान में गिरावट से काफी बौर झड़ गया। इससे तकरीबन 40 फीसदी फसल खराब हो गई है और अगर मौसम इसी तरह बना रहा, तो आगे और भी ज्यादा नुकसान होने की आशंका है। लखनऊ के मलीहाबाद के मशहूर आम उत्पादक कलीमुल्लाह ने बताया कि आम की फसल के लिए मार्च के महीने में हल्की गर्मी का मौसम होना जरूरी है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो सका। उन्होंने बताया कि पिछले साल मार्च में भीषण गर्मी की वजह से आम के फूल झुलस गए थे और इस बार मौसम ठंडा होने और आंधी-पानी के कारण करीब 50 प्रतिशत फूल झड़ गए हैं। कुल मिलाकर फसल को काफी नुकसान हो चुका है। इंसराम अली ने बताया कि करीब पांच साल के बाद इस बार अच्छा बौर आने के कारण उम्मीद थी कि प्रदेश में लगभग 60 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन होगा, लेकिन अब 35 लाख मीट्रिक टन हो जाए, तो बहुत बड़ी बात होगी। इस साल आम उत्पादकों को लगातार दूसरी बार मौसम का झटका लगा है और पिछले साल हुए नुकसान की भरपाई की उम्मीद अब धूमिल होती नजर आ रही है। मैंगो ग्रोवर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया पहले भी यह मांग कर चुका है और अब भी कर रहा है। इनमें लखनऊ, उन्नाव, प्रतापगढ़, मुरादाबाद, हरदोई, बुलंदशहर और बाराबंकी समेत 14 जिले शामिल हैं। इन्हें आम पट्टी कहा जाता है। लखनऊ के मलिहाबाद में पैदा होने वाला दशहरी आम अपनी जायके और खुशबू के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है।

## हैदराबाद: तेलंगाना के वरिष्ठ नेता डी श्रीनिवास हुए फिर से कांग्रेस में शामिल

**हैदराबाद।** अविभाजित आंध्र प्रदेश के पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं भारत राष्ट्र समिति (टीआरएस) के पूर्व राज्यसभा सदस्य धर्मपुरी श्रीनिवास अपने बड़े पुत्र धमापुरी संजय के साथ रविवार को फिर से कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गये। श्रीनिवास ने अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के तेलंगाना प्रभारी माणिक राव ठाकरे, तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रेवंत रेड्डी, सांसद उत्तम कुमार रेड्डी तथा अन्य प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हुए।

व्हीलचेयर पर गांधी भवन पहुंचे श्री श्रीनिवास ने कहा, ह्ल मैं कांग्रेस पार्टी में शामिल होकर बहुत खुश हैं। ऐसा लग रहा है कि मैं घर वापस आ गया हूं। इस अवसर पर उत्तम कुमार रेड्डी सांसद, कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी सांसद जनारेड्डी, पूर्व मंत्री शब्बीर अली, पोन्नाला लक्ष्मैया, रेणुका चौधरी सहित अन्य महत्वपूर्ण नेता भी उपस्थित थे।



कोच्चि में भारतीय तटरक्षक बल के एएलएच ध्रुव मार्क-3 हेलीकॉप्टर की जबरन लैंडिंग कराने का मामला सामने आया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ये घटना तक की है, जब जब बल के पायलट हेलिकॉप्टर का परीक्षण कर रहे थे। चॉपर करीब 25 फीट की ऊंचाई पर था, तभी उसे जबरन लैंडिंग करनी पड़ी। आईसीजी एएलएच ध्रुव बेड़े के संचालन को फिर से शुरू करने की दिशा में काम कर रहा है।

# जल्द हो सकता है सात लाख रुपये की चोरी का खुलासा

जनसंदेश न्यूज

कामयाबी

### ढाई वर्ष पूर्व हुई थी चोरी, कुछ सामान हुआ बरामद, मुख्य आरोपित की तलाश जारी



**जफराबाद।** जलालपुर क्षेत्र के हुसेपुर बाजार से लगभग ढाई वर्ष पूर्व हुई सात लाख रुपये के समान की चोरी का खुलासा जल्द होने की सम्भावना है। कुछ सामान भी बरामद हो चुका है। मुख्य आरोपित की तलाश है।

नत्थनपुर गांव निवासी अवधेश राजभर पुत्र रामपत राजभर की उक्त बाजार में डीजे की दुकान थी। दुकान में छह डीजे मशीन, मिक्सर मशीन, इन्वर्टर बैटरी आदि समान था। 21 दिसम्बर 2020 की रात चोर दुकान में घुसकर सारा सामान उठा ले गए थे। सामान की कीमत लगभग साथ लाख रुपये थी। उस समय पुलिस ने काफी खोजबीन किया। सीसी टीवी फुटेज में एक बाइक से सामान लाद कर चोरों को जाते हुए देखा गया। पुलिस ने मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। अवधेश राजभर को एक डीजे वाले ने व्हाट्सएप करके एक पुरानी डीजे मशीन खरीदने को कहा। जब वह व्हाट्सप पर मशीन भेजा तब अवधेश को झटका लगा क्योंकि अवधेश ने अपनी मशीन में कम्पनी द्वारा लगाए गए दो पँखों की जगह चार पंखे सेट किये थे जिससे मशीन हीट न हो। वह मशीन पहचान गया। वह तत्काल अपने उक्त परिचित के साथ चोलापुर थाना क्षेत्र के बहुआ गांव में पहुंच गया। वहां मशीन को पूरी तरह से पहचानने के बाद 112 डायल कर पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने तकाल उक्त मशीन को कब्जे में ले लिया। उसके बाद अवधेश को जलालपुर थाने पर लाकर वहां की पुलिस को साथ लाने को कहा। अवधेश जलालपुर पहुंचकर एक बोलेरो से सिपाहियों के साथ उक्त गांव में गया। वहां से मशीन किसने किससे खरीदा इसकी जानकारी करते हुए पुलिस जलालपुर क्षेत्र के कादीपुर गांव तक पहुंच गई है। अब तक दो मशीन बरामद हुई है। अवधेश के मुताबिक कादीपुर गांव का निवासी युवक पूना चला गया है। वहीं एसआई सदन प्रसाद ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। पूरी घटना का खुलासा जल्द होगा।

## सब्जी बेचने आए किसान को मारपीट कर मोबाइल छीना

**खुटहन।** गांव से मंडी में सब्जी बेचने आए एक युवा किसान को तीन मनबढ़ युवकों ने लात घूंसे से पीटकर उसकी मोबाइल छीनकर फरार हो गए। घटना के समय मंडी में काफी भीड़ भाड़ के बाद भी मनबढ़ बेखौफ किसान को पीटते रहे। पीड़ित ने तीनों आरोपितों के खिलाफ थाने में नामजद तहरीर दिया है। खबर लिखे जाने तक पुलिस किसी को हिरासत में नहीं ले सकी है।

मोबारकपुर गांव निवासी किसान विवेक बिंद खेत में गाजर की फसल तैयार कर नित्य सब्जी मंडी में बेचने आता है। रविवार को वह बेचने के लिए गाजर का बोरा मंडी में रख फोन पर बात करने लगा। आरोप है कि तभी वहां पहुंचे बिपुल यादव, दीपक पाल और शुभम यादव उसे अपशब्द कहते हुए लात घूंसे से मारने पीटने लगे। लोगों के बीच बचाव करने पर उसका मोबाइल छीन कर भाग गए।



# मोबाइल वेटरनरी यूनिट को राज्यमंत्री ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मोबाइल वेटरनरी यूनिट (सचल पशु चिकित्सा इकाई) का प्रदेश मुख्यालय से 520 सचल पशु चिकित्सा इकाईयों के शुभारंभ/फ्लैग आफ कार्यक्रम का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इसी क्रम में जनपद में शुभारंभ/फ्लैग आफ हेतु आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चंद यादव ने कलेक्ट्रेट परिसर से मोबाइल बैटरी यूनिट का हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि जनपद में पशुओं के उपचार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे तत्काल उपचार किया जा सकता है जो प्रदेश सरकार का सराहनीय कदम है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अनुज कुमार झा, मुख्य विकास अधिकारी साईं सीलम तेजा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी परमहंस राय, पशुधन प्रसार अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

संक्षेप

## सात साल के मासूम बच्चे ने रखा रोजा



**महराजगंज।** मुकद्दस माहे रमजान चल रहा है। गर्मी में लोग रोजा रख अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। एक ओर जहां बड़े लोग रोजा रख रहे हैं तो दूसरी ओर छोटे बच्चे भी रोजा रख कर अपने रब की इबादत कर रहे हैं। क्षेत्र के केवटली बाजार निवासी अंसार अहमद उर्फ शेबू का परिवार अन्य लोगों की तरह ही रोजे रख रहा है, लेकिन इस परिवार को खास बनाया है 7 साल के मोहम्मद वैस उर्फ गोलू ने जिसने पहला रोजा रखा है। परिवार में सभी सदस्यों को पांच वक्त की नमाज पढ़ते देख मोहम्मद वैस उर्फ गोलू भी अदा कर रहा है। कम उम्र के बच्चों द्वारा रोजा रखने से लोग हैरान हैं। गोलू भी अपने परिवार वालों के साथ सुबह तीन बजे से सेहरी खाने के लिए उठा और सेहरी खाकर फिर कुरआन की तिलावत में जुट गया। बच्चों द्वारा रोजा रखा जाना अपने आप में बड़ी बात है। मुसलमानों के लिए रोजा बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस माह में अल्लाह अपने नेक बन्दों के लिए अपनी रहमत के दरवाजे खोल देता है। बच्चे भी अल्लाह को राजी करने के लिए रोजे रख रहे हैं इबादत कर रहे हैं। यह सब अल्लाह का करम है सभी उसके शुक्रगुजार हैं।

## घूस लेने के आरोप में निलंबित दारोगा पर केस दर्ज

**सीओ करेंगे मामले की विवेचना**

**बदलापुर।** कोतवाली में तैनात दारोगा प्रसिद्ध नारायण सिंह को घूस लेने के आरोप में एसपी डा. अजयपाल शर्मा ने शनिवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। मामले में रविवार को प्रभारी निरीक्षक विनीत राय की तहरीर पर निलंबित दरोगा पर धारा 7 भ्रष्टाचार अधिनियम के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया गया। एसपी ने मामले की विवेचना सीओ शुभम तोदी को सौंप दिया है। थाने में तैनात एसआई प्रसिद्ध नारायण सिंह ने कस्तूरीपुर गांव निवासी रमेशचंद से एक मामले में केस दर्ज करने के लिए घूस ले रहे थे। इसी बीच किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 13 मार्च की दोपहर उसके घर में अखिलेश पुत्र राजनाथ नाम का व्यक्ति घर में घुसकर उसकी पुत्री को तमंचा दिखाकर सोने की चेन व चार हजार नगदी लूट लिया था। विरोध करने पर उसकी पुत्री को जान से मार देने की धमकी भी दिया था।

## गेहूं की पकी फसल पर बादलों का डेरा, किसान चिंतित

**बरसठी।** पिछले सप्ताह की बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं ने मछलीशहर तहसील क्षेत्र में गेहूं और सरसों तथा आम के बौर को काफी नुकसान पहुंचाया था। पिछले तीन-चार दिन से मौसम खुला होने पर किसानों ने राहत की सांस ली थी। सरसों की फसल खेतों में सूख जाने के बाद किसान उसे घर लाकर मड़ाई का कार्य करना शुरू कर दिये थे लेकिन रविवार की शाम मौसम ने दुबारा टर्न ले लिया है और आसमान एक बार फिर से बादलों की गिरफ्त में आ गया है। रविवार की शाम मछलीशहर तहसील क्षेत्र में धूल भरी तेज हवाएं चल रही हैं। जमीन पर गेहूं की पकी फसल और आसमान में बादलों को देखकर किसान चिंतित हो गए हैं। विकास खंड मछलीशहर के गांव बामी के किसान प्रेमचंद प्रजापति कहते हैं कि अगर मौसम ठीक ठाक रहता तो दो-चार दिन में गेहूं की फसल की मड़ाई व्यापक पैमाने पर शुरू हो जाती लेकिन अगर अब बारिश और ओलावृष्टि होती है तो किसानों को बहुत बड़ी हानि हो सकती है। गेहूं की मड़ाई के लिये हार्वेस्टर का आना जाना शुरू हो गया है। ऐसे किसान जिन्होंने सरसों की लम्बी खेती की है वह सरसों की मड़ाई भी खेतों में हार्वेस्टर से करवा रहे हैं जिससे मौसम की मार से बचा जा सके।

# मन की बात के साथ जन की बात भी सुनें कार्यकर्ता : विद्यासागर सोनकर

**मन की बात कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं को किया सम्बोधित**



कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते एमएलसी विद्यासागर सोनकर

**मछलीशहर।** मन की बात कार्यक्रम का आयोजन मछलीशहर मंडल के शक्ति केंद्र सूरतासापुर के प्रतापगंज बूथ संख्या 75 दिनेश जायसवाल के आवास पर आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम के 99वें एपिसोड को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से 100वें एपिसोड के लिए सुझाव भी मांगे और लोगों को अंगदान, सौर ऊर्जा और देश में नारी शक्ति के बढ़ते सामर्थ्य पर अपने विचार रखे। मन की बात कार्यक्रम में पहुंचे विधान परिषद सदन के उप नेता व विधान परिषद सदस्य विद्यासागर सोनकर ने कार्यक्रम के समापन के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता मन की बात के साथ-साथ जन की भी बात सुने और उसे अमल में लाएं व सभी जनों का सहयोग करें। इस दौरान उन्होंने हिंदू नव वर्ष की कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए बताया कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष में हम लोगों का नववर्ष पड़ता है। इसे हमें बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए क्योंकि भारतीय संस्कृति को जिंदा रखने की हम सबकी जिम्मेदारी है। इस दौरान कार्यक्रम में डॉ. राकेश सिंह, विनोद सिंह, सुरेन्द्र विक्रम सिंह, सौरभ जायसवाल, सुमित अग्रहरी, मेहीलाल गौतम, जयानंद चौबे, शोभित अग्रहरी, राकेश शुक्ला, अभिषेक सिंह, दिलीप अग्रहरी, राजेश सेठ प्रधान, गंगा सिंह, अनिल, प्रभाशंकर सिंह, संजय जायसवाल, अर्जुन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

**सुइथाकला।** रविवार को पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के बरऊद गांव के पास से तमंचे के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल करने का मामला सामने आया है। जिसे गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायालय को भेज दिया गया। बताया जाता है कि रविवार सुबह क्षेत्र भ्रमण के दौरान चौकी प्रभारी सुनील कुमार व हमराहियों द्वारा चौकी सरायमोहिउद्दीनपुर क्षेत्र के बरऊद के पास तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया गया जिसकी पहचान पड़ोसी जिला सुल्तानपुर के करौदी थाना क्षेत्र के हाजीपुर बरूआ गांव निवासी सुनील यादव पुत्र रामकेवल के रूप में हुई। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय को भेज दिया।



# नवरात्र के पांचवें दिन मां शारदा मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़



**जौनपुर।** वासंतिक चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन रविवार को मां शारदा शक्तिपीठ मैहर वाली मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक रही। भक्तों को अभीष्ट फल प्रदान करने वाली स्कंदमाता की पूजा करने का विधान है। नवरात्र के पांचवें दिन देवी की आराधना करने श्रद्धालु मां शारदा के दर्शन के लिए दूर स्थानों से चलकर मनवांछित फल प्राप्त करने के लिए यहां माथा टेका।

इसी क्रम में जौनपुर जिला न्यायाधीश राजेश राय ₹एडीजे प्रथम₹ सपरिवार दर्शन करने यहां पर पहुंचे। मंदिर वरिष्ठ ट्रस्टी सत्य प्रकाश एडवोकेट हाईकोर्ट मुंबई ने नारियल देकर स्वागत किया। श्रद्धालु अपने कुटुंब के साथ आस्था व दिव्य केंद्र मां शारदा मंदिर में दर्शन पूजन के लिए लंबी कतार सीढ़ियों से होते हुए अपने हाथों में प्रसाद लेकर माता के दरबार में पहुंचे। भक्तों द्वारा प्रातः काल से मां के पट खुलने के बाद आरती के उपरांत शक्तिपीठ में मां के साथ अन्य देव विग्रह के दर्शन एवं पूजन किया। दर्शन पूजन के साथ भक्तों को मंदिर ट्रस्ट की तरफ से प्रसाद बांटे गए। प्रसाद वितरण पूरे नवरात्र भर किया जा रहा। बाकी दिनों में प्रत्येक सोमवार को बांटा जाता है। इस अवसर पर ट्रस्ट कलाविद रविकांत जायसवाल, आशुतोष जायसवाल, जवाहर लाल जायसवाल, सुशील जायसवाल, असर्फी लाल, विजय, सुजीत अग्रहरी उपस्थित थे। बता दें कि चौकियां की भांति मंदिर परिसर के एक स्थान पर लोगों ने कढ़ाई चढ़ा कर माता को भोग लगाने के लिए हलवा पूरी बनाया। मंदिर परिसर के बाहर प्रसाद इत्यादि के लिए दुकाने सजी हुई हैं। जहां भक्त लोग नारियल चुनरी माला फूल इत्यादि लेकर मां के दरबार में पहुंच रहे हैं श्रद्धालुओं की भीड़ निरंतर चलती रहे जो देर रात में माता जी के आरती के बाद 9 बजे तक चलती रही।

# हार-जीत जीवन की है माला, संघर्ष कर राष्ट्र निर्माण में दें योगदान : सांसद

कार्यक्रम

### कुटीर पीजी कालेज चक्के में आयोजित हुआ युवा उत्सव कार्यक्रम



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते सांसद

**पराऊगंज।** नेहरू युवा केंद्र जौनपुर एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित कुटीर पीजी कॉलेज चक्के में युवा उत्सव कार्यक्रम महाविद्यालय के सभागार में शनिवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, संस्थापक के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मछलीशहर लोकसभा सांसद बीपी सरोज ने युवा उत्सव कार्यक्रम के प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किए छात्र एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहाकि हार जीत जीवन की माला है सभी विद्यार्थी अपने जीवन मे संघर्ष कर राष्ट्र निर्माण में अप्रतिम योगदान दे सकते हैं। मैंने अपने जीवन में चौकीदारी कर सांसद बना इसलिए जीवन में संघर्षों से पीछे नहीं हटना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र जौनपुर संजीव सिंह ने युवा उत्सव कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किए छात्र एवं छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए आए हुए अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कुटीर संस्थान की ओर से आए हुए अतिथियों का आभार ज्ञापन प्राचार्य मेजर डॉ. रमेश मणि त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुटीर संस्थान के व्यवस्थापक डॉ. अजयेन्द्र कुमार दुबे ने कहा कि जीवन व्यवहारिक होना चाहिए। युवा की प्रतिभा का उलंघन ही समाज की सबसे बड़ी जटिलता है इसलिए युवाओं को आदर्श प्रदान करने की आवश्यकता है। संकल्पपूर्ती के लिए युवाओं का आह्वान एवं युवाओं को संस्कार प्रदान करने की आवश्यकता है।

पूर्व विधायक गुलाबचंद सरोज ने कहा कि युवाओं में चरित्र निर्माण ही देश के विकास में सहयोगी होते हैं अतः युवाओं में प्रतिभा निर्माण की आवश्यकता है जिसके बल पर परिश्रम से सफलता की प्राप्ति होती है। इसके पूर्व जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया जिसमें निर्णायक मंडल के द्वारा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान का निर्धारण किया गया। भाषण प्रतियोगिता में एकता सिंह प्रथम, आयुषी श्रीवास्तव द्वितीय, गणेश भारती तृतीय, कला प्रतियोगिता में दिव्या सिंह प्रथम, प्रिंसी मिश्रा द्वितीय, प्रिया मौर्य तृतीय स्थान, मोबाइल फोटोग्राफी में धीरज पटेल प्रथम, वैभव शुक्ला द्वितीय तथा अर्पिता मिश्र ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। युवा काव्य लेखन में पूजा यादव प्रथम, श्रेया द्वितीय, आराध्या को तृतीय स्थान मिला तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में कुटीर पीजी कॉलेज चक्के ने प्रथम, कुटीर संस्थान द्वितीय, मड़ियाहूं पीजी कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जिन्हें मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष द्वारा स्मृति चिन्ह, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर डॉक्टर आरके पांडे ने किया। इस अवसर पर पंडित श्रीभूषण मिश्र, डॉ. मनोज मिश्र जनसंचार विभागाध्यक्ष, पूर्व कुलपति डीडी दुबे, संगीता मिश्र, त्रिवेणी वेलफेयर डॉक्टर राजेश त्रिपाठी, डॉक्टर शैलेंद्र सिंह, डॉक्टर रामजीत यादव, डॉ. विजय कुमार मौर्य, चौकी प्रभारी सुरेंद्र भाई पटेल रहे। संचालन छवी गुप्ता ने किया। इस मौके पर डॉक्टर नीता तिवारी समेत महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षणेत्तर एवं क्षेत्र के तमाम लोग उपस्थित रहे।

## विवाहिता को जलाकर मार डालने का प्रयास

**जौनपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला भौराजीपुर में एक विवाहिता संदिग्ध अवस्था में जल गई। उक्त मोहल्ला निवासी धर्मराज की 27 वर्षीय पत्नी सुमन रविवार दिन के लगभग 10 बजे बुरी तरह झुलस गई। मायके वालों का आरोप है कि जेठ और सास से अक्सर झगड़ा हुआ करता था और दोनों छोटी-छोटी सी बात को लेकर उसे प्रताड़ित किया करते थे। रविवार के दिन दोनों ने उस समय उसके ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दिया जब वह घर का घरेलू काम निपटा रही थी। जिस समय विवाहिता जलने लगी उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग बड़ी संख्या में पहुंच गए। महिला के मायके वालों को सूचना दी गई। झुलसी हुई महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे भर्ती कर दिया है। चिकित्सक के अनुसार महिला 60% जली हुई है। महिला की शादी लगभग 7 साल पूर्व हुई थी। उसका मायका जफराबाद थाना क्षेत्र हरजुपुर गांव में बताया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया पथ संचलन का आयोजन

कार्यक्रम

### पूर्ण गणवेश में निकले सैकड़ों स्वयंसेवक, संघ धोष संग नगर भ्रमण कर पहुचें उदगम स्थल



**शाहगंज।** नगर के आजमगढ़ मार्ग स्थित राजकीय महिला चिकित्सालय से रविवार को पूर्ण गणवेश पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन के पूर्व एकत्रीकरण के दौरान पूर्ण गणवेश में 6 वर्ष से लेकर 75 वर्ष तक के स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। क्षेत्रीय मार्ग प्रमुख पूर्वी उप्र राजेन्द्र सक्सेना ने कहा कि पथ संचलन सामाजिक एकता के साथ समाज में शक्ति के संचार का माध्यम भी है।

अध्यक्षता डा. एसएल गुप्ता ने किया। पथ संचलन चिकित्सालय से निकल स्वामी विवेकानंद तिराहा पुरानी बाजार घासमंडी चौक चूड़ी मोहल्ला, पुराना चौक, एराकियाना चौक, कोतवाली चौक, जेसीज चौक, नई आबादी, योगीनाथ तिराहा होते हुए अपने उद्गम स्थल पर पहुंच समापन हुआ। इस दौरान शाहगंज खुटहन एवं सुईथाकला ब्लाक के स्वयंसेवकों ने पथ संचलन में हिस्सा लिया।


संघ धोष के साथ स्वयंसेवकों ने कदमताल करते हुये नगर भ्रमण किया। इस दौरान जिला सामाजिक समरसता प्रमुख जौनपुर अवधेश कुमार पाण्डेय, तहसील पथ संचलन प्रमुख मुकेश, नगर शारीरिक प्रमुख संचलन सह प्रमुख एवं खण्ड प्रचार प्रमुख सोंधी आनन्द बरनवाल, नगर संघचालक दिलीप कुमार, जिला कार्यवाह रजनीश उपाध्याय, संघचालक सर्वेश चन्द्र, खण्ड कार्यवाह हनुमान प्रसाद, अखिलेश चन्द्र मिश्र, रामसागर, धर्मेन्द्र कुमार और नगर प्रचारक नरेन्द्र समेत सैकड़ों की संख्या में स्वयं सेवक सम्मिलित रहे।

# श्रीकृष्ण बाल लीला से भक्ति रस में डूबे दर्शक

जनसंदेश न्यूज

आस्था

### प्राचीन गौरी शंकर मंदिर चंदापुर में बह रही है भक्ति की रसधार



श्रीकृष्ण लीला का मंचन करते कलाकार

**बदलापुर।** क्षेत्र के प्राचीन गौरी शंकर मंदिर चंदापुर में भक्ति की रस धार बह रही है। दिन में मानस व भागवत कथा तो रात में रासलीला की मधुर झांकियों से लोग निहाल हो रहे हैं। शनिवार की रात वृंदावन से आए कलाकारों ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की जीवंत प्रस्तुति कर भक्ति रस की ऐसी त्रिवेणी बहाई कि श्रोता डूबते-उतराते रहे। मथुरा के राजा को आकाशवाणी से सुनाई पड़ी कि तुम्हारा काल गोकुल में पैदा हो चुका है। यह सुन उसके माथे पर चिंता की लकीरें खींच गईं। उसे पता था कि पूरा ब्रज मंडल चौरासी कोस में बसा है। ऐसे में यह पता लगाना कठिन था कि उसका काल किसके घर पैदा हुआ है। मंत्रियों ने सलाह दी कि एक साल तक के सभी बच्चों को मार दिया जाय। अंत में पूतना को कृष्ण भगवान को मारने हेतु भेजा गया। उल्टे प्रभु ने उसकी ही जीवन लीला समाप्त कर दी। लीला को आगे बढ़ाते हुए माखन चोरी, चंदा के लिए रूठना, मां यशोदा द्वारा मिट्टी खाने पर प्रभु को रस्सी से बांधने जैसी कई लीलाओं का कलाकारों ने जीवंत मंचन किया। रास लीला का निर्देशन स्वामी श्रीचंद शास्त्री ने किया। इस अवसर पर सुदाम कुटी कै महंत अमर दास जी, प्रेम दास जी, सुभाष चन्द्र तिवारी, उन्नत सिंह, गोविंद तिवारी, राजेंद्र सिंह, कमलेश यादव, बृजेश सिंह आदि रहे। आयोजक मंदिर के पुजारी दया शंकर दास त्यागी ने आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

## भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के केशवपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी।

क्षेत्र के केशवपुर गांव के राजेन्द्र मौर्या व संतोष कुमार में पुराना भूमि विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी विवादित जमीन पर रविवार को दोपहर बाद एक पक्ष द्वारा निर्माण कार्य करवाया जा रहा था। जिस पर दूसरे पक्ष को जानकरी हुई तो उसने निर्माण कार्य करने से रोक दिया। जिसको लेकर दोनों पक्षों में गाली-गलौज शुरू हो गया। गाली-गलौज धीरे-धीरे मारपीट में तब्दील हो गया। मारपीट की सूचना पर मौके पर डायल 112 की पुलिस भी पहुंच गयी। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर किसी तरह शांत कराया।

इस मामले में पूछे जाने पर थाने के उप निरीक्षक रमाशंकर पांडेय ने बताया कि अभी तक किसी पक्ष द्वारा लिखित तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# अतुल्य वेलफेयर ट्रस्ट परिवार ने वितरित की पोषण पोटली



क्षय रोगी को पोषण पोटली देते ट्रस्ट के लोग

**जौनपुर।** अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार द्वारा धमार्पुर ब्लाक में चिन्हित सभी टीबी रोगियों को गोद लिया गया। उनके द्वारा क्षेत्र के टीबी रोगियों को प्रतिमाह पौष्टिक आहार किट का वितरण भी किया। संकल्प लिया कि इनकी देखरेख की जिम्मेदारी हमारी रहेगी। इस सम्बन्ध में एक कार्यक्रम का आयोजन रविवार को मालती देवी शिक्षण संस्थान धमार्पुर ब्लॉक पर किया गया।

कार्यक्रम के विषय पर जानकारी देते हुये ट्रस्ट की अध्यक्ष उर्वशी सिंह ने बताया कि हमारा प्रयास प्रधानमंत्री भारत सरकार के 2025 तक भारत से क्षय रोग उन्मूलन के लक्ष्य को निर्धारित किया गया है। प्रत्येक टीबी रोगी को दवाइयों के साथ साथ कुछ पोषण सामग्री की आवश्कता होती है। हम टीबी मरीजों को पौष्टिक सामग्री जैसे-गुड़, मूंगफली दाना, दाल, भुना चना, सत्तू, बोर्नबीटा के साथ साथ सोयाबीन उपलब्ध करा रहे हैं। एक माह तक मरीज को देने के बाद हम उसकी मॉनिटरीग भी करते हैं कि क्या मरीजो की दी जाने वाली पोषण सामग्री का लाभ उन्हें हो रहा है इसका पता हम मरीजो के वजन/बीएमआई द्वारा पता करते हैं। इसकी शुरूआत हमने धमार्पुर ब्लॉक से शुरू पिछले साल से ही कर दिया है। अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट की तरफ से डॉ. समर बहादुर सिंह ने बताया कि महामहिम राज्यपाल की मंशानुरुप जनपद में समस्त टीबी रोगियों को गोद देने की प्रक्रिया जारी है। कनक सिंह ने कहाकि अतुल्य वेलफेयर ट्रस्ट परिवार की यह पहल सकारात्मक है। मीरा अग्रहरी ने कहा कि जनपद में धमार्पुर ब्लाक को टीबी फ्री ब्लाक के लक्ष्य के साथ चुना गया है जिसमें हमारा उद्देश्य है कि हम प्रत्येक चिन्हित रोगी को दवाईयों के साथ कुछ पोषण भी उपलब्ध करवा सकें। अभी तक ट्रस्ट परिवार ने 98 मरीज गोद ले चुके हैं। अमर जौहरी ने बताया कि टीबी रोगियों के स्वास्थ्य पर नजर रखते हुए पौष्टिक आहार किट उपलब्ध कराई जा रहीं है। ट्रस्ट की ज्योति श्रीवास्तव ने कहाकि गोद लेने को सामाजिक संस्थाएं स्वयं आगे आ रही हैं जो कि अच्छी बात है। ट्रस्ट के आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि एक समय ऐसा था जब घर का कोई सदस्य क्षय रोग से पीड़ित होता था तो परिवार वाले उसको घर से दूर रहने की व्यवस्था करा देते थे। ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि माइक्रोबैक्टीरिया ट्यूबरक्लोसिस बैक्टीरिया से होने वाली इस बीमारी से मौतों का आंकड़ा अन्य बीमारियों से कहीं अधिक था। अब समय बदल चुका है, हम देश की आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। अब स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह से बेहतर हो चुकी हैं, इसलिए घबराने की नहीं, बल्कि सही समय पर पूरा इलाज कराने की जरूरत है। इस मौके पर संस्थापक दीक्षा सिंह, नागेंद्र नाथ सिंह, राधिका सिंह, मंडल अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा, उमेश सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अनुशासन और सेवा की भावना से जीवन में श्रेष्ठता हासिल होती है : डॉ. आरके पटेल



**मड़ियाहूं।** मड़ियाहूं पीजी कॉलेज में 31वां दो दिवसीय विश्वविद्यालीय रोवर्स/रेंजर्स समागम कार्यक्रम का रविवार को भव्य समापन समारोह हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक आरके पटेल ने किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक डॉ. लीना तिवारी, विश्वविद्यालयीय रोवर्स रेंजर्स संयोजक डॉ. जगदेव, जनपद संयोजक डॉ. अजय कुमार दुबे ने माँ सरस्वती का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम आरम्भ किया।

मुख्य अतिथियों का स्वागत प्राचार्य प्रोफेसर एसके पाठक ने अंगवस्त्रम एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया। इसी के साथ दो दिवसीय विश्वविद्यालयीय रोवर्स/रेंजर्स रैली में छात्र छात्राओं के प्रदर्शन का सिलसिला प्रारम्भ हुआ। पूरे दिन चले कार्यक्रम में रोवर्स रेंजर्स की टीमों ने अपने प्रदर्शन को उत्कृष्ट बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मेजबानी कर रहे पीजी कॉलेज की रोवर्स रेंजर्स टीमों की अगुवाई में विभिन्न महाविद्यालयों से जुड़ी टीमों ने मार्च पास्ट कर स्काउट झंडा व मुख्य अतिथि को सलामी दी। टीमों के बीच पोस्टर क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता, मार्च पास्ट एवं गांठबंधन, समूह गान, नाट्य प्रतियोगिता इत्यादि प्रतियोगिताएं कराई गई।

मुख्य अतिथि वर्तमान विधायक डॉक्टर आरके पटेल ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अनुशासन और सेवा की भावना से जीवन में श्रेष्ठता हासिल होती है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक डॉ. लीना त्रिपाठी ने कहा कि छात्र जीवन की सीख आपके पूरे जीवन भर काम देती है। डॉ. अजय कुमार दुबे ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए रोवर्स रेंजर्स की महत्ता तथा जीवन में अनुशासन के महत्व को रेखांकित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. एसके पाठक ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सेवा के बदले समाज की ओर से प्रशंसा और तिरस्कार दोनों मिलता है। आयोजन सचिव डॉ. सुजीत कुमार पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालयीय रोवर्स रेंजर्स समागम में जनपद गाजीपुर और जनपद जौनपुर की कुल आठ टीमें प्रतिभाग की हैं। डॉ. सुजीत कुमार पटेल ने बताया कि इस दो दिवसीय रोवर्स रेंजर्स समागम में रोवर्स में प्रथम स्थान पीजी कॉलेज गाजीपुर और रेंजर्स मे प्रथम स्थान राजकीय महिला पीजी कॉलेज गाजीपुर व मड़ियाहूं पीजी कॉलेज मड़ियाहूं को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। द्वितीय स्थान रोवर्स में स्वामी सहजानंद पीजी कॉलेज गाजीपुर और रेंजर्स मे पीजी कॉलेज गाजीपुर और तिलकधारी पीजी कॉलेज को संयुक्त रूप से मिला है। प्रथम स्थान प्राप्त टीमें सोमवार को कुलभास्कर आश्रम डिग्री कॉलेज प्रयागराज में होने वाले अंतरविश्वविद्यालयीय/प्रादेशिक रोवर्स रेंजर्स समागम कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए प्रस्थान करेंगे। कार्यक्रम रोवर्स/रेंजर्स के एसओसी वाराणसी मंडल डीओसी गाजीपुर डीटीसी गाइड आयशा तरन्नुम और ज्ञानचंद चौहान, अजय चौहान, मनोज विश्वकर्मा, निखिल चौरसिया, आंसू दुबे इत्यादि प्रशिक्षक उपलब्ध रहे। प्रोफेसर आंजनेय पांडे, प्रोफेसर अजय कुमार वर्मा, डॉ. जेपी दुबे, डॉ. विजय चतुर्वेदी, डॉ. कुमार प्रणव वर्मा, डॉ. जेपी शुक्ला, डॉ. त्रिपुरारी उपाध्याय, डॉ. दया सिंधु, डॉ. विवेक कुमार सिंह, डॉ. जितेंद्र पाल, डॉ. विवेक कुमार प्रजापति, डॉ. योगेश कुमार साहू, डॉ. सौरभ सिंह, डॉक्टर संदीप मिश्रा, डॉ. आशीष कुमार उपाध्याय, डॉ. वाइके सिंह, डॉ. सीपी दूबे, डॉ. दयाशंकर दुबे, डॉ. प्रवीण तिवारी, डॉ. रत्नेश त्रिपाठी, डॉ. शिव पूजन कुराल, डॉ. आजाद सिंह, डॉ. आनन्द कुमार सिंह, डॉ. नागेन्द्र नाथ मिश्र, डॉ. संजय तिवारी, डॉ. पवन मिश्रा और अन्य शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर राकेश मिश्रा डीओसी ने किया।

## मेढ़ा में पांच दिन बहेगी भक्ति की गंगा

**बदलापुर।** क्षेत्र के मेढ़ा गाँव स्थित द्वारिका जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भक्ति की गंगा बहाने के लिए पांच दिवसीय शतचंडी महायज्ञ एवं कथा की शुरुआत करिया बाबा की गरिमामयी उपस्थिति में रविवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ हुई। विद्यालय के बड़े बाबू मदन सिंह की अध्यक्षता में पांच दिवसीय शतचंडी महायज्ञ एवं कथा का आयोजन किया गया है जिसकी शुरुआत रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुई, जिसका शुक्रवार को हवन एवं विशाल भंडारे के साथ समापन होगा। उक्त कार्यक्रम सार्वभौम विश्व गुरु स्वामी श्री करुणानंद सरस्वती महाराज उर्फ करिया बाबा के सानिध्य में किया जा रहा है। कथावाचक वाराणसी के वृजभूषण शरण सरस्वती महाराज के मुखार बिंदुओं से कथा का श्रवण कर भक्त जनों में नई उर्जा का संचार हो रहा है। रविवार की सुबह से ही वैदिक मंत्रों की गूंज से पूरा इलाका भक्ति मय हो गया है। कार्यक्रम में ग्रामवासी सहित क्षेत्र के लोग बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे है।

## संक्षेप

### अपने हक को पाने के लिए एकता जरूरी : जेपी धनगर



**जफराबाद।** समाज में अपने हक को पाने के लिए एकता होना जरूरी है। एकता की ताकत से ही हम अपने को मजबूत बना सकते हैं। यह बातें रविवार को विजय प्रताप इंजीनियरिंग कालेज जफराबाद के प्रांगण में आयोजित पाल धनगर सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए राष्ट्रीय धनगर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी धनगर ने कही। उन्होंने कहा कि समाज मे आज पाल व धनगर समाज को अपना हक लेने के लिए लम्बी लड़ाई लड़नी है। हम पाल तथा धनगर समाज को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र दिलवाने की लड़ाई लड़ेंगे। विशिष्ट अतिथि सुरेश पाल ने कहा कि हमें संगठित होकर अपने समाज की मजबूती के लिये कार्य करना है। सम्मेलन को भाजपा के मछलीशहर जिलाध्यक्ष रामविलास पाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रभावती पाल, राजदेव पाल, अजय प्रताप पाल आदि ने भी सम्बोधित किया। अध्यक्षता लालप्रताप पाल तथा संचालन विजय पाल ने किया। अतिथियों का इंजी अजय प्रताप पाल, नीलम पाल राजेश पाल आदि ने स्वागत किया। इस मौके पर पाल महासभा के रामकृष्ण पाल, राम सिंगर पाल, राहुल पाल, लालता पाल आदि सहित समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### पेट्रोल पंप का उड़ा कैनोपी

**रामपुर।** क्षेत्र के गनेशपुर स्थित खान किसान सेवा केन्द्र (इंडियन आयल पेट्रोल पम्प) का रविवार को आंधी तूफान के चलते कैनोपी उड़ गया जिससे लाखों का नुकसान हुआ। बताया जाता है कि गनेशपुर स्थित इंडियन आयल पेट्रोल पम्प खान किसान सेवा केन्द्र का शाम को आंधी तूफान के चलते एक तरफ जहां कैनोपी उड़ गया वहीं बाउंड्रीवाल सहित अन्य नुकसान हुआ। इस सन्दर्भ में पेट्रोल पम्प के स्वामी अख्तर ने बताया की इस तूफान से लाखों का नुकसान हुआ है।

### मासूम बच्चों ने रखा रोजा, देश की तरक्की के लिए मांगी दुआ



**जलालपुर।** रमजान माह में तपती धूप की परवाह किए बिना नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी रोजा रखा। अल्लाह और उसके रसूल की रजा हासिल करने के लिए भूख और प्यास की शिद्दत बर्दाश्त कर बच्चों ने देश की तरक्की के लिए दुआएं मांगी। क्षेत्र के महिमापुर गांव के निवासी 9 वर्षीय सनवेग, अंशवेग एवं अयान ने भीषण गर्मी की परवाह किए बिना रोजा रखा। परिवार के बड़े लोगों ने भी बच्चों की हौसला अफजाई की। शाम को इफ्तार के वक्त बच्चों के चेहरे पर खुशी की झलक रही। बच्चों ने रोजा खोलकर देश में अमन चैन के लिए अल्लाह से दुआएं कीं। कई बच्चों ने तो पहली बार रोजा रखा है।

### आरएसएस के स्वयं सेवकों ने निकाला पथ संचलन

**बरसठी।** वर्ष प्रतिपदा के उपलक्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने रविवार को बरसठी खंड का संयुक्त पथ संचलन किया। जगह-जगह लोगों के द्वारा पुष्प वर्षा कस्तम सेवकों का उत्साह वर्धन किया। निगोह जूनियर हाईस्कूल के परिसर में स्वयंसेवक एकत्र हुए जहां से पथ संचलन शुरू किया जो रामपुर, बरसठी मुख्य मार्ग से निगोह कुसा मार्ग होते हुये स्कूल में पहुंचकर समाप्त हो गई। पथ संचलन में स्वयंसेवक घोष की ताल पर कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों को देखकर पथ संचलन देखने के लिए सड़क के दोनों तरफ लोग खड़े रहे। इस बीच स्वयंसेवकों का लोगों ने घर की छतों से पुष्प वर्षा के साथ लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया।

### नवधन गांव में सहकारी समिति खोलने की मांग

**ज्ञानपुर।** ऊंज क्षेत्र के नवधन गांव में भवानी की बारी में किसानों की बैठक हुई। इसमें न्याय पंचायत नवधन में सहकारी समिति खोलने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि भदोही जिले में 6 विकास खंड है जिसमें 5 विकास खंड भदोही, ज्ञानपुर, औराई, सुरियावां एवं अभोली में हर न्याय पंचायत में सहकारी समिति खुली हुई है परंतु विकास खंड डीघ में 5 न्याय पंचायत में एक सहकारी समिति खोल दी गई। जंगीगंज सहकारी समिति में पांच न्याय पंचायत नवधन, बरईपुर, सागर रायपुर, छतमी एवं कलनुआ को मिलाकर सहकारी समिति बनाई गई। इसमें नवधन, बरईपुर एवं छतमी जंगीगंज से काफी दूर पडते हैं इसमें किसानों को खाद बीज लेने में बड़ी कठिनाई होती है। इस लिए किसानों की सुविधा को देखते हुए नवधान न्याय पंचायत में एक अतिरिक्त सहकारी समिति खोली जाए। जिसके लिए एक प्रस्ताव पास कर जिलाधिकारी एवं सहायक निबंधक सहकारी समितियां के यहां भेजने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर रमाशंकर उपाध्याय, संतोष उपाध्याय, वीरेंद्र नाथ उपाध्याय, हृदय तोष उपाध्याय, गिरेंद्र उपाध्याय, श्यामधर पांडेय, उमेश पांडेय, जगदीश नारायण, अरविंद उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एके चौबे एवं अध्यक्षता श्यामधर पांडेय ने किया।

### लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज दबा रही है सरकार

**ज्ञानपुर।** केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ विद्वेष वश बदले की भावना से की जा रही कार्यवाही तथा लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए बनाए जा रहे भयपूर्ण वातावरण के खिलाफ लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए शीर्ष नेतृत्व के निदेर्शानुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रविवार को जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर दूबे के नेतृत्व में नगर स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष मौन सत्याग्रह कर विरोध जताया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर दूबे तथा पूर्व पीसीसी सदस्य सुरेश चंद्र उपाध्याय ने मोदी सरकार की लोकतंत्र विरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना की। कहा कि जिस तरह हमारे नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता को आनन फानन में रद्द किया गया इससे मोदी सरकार की विद्वेषपूर्ण भावना उजागर हुई है। जिला महासचिव सत्येन्द्र प्रकाश तिवारी ने कहा कि अडानी महाघोटाला को छिपाने के लिए मोदी सरकार लोकतंत्र और संविधान की हत्या करने पर आमादा है जो देश के लिए नितांत दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहेगा। मौके पर मुख्य रूप से सुरेश गौतम, मबूद खां, गुलाजारी लाल उपाध्याय, मसूद आलम, राजेंद्र प्रसाद मौर्य, हरिश्चंद दूबे, त्रिलोकी नाथ बिंद, सुरेश चौहान, महेश मिश्र, निर्मल प्रजापति, जान मोहम्मद, मनोज जायसवाल, नरेश मिश्र, आनंद मौर्य, सुमित शुक्ला, परवेज हाशमी, लालमणि चौरसिया, धीरज मिश्र आदि रहे।

### मोबाइल वेटरनरी यूनिट वैन को विधायक व जिपं अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**ज्ञानपुर।** यूपी सरकार के दूसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने के विशेष अवसर पर आकस्मिक पशु चिकित्सा सेवाओं को टोल फ्री नंबर 1962 के माध्यम से पशुपालकों के द्वार पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना "पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना" के अंतर्गत 201 करोड़ रुपए की लागत से 520 मोबाइल वेटरनरी यूनिट वैन का फ्लैग ऑफ व टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1962 का शुभारंभ सीएम द्वारा लखनऊ में किया गया। जिसका लाइव प्रसारण कलेक्ट्रेट एनआईसी में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व जनमानस ने देखा। पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना के अंतर्गत जनपद भदोही को प्राप्त कुल चार मोबाइल वेटरनरी यूनिट वैन का विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी के द्वारा जिलाधिकारी गौरांग राठी, मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह एव पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय की गरिमामयी उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मोबाइल वेटरनरी यूनिट का प्रयोग हम जनपद के दूरस्थ इलाकों, दूरदराज के ग्रामों में पशुपालकों के पशुओं को चिकित्सा, टीका जैसे मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए किया जाएगा, जहां पर हमारे किसी भी विभाग पशुपालन, कृषि विभाग संस्थाओं की पहुंच नहीं है और वहां के पशुपालक संस्थानों तक नहीं आ पाते हैं ऐसे पशु पालकों के पशुओं को यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### कार्यकर्ताओं को जोड़ने की दी जिम्मेदारी

**चंदौली।** शिव सेना जिला प्रमुख के पद पर मिथिलेश तिवारी को चयनित किया गया है। साथ ही जिले में संगठन को एक नई उर्जा के साथ कार्यकताओं को जोड़ने की भी जिम्मेदारी दी गई है। इससे कार्यकताओं में हर्ष व्याप्त है।

### 27 को होगा दिव्यांगों में ट्राई साइकिल का वितरण

**चंदौली।** जनपद के शहाबगंज ब्लॉक परिसर में 27 मार्च को जनपद के दिव्यांग जनों के लिए निःशुल्क ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह जानकारी दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी राजेश नायक ने देते हुए बताया कि इस दौरान स्थानीय विधायक कैलाश आचार्य ,ब्लॉक प्रमुख गीता देवी व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह के साथ-साथ अन्य जनप्रतिनिधि गण मौजूद रहेंगे। इस मौके पर दिव्यांग जनों को सरकार की योजना के अंतर्गत निःशुल्क ट्राई साइकिल वितरित किया जाएगा। इसके लिए पात्र व्यक्तियों को आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं आय प्रमाण पत्र लेकर मौके पर आना होगा। इनके अभाव में उन्हें ट्राई साइकिल वितरित नहीं की जा सकेगी।

### सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एक अप्रैल से

**चंदौली।** शहाबगंज क्षेत्र के मसोई गांव में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन एक अप्रैल से किया गया है। सात अप्रैल को इसका समापन होगा। पहले दिन सुबह के वक्त कलश यात्रा व कथा व्यास की शोभायात्रा निकाली जाएगी। कथा वाचक शिवम शुक्ल श्रोताओं को भागवत कथा का रसपान कराएंगे।

# पथ संचलन में दिखा कदमताल का अनोखा संगम, हुई पुष्प वर्षा

जनसंदेश न्यूज



नगर में पथ संचलन करते आरएसएस के स्वयंसेवक

**मुंगराबादशाहपुर।** नगर में शनिवार देर शाम आरएसएस के स्वयंसेवकों नगर व खण्ड कार्यवाहक के द्वारा नगर में पथ संचलन किया गया। पथ संचलन में अनोखा कदमताल दिखा तथा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। वर्ष प्रतिपदा के शुभ अवसर पर नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर व खण्ड कार्यवाहक के द्वारा संयुक्तरूप से पथ संचलन का आयोजन सिटी पब्लिक स्कूल में किया गया जहां सभी स्वयंसेवकों ने एकत्रित होकर पथ संचलन आरंभ किया जो नगर के मुख्य मार्ग सब्जी मंडी से होते हुए चौक थाना, स्टेशन रोड, जंघई रोड, मछलीशहर रोड, गजराजगंज व सिपाह मोहल्ला होते हुए पुनः यथास्थान पर आकर समाप्त हुआ। कार्यकर्ता सफेद कमीज, खाकी पैंट और काली टोपी में थे। बैंड के साथ इन स्वयंसेवकों ने देश प्रेम का संदेश दिया। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया। वहीं महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष नीलम गुप्ता के द्वारा सब्जी मंडी में पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया। इसके पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डा. हेगड़ेवार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया। संचलन के पहले देशभक्ति, राष्ट्र प्रेम से परिपूर्ण बौद्धिक हुआ। पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र बौद्धिक शिक्षण प्रमुख मिथिलेश व कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गणेश ने कहा कि हम सभी भारतीय नव वर्ष, वर्ष प्रतिपदा उत्सव के लिए यहां एकत्रित हुए हैं। भारतीय नव वर्ष हम सबके जीवन में नए उत्साह प्रवाहित करता है। इस अवसर पर नगर व खण्ड के प्रचारक चन्द्रकमल, मुंगराबादशाहपुर खण्ड के खंड संघ चालक ओमप्रकाश व मछलीशहर के जिला प्रचारक प्रभात सहित नगर और खण्ड के कार्यवाह समेत सैकड़ों स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का रखें ध्यान

जनसंदेश न्यूज




**सुजानगंज।** प्रणवम स्कूल ऑफ आर्ट में आधुनिक शिक्षा एवं आध्यात्मिक ज्ञान के विषय पर चर्चा करते हुए आत्मीय विद्या धाम आनंद गुजरात से पधारे भगवान स्वामीनारायण के संत सर्व दर्शन स्वामी एवं प्रभु दर्शन स्वामी ने बताया कि आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ संस्कार एवं आध्यात्मिक ज्ञान एवं शिक्षा भी आवश्यक है। बगैर आध्यात्मिक ज्ञान के हमारी युवा पीढ़ी नशे की लत हिंसा अनाचार आदि अनेकों दुर्गुणों की शिकार हो रही है। ऐसे में परिवार की मर्यादा संस्कार सब कुछ तार-तार हो रहे हैं इससे बचने के लिए हमें आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के संस्कारों व आध्यात्मिक ज्ञान की शिक्षा भी अनिवार्य रूप से देनी होगी तभी हमारा युवा व्यसन एवं दुर्गुणों से मुक्त होगा और परिवार व समाज को एक नई दिशा मिलेगी। स्वामी हरिप्रसाद स्वामी महाराज ने एक लाख से अधिक व्यसन मुक्त युवाओं की टीम तैयार की है। प्रबोध जीवन स्वामी महाराज भी इस दिशा में आगे कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. प्रमोद के सिंह ने की। संचालन शशि कुमार गुप्ता व आभार डा. दिनेश गुप्ता ने किया। इस दौरान राम शंकर दुबे, श्याम शंकर, प्रदीप सिंह, दीपक सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, नीरज सरोज, कुलदीप पाण्डेय, विजय शंकर दूबे, दीपक तिवारी, पंकज मणि तिवारी, अजीत शर्मा, सचिन मिश्र, संदीप गुप्ता, नीता तिवारी, सुनीता सोनी, वंदना जायसवाल, सुरभि सिंह, सोनाक्षी, नीलम सोनी, अस्मिता आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### वीडियो कॉल के माध्यम से झांसा देकर की जा रही ठगी

**गोपीगंज।** वाट्सएप और फेसबुक के जरिये वीडियो कॉल करके झांसा देकर ठगी की जा रही हैं। इस ठगी में अनजाने नम्बर से कॉल आता है और फिर फोटो या वीडियो को कैप्चर करके उसे सेव कर लेते हैं, और न्यूड फोटो या वीडियो में तब्दील कर उसे वायरल करने की धमकी देते है, और आपसे रुपए ऐंठते है, कई लोग अपने न्यूड फोटो या वीडियो देखकर, बदनामी से डर जाते हैं और ब्लैकमेलर को उनकी मांगी कीमत देने को मजबूर हो जाते हैं। जनपद भदोही, जनपद प्रयागराज में कई लोग ऐसे है जो इस स्कैम का शिकार हो चुके हैं। दरअसल, भदोही जनपद में रहने वाले सत्यम (काल्पनिक नाम) एक युवक रात को उन्हें एक महिला का वाट्सएप पर वीडियो कॉल आया तो पहले तो सत्यम ने उठाया नहीं, इसके बाद उसने लगातार दो तीन बार फोन किया तो सत्यम ने उठाया। इसके बाद महिला वीडियो कॉलर में अपने कपड़े उतारने लगी तो उस युवक ने कॉल रख दिया इसके बाद युवक के पास 30 मिनट बाद एक वीडियो भेजा जाता है जिसमें दिखाई देता है कि युवक अपने कपड़े उतार रहा है यानि कि उसका चेहरा किसी दूसरे न्यूड वीडियो में लगा दिया गया। इसके बाद उसके वीडियो वायरल की धमकी देकर ब्लैकमेल किया जाता है। युवक अपने परिवार और रिश्तेदारों के डर से काफी बड़ी रकम उसके हवाले कर चुका था। एक दिन युवक अपने घर से गायब हो गया जिसकी सूचना परिजनों ने थाने में देकर खजबीन शुरू किए तो पता चला की 300 किलोमीटर दूर एक स्टेशन पर बेहोशी की हालत में है। परिजन युवक को घर लाए और जानकारी ली तो उसने डरते हुए सारा वाकया बताया। ऐसा एक और मामला सामने आया। 20 से 35 वर्ष के बीच के लोग फेक प्रोफाइल बनाकर ये स्कैम करते है। ये लड़की की पिक्चर लगा कर बड़ी आकर्षक प्रोफाइल बनाते हैं. ये लोग एक फोन से वीडियो कॉल करते है और दूसरे फोन में एडल्ट क्लिप चलाकर कैमरे के सामने रखते है।

### दो बसों का किया चालान, तीस से अधिक वाहनों पर की गई कार्रवाई



**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के दिए गए निर्देश पर जनपद में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के लिए रविवार को उगापुर, औराई, महाराजगंज एवं जंगीगंज के बीच एआरटीओ प्रवर्तन द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। चलाए गए अभियान के तहत चार ओवरलोड वाहनों का चालान किया गया। अनधिकृत रूप से संचालित दो बसों का भी चालान किया गया। एक बस के चालक के द्वारा नशे की हालत में वाहन चलाए जाने पर उसके लाइसेंस को जप्त कर निलंबन की कार्यवाही की गयी। बस को दूसरे चालक के सुपुर्दगी में आगे जाने दिया गया। इसके अतिरिक्त तीस से अधिक वाहनों का नो पार्किंग, मोबाइल फोन का प्रयोग, डेंजर ड्राइविंग, कर बकाया, वाहन पर नंबर प्लेट न लगे होने, रिफ्लेक्टिव टेप इत्यादि ना लगे होने पर चालान की कार्यवाही की गई। एआरटीओ अरुण कुमार ने बताया कि ऐसे वाहन जो आवाजाही करने वाले जनमानस को अव्यवस्था उत्पन्न कर रही है उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

### पुलिस ने वांछित को भेजा जेल

**कन्दवा।** पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर रविवार की सुबह तलाशपुर तिराहे के समीप से वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस वांछित अभियुक्त को काफी दिनों से तलाश कर रही थी। कन्दवा थानाध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया की रविवार की सुबह मुखबीर से सूचना मिली कि पास्को एक्ट में वांछित आरोपी तलाशपुर तिराहे पर खड़ा है। सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक रामभवन यादव, शशि कुमार, अजय कुमार तलाशपुर तिराहे से अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। आरोपी 25 वर्षीय शफीक पुत्र तसऊवर अली निवासी अदसड़ थाना कंदवा जनपद चंदौली को कागजी कार्रवाई कर जेल भेज दिया।

# सीएम ने विकास में अव्वल महजूदा को दिया 11 लाख का पुरस्कार

**उपलब्धि**

**ग्रामप्रधान राजमणि पांडेय को गांव के विकास के लिए 11 लाख का पुरस्कार**

जनसंदेश न्यूज



सुरियावां विकासखंड की महजूदा गांव पंचायत के उदघाटन के मौके पर डीएम के साथ ग्रामप्रधान (फाइल फोटो)



**भदोही।** उत्तर प्रदेश के ग्रामीण विकास में पंचायती राज व्यवस्था की अहम भूमिका है। ग्रामीण विकास को लेकर योगी सरकार बेहतर काम कर रही है।

विकास की योजनाओं को अभिनय तरीके से क्रियान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद भदोही की पांच पंचायतों को मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना से सम्मानित किया है। जिसमें सुरियावां विकासखंड की महजूदा गांव पंचायत को सर्वश्रेष्ठ 11 लाख रुपए का पुरस्कार मिला है। राज्य की योगी सरकार गांव पंचायतों के सर्वांगीण विकास के रूप में विकसित करना चाहती हैं। जिसमें स्कूल, तालाब, खेलकूद के मैदान, गौशाला, संकुल भवन, पंचायत भवन, ग्राम सचिवालय, ग्रामीण सड़कें, खड़ंजा पुस्तकालय जैसी अनेक योजनाएं शामिल है। प्रदेश के जिन गांव पंचायतों में विकास में अच्छा काम किया है उन्हें सम्मानित किया है। इसके लिए पांच स्तरीय पुरस्कार की घोषणा की गयी है। प्रदेश की 370 गांव पंचायतों को चयनित किया गया है। मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में भदोही की पांच गांव को चुना गया है। सुरियावा ब्लॉक के महजूदा गांव को प्रथम पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। ग्राम पंचायत के युवा ग्रामप्रधान और पत्रकार राजमणि पांडेय ने गांव में बेहतर विकास किया है। महजूदा जनपद का पहला ऐसा गांव है जहां पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित किया गया है। ग्राम पंचायत सचिवालय, प्राथमिक विद्यालय, वाचनालय, खड़ंजा और तमाम विकास कार्यों को उन्होंने अंजाम दिया। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने राजमणि पांडेय को अच्छे विकास कार्य के लिए सम्मानित भी किया है। जिलाधिकारी ने महजूदा के विकास कार्यों को देख यह भी कहा है कि दूसरी पंचायत प्रतिनिधियों को उनसे सबक लेना चाहिए। जनपद में मुख्यमंत्री पंचायत पुरस्कार के प्रथम पुरस्कार पाने वाले पत्रकार और युवा ग्रामप्रधान राजमणि पांडेय ने कहा है कि इसके लिए हम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी को गौरांग राठी के आभारी हैं, जिन्होंने मेरे विकास की उपलब्धियों को लेकर सरकार ने यह सम्मान मुझे दिया है। यह सुरियावां और मेरे गांव महजूदा के लिए गौरव की बात हैं। इस पुरस्कार से हमारे जनपद, विकासखंड और गाँव की गरिमा और गौरव बढ़ा है। मुख्यमंत्री की तरफ से मिले इस पुरस्कार का उपयोग हम गांव पंचायत की आय बढ़ाने के लिए विकास कार्य करेंगे।

## नेशनल मैराथन में भदोही के कुलदीप को तीसरा स्थान

**सुरियावां।** जनपद भदोही के सुरियावां के ग्राम गोदमा निवासी 23 वर्षीय कुलदीप सिंह भारतीय सेना के जवान गढ़वाल राइफल लेंस डाउन में तैनात हैं। गढ़वाल राइफल की तरफ से 26 मार्च को रांची कोल इंडिया नेशनल मैराथन 42 किलोमीटर 195 मीटर में तीसरे स्थान पर रहे। कुलदीप के प्रारम्भिक प्रशिक्षक पिता राम आसरे सिंह तथा सेना में तैनाती के बाद सूबेदार एल एम साहब एशियन गोल्ड मेडलिस्ट व हवलदार विनोद साहब मैराथन की ट्रेनिंग दे रहे हैं। कुलदीप 18वी बटालियन में तैनात हैं। कुलदीप सिंह, मैराथन धाविका ज्योति सिंह के भाई है। नेशनल मैराथन में कुलदीप सिंह का तीसरा स्थान आने व भदोही उत्तर का नाम रोशन करने पर क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य आशीष सिंह, संजय श्रीवास्तव, अमर बहादुर सिंह, चंद्रेश यादव, शा. शिक्षक दिनेश सिंह, शुभम सिंह, डॉ. आजाद, राहुल, संतोष, धीरज, आदर्श आदि ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

# अपना पहला रोजा रख 9 साल के मो.हम्द फिरोज ने की दुआएं

**गजब**

**रोजा रखकर नन्हे बच्चे ने की अल्लाह की इबादत**



रोजा रख कर दुआ मांगते मो.हम्द फिरोज

**भदोही।** मुकद्दस माह-ए-रमजान की शुरूआत हो गई। हर छोटे-बड़े मुसलमान पुरुषों के साथ ही साथ मुस्लिम महिलाओं द्वारा न सिर्फ रोजा रखा जा रहा है। उनके द्वारा रोजा रखकर अल्लाह की इबादत की जा रही है। जिसमें 5 वक्त की नमाज अदा की जा रही और कुरआने पाक की तिलावत की जा रहा है। इस दौरान घरों में अपने बड़ों को रोजा रहता और इबादत करता देख बच्चे भी रोजा रखा रहे हैं। नगर के चकदीवानगान पश्चिम तरफ मोहल्ले के निवासी भदोही पत्रकार संघ के महासचिव मो.फिरोज खां के 9 वर्षीय पुत्र मो.हम्द फिरोज ने भी अपना पहला रोजा रखा। दिन भर भूखे और प्यासे रहकर मो.हम्द फिरोज ने नमाज पढ़ी और कुरआन की तिलावत की। उन्होंने मगरिब की अजान को सुनकर खजूर और पानी से रोजा खोला। इसके साथ ही बारगाहे इलाही में दोनों हाथों को फैलाकर दुआएं मांगी। पहला रोजा रखने पर घर के लोगों द्वारा मो.हम्द फिरोज को तोहफा देकर मुबारकबाद दी गई।

## लायंस क्लब ज्ञानपुर के सौजन्य से 21 लोगों ने किया रक्तदान

**ज्ञानपुर।** लायंस क्लब ज्ञानपुर के तत्वावधान में रविवार को ब्लड बैंक जिला अस्पताल ज्ञानपुर में 21 यूनिट रक्तदान संपन्न हुआ। नवरात्रि एवम रमजान के व्रत एवं रोजे के बावजूद बड़ी संख्या में युवा एवं अन्य लोग इस शिविर में उपस्थित हुए। 37 लोगों का रक्तदान हेतु रजिस्ट्रेशन हुआ दो बजे तक 21 यूनिट रक्तदान संपन्न हुआ। अध्यक्ष लॉयन आनंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष लॉयन अभय श्रीवास्तव एवं लॉयन कमल कुमार ने रक्तदान कर शिविर प्रारंभ किया। इस मौके पर लॉयन अब्दुल वाहिद, लॉयन राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, लॉयन घनश्याम दास गुप्ता, लॉयन सचिव आनंद प्रकाश तिवारी, लॉयन कमलेश गुप्ता, लॉयन अरविंद भट्टाचार्य, इरशाद खान, मनोज श्रीवास्तव एवं पवन मालवीय रक्तदानियों का लगातार उत्साहवर्धन करते रहे। प्रमुख रक्तदाता समाज सेवी शाहिद खान, रिंकू सिंह, पप्पू तिवारी, विशेष पांडेय सहित एक दर्जन से अधिक लोगो ने रक्तदान किया।

# बड़ी लकीर खींच रहा हूं : रूद्र शंकर





## मेहनत, लगन, परिश्रम से जुटे रहिये सफलता निश्चित मिलेगी

### युवा कथक नर्तक से खास मुलाकात

**राधेश्याम कमल**

**वाराणसी।** खुद को बेहतर बनने के लिए जिन बड़े कलाकारों ने बड़ी रेखाएं खींची थी उनसे आगे आने के लिए बड़ी लकीरें खींचने की कोशिश कर रहा हूं। इस आर्ट से हम ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ सकूं इसके लिए हम शुरू से ही प्रयासरत हैं। इस आर्ट परफारमेंस में हमें लगातार सफलता भी मिलती जा रही है। यह कहना है बनारस घराने के युवा कथक नर्तक रूद्र शंकर का जिन्होंने कम उम्र एवं कम समय में ही सफलता के नये आयाम स्थापित कर लिये हैं। जीवन के 25वें वसंत में पदार्पण करने वाले रूद्र शंकर बनारस के प्रख्यात कथक नर्तक पं. माता प्रसाद मिश्र के सुपुत्र हैं। पं. माता प्रसाद मिश्र-पं. रविशंकर मिश्र की कथक में बहुत ही पुरानी जोड़ी अब तक चाली आ रही है। रूद्रशंकर का पूरा परिवार ही संगीत से जुड़ा हुआ है। उनके ताऊ पं. चन्द्रशेखर मिश्र कथक में हैं। छोटा भाई उदय शंकर तबला वादन के क्षेत्र में प्रसिद्धि अर्जित कर रहे हैं। कहा कि मेरे गुरु ही मेरे आदर्श हैं। वे दूरदर्शन के ग्रेडेड कलाकार हैं। उन्हें कई पुरस्कारों से नवाजा गया है। उन्हें अभी हाल में ही उस्ताद बिस्मिल्लाह खां पुरस्कार मिला है। कहा कि मेहनत, लगन, परिश्रम से जुटे रहिये सफलता निश्चित मिलेगी। बोले- मेरा परफारमेंस कभी रूकेगा नहीं लगातार जारी रहेगा। चेतगंज के चाउर छटवां निवासी रूद्र शंकर से उनके आवास पर जनसंदेश टाइम्स ने खास मुलाकात की।

### महज ग्यारह साल की उम्र में संकटमोचन में पेश किया कथक

वे बताते हैं कि पापा का आशीर्वाद तो शुरू से ही हम पर रहा। लेकिन पांच साल की उम्र से उन्होंने हमें कथक का पूरा ज्ञान दिया। इसके बाद शीतला माता संगीत समोराह, दुर्गा मंदिर में छह वर्ष की उम्र में कथक पेश किया। महज ग्यारह वर्ष की उम्र में प्रसिद्ध संकटमोचन संगीत समारोह में परफारमेंस दिया। इसके बाद डा. राजेन्द्र प्रसाद घाट पर गंगा महोत्सव में कथक पेश किया।

### तबला सम्राट पं. किशन महराज ने दिया था 101 रु. का पुरस्कार

रूद्र शंकर बताते हैं कि जब वे बहुत छोटे थे तब प्रसिद्धतबला वादक पं. किशन महराज के कबीरचौरा स्थित आवास पर कथक पेश किया था। पं. किशन महराज ने कथक देख कर इतने खुश हुए थे कि उन्होंने 101 रुपये का पुरस्कार दिया। कहा था कि बेटा अभी बहुत छोटे हो लेकिन तुम बहुत अच्छा कर रहे हो। काफी आगे तक जाओगे। वे बताते हैं कि काशी नरेश कुंवर अनंत नारायण सिंह के महल में जब परफारमेंस किया तो उनकी महारानी ने खुश होकर मुझे सम्मानित किया।

### मेरे प्रथम गुरु पिता माता प्रसाद थे और बाद में पं. रविशंकर रहे

रूद्र शंकर बताते हैं कि कथक की प्रारम्भिक शिक्षा हमने अपने पिता व गुरु प्रख्यात कथक नर्तक पं. माता प्रसाद मिश्र से ली। इसके प्रसिद्ध कथक नर्तक व चाचा पं. रविशंकर मिश्र के सानिध्य में आकर कथक की बारीकियों को सीखा। हम लोग आचार्य पं. सुखदेव महराज की शिष्य परम्परा के अन्तर्गत आते हैं। वे बताते हैं कि कथक की शुरूआत उन्होंने महज डेढ़ साल की उम्र में स्वीटजरलैंड से की। उन दिनों पापा स्वीटजरलैंड में कथक करने के लिए गये थे। इस समारोह में हम भी साथ में बैठे थे। बाद में बैठे-बैठे हम भी कथक करने लगे। इस पर वहां बैठे हजारों दर्शकों ने तालियां बजा कर मेरा उत्साहवर्धन किया। यही से मेरा परफारमेंस शुरू हो गया।

**दर्शकों ने दी बाल नटराज की उपाधि :** रूद्र शंकर बताते हैं कि बचपन से ही वे शिव पर आधारित डांस ज्यादा करते हैं। यही वजह है कि दर्शकों ने मुझे बाल नटराज की उपाधि दी। ग्यारह वर्ष की उम्र में जब वे फिर स्वीटजरलैंड गये थे तो वहां पर वर्क-ए- कुंड म्यूजियम में सात दिनों तक परफारमेंस दिया था। जापान में भी वे जब पापा के साथ गये तो वहां टोकियो, क्योटो व फरेडो में कई परफारमेंस दिये। जापान में एक माह का कार्यक्रम था। जापान में संगीत फेस्टिवल में दो दिन रात भर प्रोग्राम चलता है।

**पं. बिरजू महराज, दुर्गा लाल व गोपी कृष्ण का है असर :** वे बताते हैं कि उनके कथक पर तीन गुरुओं का असर है। इनमें पं. बिरजू महराज, दुर्गा लाल व गोपी कृष्ण हैं। हम कथक में नार्थ और साउथ दोनों को लेकर परफारमेंस करते हैं। वे अब तक ताज महोत्सव, गोपीकृष्ण फेस्टिवल, अवध महोत्सव, महाकथक उत्सव, उदय शंकर डांस फेस्टिवल समेत न जाने कितने ही महोत्सवों में भाग ले चुके हैं। रूद्र शंकर कथक के दौरान जब हवाई चक्कर लगाते हैं तो दर्शक दांतों तले अंगुली दबा लेते हैं। इसके अलावा वह घोड़े की चाल, ट्रेन की गति आदि कई परफारमेंस करते हैं।

# ढोल-नगाड़े के बीच भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत

**अभिनंदन**

### मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी देने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार : दिलीप सिंह पटेल

**वाराणसी।** भाजपा के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल का रविवार को रोहनिया स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचने पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़े के बीच गुलाब की पंखुड़ियां बरसाकर एवं माल्यार्पण कर अभूतपूर्व स्वागत किया। इस दौरान नवनियुक्त प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष कपूर एवं प्रदेश मंत्री मीना चौबे का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल ने कहा कि मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को क्षेत्रीय अध्यक्ष पद की जो जिम्मेदारी सौपी है, उसके लिए शीर्ष नेतृत्व के प्रति मैं आभार प्रकट करता हूं। शीर्ष नेतृत्व ने मुझ पर जो विश्वास जताया है। उस पर मैं खरा उतरने का पुरा प्रयास करुंगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सुशासन वाली सरकार कार्य कर रही है। कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जहां कार्यकर्ता ही सबसे महत्वपूर्ण होता है।

आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को पहले की अपेक्षा अधिक सीटें जिताने का लक्ष्य लेकर हम सब साथ मिलकर कार्य करेंगे। इस दौरान प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा, निवर्तमान क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, निवर्तमान महापौर मृदुला जायसवाल, पूर्व विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह, सुशील त्रिपाठी, संतोष पटेल, अमरनाथ यादव, अशोक तिवारी आदि थे।

# राहुल-अडानी मुद्दे पर कांग्रेस का सत्याग्रह

**लगाए आरोप**

### राहुल की संसद की सदस्यता खत्म किये जाने व अडानी मामले में सरकार की चुप्पी को लेकर कांग्रेसजनों ने टाउनहॉल व मैदागिन पर दिया धरना

**जनसंदेश न्यूज**



राहुल गांधी और अडानी मुद्दे को लेकर कांग्रेसजनों ने रविवार को टाउनहॉल और मैदागिन पर संकल्प सत्याग्रह का आयोजन किया

**वाराणसी।** कांग्रेसजनों ने केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर रविवार को सरकार पर लोकतंत्र की हत्या की साजिश का आरोप लगाते हुए टाउनहॉल और मैदागिन पर संकल्प सत्याग्रह किया। उन्होंने अडानी प्रकरण सरकार की चुप्पी पर नाराजगी जतायी। साथ ही प्रकरण को लेकर लगातार बोल रहे राहुल गांधी का समर्थन किया। उन्होंने अडानी मामले में जेपीसी गठन करने की मांग करते हुए संवैधानिक ढांचे को बचाने के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की।

टाउनहॉल स्थित गांधी प्रतिमा के सामने कांग्रेसजनों के कार्यक्रम की अध्यक्षता सतीश चौबे ने की। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर अपशब्द बोलने वाले लोग संसद में माननीय बने बैठे हैं और दूसरी ओर, जनहित का सवाल उठाने वाले राहुल की सदस्यता रद्द की जा रही है। सबसे बड़ी बेरोजगारी व आर्थिक मंदी के दौरान देश में उभरे उद्योगपति अडानी 20 हजार करोड़ रुपये तक की रकम का लेन-देन शेल कंपनियों से कराते हैं।

वक्ताओं ने कहा कि वैश्विक मंच पर सर्वाधिक कमाई करने वाले व्यापारी के रूप में अडानी का उभरना हैरजअंगेज है। मुद्दे को लेकर कांग्रेसजन संसद से लेकर सड़क तक संघर्ष करेंगे। धरने में पूर्व सांसद डॉ. राजेश मिश्र, प्रजानाथ शर्मा, सरिता पटेल, राहुल राजभर, डॉ. अनिल उपाध्याय, सीताराम केशरी, दुर्गा प्रसाद गुप्त, शाहिद जमाल, संजीव सिंह आदि रहे।

दूसरी ओर, मैदागिन में पूर्व पीएम स्व. राजीव गांधी की मूर्ति के निकट एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने मुंह पर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। प्रदेश उपाध्यक्ष रंजीत तिवारी और जिलाध्यक्ष ऋषभ पांडेय ने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ जैसा व्यवहार कर रही है वह अलोकतांत्रिक है। सरकार अडानी मुद्दे पर बात करने से डर रही है। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रफुल्ल पांडेय, प्रदेश महासचिव अभिषेक गिरी तथा शिवम चौबे, प्रदेश सचिव नीरज पांडेय आदि थे।

# राष्ट्रीय बालिका हैंडबाल में बनारस की रेशमा ने नाम रौशन किया



**हरहुआ।** स्थानीय विकास क्षेत्र परमानंदपुर शिवपुर स्थित विकास इंटर कालेज की छात्रा राष्ट्रीय बालिका हैंडबाल में बनारस की रेशमा ने नाम रौशन किया। वाराणसी बरेली में कल खत्म हुई राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबाल चैम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम को कांस्य पदक मिला। इस टीम में परमानंदपुर शिवपुर स्थित विकास इंटर कालेज की छात्रा रेशमा यादव भी शामिल थी। कालेज के प्रधानाचार्य डा. एके सिंह ने बताया कि रेशमा क्लास 12 की छात्रा है। मेरा विद्यालय परिवार रेशमा के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। ऐसे ही खेल में निरंतर अपना और अपने विद्यालय का नाम रौशन करती रहे।

# एपेक्स में स्वचालित रोबोटिक जोड़ प्रत्यारोपण

**वाराणसी।** एपेक्स सुपर स्पैशलिटी हॉस्पिटल में परमहंस स्वामी अड़गड़ानन्द जी महाराज की कृपा एवं आशीर्वाद से एवं उनके परम शिष्य वरिष्ठ संत नारद महाराज के कर कमलों द्वारा विश्व की एकमात्र पूर्णतया स्वचालित एक्टिव रोबोटिक सिस्टम का शुभारंभ करते हुए एपेक्स अब मध्य भारत का नं एक उत्कृष्ट ओथोर्पेडिक सेंटर वन गया है। चंदौली निवासी 56 वर्षीय एवं मिजीपुर निवासी 63 वर्षीय महिलाओं का सफल जोड़ प्रत्यारोपण सम्पन्न हुआ।



एपेक्स के चेयरमैन वरिष्ठ ओथोर्पेडिक सर्जन डॉ एसके सिंह एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन डॉ स्वरूप पटेल द्वारा सम्पन्न किए गए जोड प्रत्यारोपण के उपरांत बताया गया कि रोबोटिक जोड़ प्रत्यारोपण के दौरान आर्टिफिश्यल इंटेलिजेंस द्वारा मरीज की ओटी में ली गई रियल टाइम 3डी सीटी इमेज फीवर और टीवीय के एक्सिस का मिलाते हुए इंप्लांट का सटीक प्रतिस्थापन होने से स्वस्थ्य मासपेशियां पूरी तरह सुरक्षित रहीं।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात



नीचीबाग स्थित भाजपा कार्यालय पर पीएम के मन की बात सुनते पार्टी पदाधिकारी

**वाराणसी।** भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने रविवार को नीचीबाग स्थित पार्टी कार्यालय के अलावा जगह-जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी और आत्मसात करने का संकल्प लिया। पीएम मोदी ने काशी-तमिल संगमम, नारी शक्ति, एनडीआरएफ टीम आदि की चर्चा की। पीएम ने देश की सबसे कम उम्र 39 दिन की बच्ची अबाबत कौर का जिक्र करते हुए कहा कि इस छोटी सी बच्ची ने अंगदान कर दुनिया के सामने मिसाल पेश की। पीएम ने आगामी त्योहारों श्रीराम नवमी, महावीर जयंती, इस्टर, गुड फ्राइडे, रमजान की चर्चा करते हुए देश वासियों को बधाई दी। पीएम के मन की बात सुनने वालों में नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. नीलकंठ तिवारी, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, जगदीश त्रिपाठी, नवीन कपूर, मीडिया प्रभारी किशोर कुमार सेठ आदि शामिल थे। रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार, पार्टी कार्यकर्ताओं ने टेंगरा मोड स्थित एक पैलेस और समस्त बूथ व सेक्टर पर पीएम के मन की बात सुनी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, विवेकानंद सिंह, वीरेंद्र सिंह, नंदलाल चौहान, डॉ. अनुपम गुप्ता, अशोक जायसवाल, सर्वेंद्र विक्रम सिंह, सुरेंद्र श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, कन्हैया लाल श्रीवास्तव, विशाल आनंद आदि उपस्थित थे।

# पीएम मोदी व सीएम योगी ने बढ़ाया पिछड़ों का मान : लक्ष्मण



**वाराणसी।** भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय रोहनिया में रविवार को आयोजित पिछड़ा वर्ग मोर्चा के क्षेत्रीय कार्यसमिति की बैठक को मुख्य अतिथि पद से संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण ने कहा कि पीएम मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में पिछड़ों का सम्मान बढ़ा है। पूर्ववर्ती सरकारों ने पिछड़ों को सिर्फ ठगने का काम किया, उनका भला नहीं किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी व सीएम योगी की सरकार सुशासन की सरकार है। आज पूरे विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। यह सब पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व के कारण ही संभव हो पाया है। मुख्य वक्ता परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि मोदीजी की सरकार में 27 पिछड़ा वर्ग समाज के सांसदों को मंत्रिमंडल में शामिल कर अंत्योदय को परिभाषित किया गया। पहली बार पीएम मोदी के नेतृत्व में नीट में 27 प्रतिशत आरक्षण पिछड़ों को मिला। प्रदेश सरकार में पिछड़े वर्ग के 22 विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। बैठक को क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्वनी कुमार सिंह पटेल ने कहा कि छह 14 अप्रैल तक गांव-गांव, घर-घर चलो अभियान के तहत मोदी व योगी की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया जाएगा। संचालन विनय मौर्य व विकास पटेल ने किया। रोहनिया प्रतिनिधि के अनुसार, भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पर रविवार को मीडिया से बात करते हुए भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछड़ा वर्ग का मान-सम्मान बढ़ाया है।

# कैरम ने दुनिया के 32 देशों में बनाई पैठ : जोसेफ

**वाराणसी।** ऑल इंडिया कैरम फेडरेशन की तरफ से आयोजित 27वें फेडरेशन कप कैरम प्रतियोगिता का रंगारंग उद्घाटन रविवार को बड़ालालपुर स्थित जीवनदीप शिक्षण संस्थान परिसर में हुआ। मुख्य अतिथि फेडरेशन के अध्यक्ष जोसेफ मेयर ने कहा कि कैरम एक ऐसा खेल है, जिसमें कलात्मकता और ज्योमैट्रिकल एक्सरसाइज भी है। आज दुनिया के करीब 32 देशों में यह खेल अपनी पैठ बना चुका है। उन्होंने कहा कि करीब दो माह पूर्व वर्ल्ड कप कैरम प्रतियोगिता मलेशिया में हुआ, जिसमें भारतीय टीम का झंडा सबसे ऊपर बुलंद हुआ था। उद्घाटन समारोह के बाद शुरू हुई प्रतियोगिता में कई खिलाड़ियों ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। फेडरेशन के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट डॉ. अशोक सिंह ने कहा कि मनुष्य के व्यक्तित्व विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। खासकर कैरम जैसे खेल में, जो कम संसाधनों में भी घर के अंदर खेला जा सकता है। संचालन बैजनाथ सिंह ने किया। समारोह में बीडी नारायण, भारती नारायण, एके सिंह, आनंद राय, विजय शंकर पांडे, रमेश वर्मा, रणवीर सिंह, महेश सेखरी, एनके जायसवाल, काशीराम राणा, असली चक्रवात, संदीप यादव, रवि आर्या, अभिषेक विश्वकर्मा आदि थे।



# कर्णभारम् में जीवंत हुआ कर्ण का शौर्य

**मंचन**

### कर्ण के जीवन पर आधारित था नाटक

### ज्ञान प्रवाह व उ.प्र. संस्कृत संस्थान की ओर से मंचन



**वाराणसी।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर ज्ञान प्रवाह व उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर से संस्कृत नाटक कर्णभारम् का जीवंत मंचन दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नागरी नाटक मंडली के मंच के सामने मौजूद दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। महाभारत के विशिष्ट नायक दानवीर कर्ण के जीवन पर आधारित महाकवि भास रचित इस संस्कृत नाटक में अंगराज कर्ण का शौर्य, दानवीरता व वचनबद्धता का उदात्त चित्रण कलाकारों ने प्रस्तुत किया। महाभारत के पात्रों में सूर्य पुत्र कर्ण अभेद्य कवच कुंडल के साथ जन्म लेते हैं।

मानवीय गुणों से अलंकृत होने पर भी जीवन पर्यन्त संघर्षों से जूझते हैं। उनके रहते महाभारत युद्ध को जीतना असंभव था। अंततः भगवान श्रीकृष्ण ने ब्राह्मण वेशधारी इन्द्र को कर्ण के पास भेज कर उसके अभेद्य कवच कुंडल को दान में प्राप्त कर लेते हैं। इन्द्र ने छद्मवेश में कवच कुंडल ग्रहण करने के प्रायश्चित स्वरूप कर्ण को पांडवों में से किसी एक को मारने के लिए अमोघ शक्ति प्रदान करने का प्रस्ताव देवदूत के माध्यम से भेजा जिसे देवदूत के आग्रह पर कर्ण ने स्वीकार तो किया किंतु युद्ध में उसका उपयोग नहीं किया। कर्णभारम् की इस प्रस्तुति के नाट्य लेख की संयोजना कर्ण की वीरगति के साथ समाप्त होती है। नाटक में यद्यपि सभी पात्रों ने अपनी भूमिका के न्याय किया किंतु शांतनु पांडेय (कर्ण), कुंती की भूमिका में डा. शिल्पा सिंह व डा. दिव्या श्रीवास्तव, मोहन दुबे (परशुराम), नीतिश दुबे (इन्द्र) की भूमिका में अपना विशिष्ट प्रभाव छोड़ा। प्रो. युगल किशोर मिश्र, प्रो. चन्द्रकांता राय के नाट्य निर्देशन तथा डा. दिव्या श्रीवास्तव की परिकल्पना व दृश्य संयोजन ने अपूर्व छाप छोड़ी। प्रकाश व्यवस्था राजेन्द्र अवस्थी का रहा। अन्य कलाकारों में मोहित शर्मा, वंशित शर्मा, विजय शर्मा, प्रकाश कुमार, शिवांगद शर्मा, श्यामजी, कु. दीपाली अग्रहरि, रोहित शर्मा, अभिजीत, राघव गोरका आदि रहे।

# टीएफसी में कथक नृत्य की प्रस्तुति हुई साकार



**वाराणसी।** दीनदयाल हस्तकला संकुल में वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार एवं सुबह- ए- बनारस के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को आयोजित सांस्कृतिक संध्या में कथक नृत्य की प्रस्तुति साकार हुई। नासिक से पधारे लखनऊ घराना से डॉ सुमुखी अनुरुद्ध एवं उनके ग्रुप के कथक नृत्य से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कथक नृत्य की प्रस्तुति का आरम्भ स्वरबद्ध गणेश वन्दना पर नृत्य से हुआ। इसके उपरांत द्वितीय प्रस्तुति शिव वन्दना से नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों भावविभोर किया। कथक नृत्य में अक्षय शहाणे,पंकज ठाकरे, हरविषा तांम्बट,श्रावणी मूंगी, ऋतुजा चंद्राते ने संगत की। इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ संग्रहालय अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव एवं डीआईजी (सीआरपीएफ) अनिल चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम की परिकल्पना एवं संयोजन डॉ रत्नेश वर्मा का रहा। संचालन ललिता शर्मा ने किया।